सुप्रभात
रांची, शनिवार
02.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 229



12 सारा अली ने किलर लुक में मचाया धमाल

## न्यूज डायरी

### सीएम आज गढ़वा को देंगे कई सौगात

रांची। मुख्यमंत्री चंपइ सोरेन तीन मार्च को गढ़वा में 93 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड, पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल एवं फुटबॉल स्टेडियम शामिल हैं। गढ़वा के कल्याणपुर में नया समाहरणालय भवन का निर्माण 60 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

### गुमला में सड़क हादसा दो छात्रों की मौत

गुमला। पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली के समीप रात तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े बोलेरो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक चालक अंकित उरांव (18) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पीछे बैठे प्रियांशु कुमार (17) गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रियांशु कुमार को रिम्स रेफर किया, पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### छवि रंजन की जमानत पर आदेश सुरक्षित

रांची। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

### अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज

रांची। बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका शुक्रवार को हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### एक और विधायक ने राजद का साथ छोड़ा

पटना। बिहार में राजद के भभुआ विधायक भरत बिंद ने भी पाला बदल लिया है। शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान वह सत्ता पक्ष के पास जाकर बैठ गये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## धनबाद के विजय संकल्प सभा में मोदी ने भरी हुंकार, एक और गारंटी

# जिसने भी पैसा लूटा है उसे ही लौटाना होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

धनबाद। सिंदरी उर्वरक फैक्ट्री का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने धनबाद के बरवाअड्डा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिसने भी आपका पैसा लूटा है, उसे जेल जाना पड़ेगा और लूट का पैसा भी लौटाना होगा, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में तेजी से विकास के लिए जरूरी है कि यहां पर ईमानदार सरकार हो, कानून व्यवस्था व्यवस्थित हो। पर जब से यहां कांग्रेस और झामुमो की परिवारवादी भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण वाली सरकार बनी है तब से स्थितियां बहुत खराब हुई हैं। झामुमो का मतलब तो जमकर के खाओ है। झारखंड में रंगदारी बढ़ती जा रही है। तुष्टीकरण के चलते घुसपैठ बढ़ता जा रहा है।

**अबकी बार 400 पार**

पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश में नारा लग रहा है कि अब की बार 400 पार। यह नारा इसलिए लग रहा है क्योंकि पूरे देश को यह पता है कि जो देश के लिए गारंटी की बात कह रहा है, वह बात पूरी हो रही है, क्योंकि मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। इसीलिए नारा लगा रहा है कि अबकी बार 400 पार। मोदी ने कहा कि आप लोगों का स्नेह देखकर के मुझे आपका जो तप कर रहे हैं वह मेरे लिए काम करने की प्रेरणा है और मैं इसे बेकार नहीं जाने दूंगा। मेरा संकल्प है कि मैं ब्याज समेत आपकी तपस्या को वापस करूंगा और यह मैं आपको गारंटी दे रहा हूं। भाजपा का मतलब और भाजपा का मकसद है विकास और तेज विकास। यही कारण है कि देश कह रहा है जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है वहां से मोदी की गारंटी शुरू हो जाती है। पीएम ने कहा कि देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आगामी 2047 तक विकसित भारत बन जाएगा। (शेष 11 पर)



### भाजपा का मतलब भरपूर जीयो पूंजीपतियों : झामुमो

रांची। झामुमो ने पीएम मोदी और भाजपा पर पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम ने धनबाद की धरती पर खड़े होकर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं। पीएम मोदी का धनबाद में केवल आगमन ही नहीं हुआ, वरन राजनीतिक प्रवचन भी हुआ। हम सब जानते हैं कि भाजपा का मतलब भरपूर जीयो पूंजीपतियों है।

**मधु चाट कर जीत नहीं सकते**

झामुमो नेता ने कहा, पीएम जितनी भी गांरटी दे रहे हैं, एक गारंटी झारखंड से भी लें, अगामी लोकसभा में जिस मधु को चाट कर आप चुनाव जीतने का सपना देख रहे हैं वो काम नहीं आयेगा। जनता अपने वोट का कोड़ा भाजपा पर बरसायेगी। उन्होंने कहा कि पीएम अदिवासियों और कानून की बात करते हैं, पर मणिपुर के मुद्दे पर कुछ नहीं बोलते। शुक्रवार को पीएम ने जिस जगह पर खड़े होकर बात की, वो झारखंड की मिट्टी है, और झारखंड आप जैसे महाजनी सोच के खिलाफ कई बार खडा हुआ है। उसे परास्त किया है। झामुमो ने कहा, जिस तरह छल-प्रपंच से झारखंड की आवाज को जेल में बंद रखा है, उसकी कीमत चुकानी होगी। आपके कान में एक ही आवाज आती होगी, मैं हेमंत हूं, झारखंड झुकेगा नहीं।



### हर्ल मोदी की गारंटी थी, जो पूरी हो गयी : पीएम

धनबाद। पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां हर्ल सिदंरी फर्टिलाइजर कारखाना का उदघाटन करते हुए कहा, ये मोदी की गारंटी थी, जिसे आज मैंने पूरा कर दिया। उन्होंने कहा 2018 में बंद पड़े इस फैक्ट्री का जब मैं इसका शिलान्यास किया था तो मैंने यह सोचा था कि इसे चालू करेंगे और यह मेरी गारंटी थी। मैं आप लोगों से पूछता हूं कि क्या आप लोगों ने कभी यह सोचा था कि यह फैक्ट्री कभी चालू होगी। आप सभी लोगों ने मान लिया था कि ताला लग गया, लेकिन मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि यह मोदी है जिसकी गारंटी में दम है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को धनबाद में 35 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इनमें हर्ल सिदंरी, मोहनपुर हंसडीहा नयी रेललाइन, देवघर-डिब्रुगढ़ ट्रेन, टोरी शिवपुर बिरादरी रेल लाइन और एनटीपीसी एसएसटीपी चतरा समेत अन्य योजनाएं शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने नयी ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुछ दिन पहले ही अमृत भारत योजना के तहत झारखंड के 27 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरू हुआ है। एक साथ 27 रेलवे स्टेशन पर काम शुरू हुआ है। 100 सालों में इतना काम नहीं हुआ होगा। इस खाद कारखाना से पूर्वी भारत के किसानों को बहुत लाभ होगा। बाद में मोदी ने हर्ल के सीसीआर का निरीक्षण करने के बाद प्लांट में काम करने वाले 47 मजदूरों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की।

### मोदी ने कहा, मैंने इतना नोट पहली बार टीवी पर ही देखा

जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस नेताओं का एक ही काम रह गया है अपनी तिजोरियां भरने का। जनता को लूटकर अपनी तिजोरी भरो। पीएम ने कि आप देख रहे हैं कि किस तरीके से यहां से नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। पहली बार टीवी पर देखा इस तरीके से नोटों की गड्डियां निकल रही हैं। क्या झारखंड कमाल कर रहा है, पहली बार मैंने नोटों के ढेर देखे हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह आपका पैसा है। गरीब आदिवासियों का पैसा है, आपके भविष्य के और बच्चों के भविष्य का पैसा है, जिसे लूट लिया गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या ऐसे लोगों के माफ करोगे। जब जांच होती है तो लोग तरह-तरह के बहाने बताते हैं। लोग जांच से भाग रहे हैं क्योंकि लोग अपने कारनामे जानते हैं। ये दोनों दल विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कर्णपुरा का बिजली कारखाना इसका शिलान्यास पिछली सदी के अंत में अटल बिहारी वाजपेई करके गए थे, लेकिन फिर कांग्रेस की घोटालेबाज सरकार आयी और इस प्रोजेक्ट पर ताला लगा दिया। 2014 में मोदी ने इस प्रोजेक्ट को फिर से जिंदा करने का गारंटी दी थी। आज बिजली कारखाने से करोड़ों घर रोशन होंगे और यह मोदी की गारंटी है।

## चुनाव टीएमसी के अंत की शुरुआत : पीएम

एजेंसी

हुगली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पीएम मोदी ने शुक्रवार को संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव टीएमसी सरकार के अंत की शुरूआत का प्रतीक होगा। आरामबाग में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरूआत करते हुए पीएम ने संदेशखाली में महिलाओं की दुर्दशा पर चुप्पी के लिए इंडिया समूह की आलोचना की। उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार को महिला विरोधी और जन विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक अपराधी और टीएमसी नेता शेख शाहजहां को बचाने का सभी प्रयास किया, जिसने सनदेशखाली में आतंक का राज कायम किया। संदेशखली पर इंडी गठबंधन के नेता गांधीजी के तीन बंदरों की तरह आंख, कान और मुंह बंद किये रहे।



राजभवन में मोदी और ममता ने की बात।

**संदेशखली घटना शर्म की बात:** पीएम ने कहा कि संदेशखाली की घटनाएं शर्म की बात है, करीब दो महीने तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। 'संदेशखाली की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। उन्होंने मतदाताओं से हर चोट का जवाब वोट से देने की अपील की। टीएमसी लोकसभा चुनाव में हारेगी। मोदी ने कहा कि इससे बंगाल की सत्ता से विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो जायेगी। मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली टीएमसी ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया है उसे देखकर पूरा देश दुखी और आक्रोशित है। टीएमसी के नेता ने संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी हैं। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी, तो बदले में बंगाल सरकार ने टीएमसी नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी।

### चुनाव-पर्व में जागरुकता अभियान

रांची। जिला प्रशासन और चुनाव आयोग की ओर से शुक्रवार को राजधानी में इलेक्शन फेस्ट का आयोजन किया गया। स्वीप के तहत दो दिवसीय चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मताधिकार के बारे में बताया जा रहा है और मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

शहरी क्षेत्र में मतदान के चिंताजनक आंकड़े को देखते हुए मतदाताओं को वोट का महत्व बताया जा रहा है और मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलो और कॉलेजों के बच्चे चित्रकारी कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

### एक मई को रेलकर्मियों की हड़ताल

नयी दिली। रेलवे के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने की मांग कर रहे हैं। अपनी मांग पर दवाब डालने के लिए रेल कर्मचारियों ने 1 मई से देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया ह। इससे भारतीय ट्रेनों के पहिए थमने का खतरा है। इसके लिए रेलवे एम्पलॉइज और वर्कर्स के विभिन्न संगठन जॉइंट फोरम फोर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले एक साथ आये हैं। फोरम ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो वे 1 मई से देश भर में रेलवे का परिचालन ठप कर देंगे। संयुक्त फोरम ने आरोप लगाया गया है कि सरकार नयी पेंशन योजना की जगह पर पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने की रेलवे कर्मचारियों की मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में उनके पास हड़ताल के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया है।

## सिंदरी खाद कारखाना रोजगार के द्वार खोलेगा

### आशा है पीएम झारखंड को पूरी मदद देंगे : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

धनबाद। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने हर्ल कारखाना उद्घाटन समारोह में कहा कि झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। सिंदरी खाद कारखाना का फिर से चालू होना इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव लायेगा। विकास का नया दरवाजा खुलेगा। किसान जब आधुनिक तकनीक और पद्धतियों से कृषि करेंगे तो उपज बढ़ेगी। खाद्यान्न उत्पादन जब बढ़ेगा तो इसका सीधा फायदा किसानों को होगा। उनकी आय बढ़ेगी और वे सशक्त होंगे। सीएम श्री सोरेन ने धरती आबा की पावन भूमि और कोयला नगरी धनबाद में पीएम का अभिनंदन और जोहार किया। उन्होंने कहा की झारखंड को आगे बढ़ाना है। इस राज्य को हमें संवारना है। मुझे पीएम से पूरी उम्मीद है कि वे झारखंड को आगे बढ़ाने में इस राज्य को पूरा सहयोग करेंगे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड कारखाना (हर्ल) राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर राज्यपाल, सीएम, केंद्रीय मंत्री समेत कई लोग मौजूद थे। (शेष 11 पर)



**हर खेत को पानी मिले**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि हर खेत में सालों भर पानी रहे, ताकि किसान बेहतर तरीके से खेती कर सके। इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष रूप से काम हो रहा है। किसानों को आधुनिक तकनीक से कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित किया जा रहा है । किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं । ऐसे में जब खेतों में उपज बढ़ेगा तो खाद्यान्न को लेकर हम और आत्मनिर्भर बनेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत कई वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।




# जांच करवाकर दोषियों पर करेंगे कार्रवाई : बिरूआ

## 11 बैंकों से 91.80 करोड़ निकाल कर बैंक ऑफ महाराष्ट्र में जमा कर दिये, सरकार को सालाना 4.50 करोड़ नुकसान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने सदन में आदिवासी सहकारी विकास निगम के विभिन्न बैंकों में जमा पैसों को निकाल कर बैंक ऑफ महाराष्ट्र में जमा करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि विभिन्न बैंकों के 11 शाखाओं में निगम के 91.80 करोड़ रुपए के फिक्स्ड डिपॉजिट रखे गये थे। सितंबर 2022 में यह राशि निकाल कर रांची स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ब्रांच के बचत खाता में जमा कर दिया गया। इस फिक्स्ड डिपॉजिट से सालाना 7 फीसदी यानी करीब 6.60 करोड़ रुपये मिलते थे। जबकि अभी सिर्फ 3 प्रतिशत के दर से ब्याज मिल रहा है। इससे प्रति वर्ष 4.50 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इसपर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए राशि बैंक से ट्रांसफर की गई है। बिनोद सिंह ने सरकार से पूछा कि सरकार ने जो राशि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में रखी है, वह तो खर्च ही नहीं हो रही है। अकाउंट में अभी भी राशि पड़ी हुई है। तो फिर राशि को दूसरे बैंक में ट्रांसफर कर राजस्व को नुकसान क्यों पहुंचाया गया। इसपर दीपक बिरुआ ने आश्वासन दिया कि वे मामले की जांच करवा लेते हैं। गड़बड़ी पाई गई तो दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

**पंचायत स्तर पर होगी जन सुनवाई**

विधायक अंबा प्रसाद ने सदन में हजारीबाग के बड़कागांव अंचल के गोंदलपुरा के रैयतों का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि भू.अर्जन के बदले पुनर्वास के लिए गोंदलपुरा में जन सुनवाई न करके वहां से 25 किलोमीटर दूर बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में किया गया। इससे रैयतों में काफी आक्रोश है। इसपर मंत्री रामेश्वर उरांव ने आश्वासन दिया कि अब पंचायत स्तर पर ही जनसुनवाई होगी।

**तीन महीने में जांच करवाने का आश्वासन**

विधायक लोबिन हेंब्रम ने सदन में पाकुड़ जिला के हिरणपुर अंचल के एक आदिवासी खतियानी रैयत की जमीन दूसरे के नाम किये जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि डीसी ने गड़बड़ी की है। डीड में जो प्लॉट दर्शाया गया है, वह जमाबंदी में है ही नहीं। इसपर विभाग की ओर मिले जवाब से विधायक ने नाराजगी जताई और कहा कि सदन को गुमराह किया जा रहा है। इसकी जांच कराई जाये। इसपर मंत्री रामेश्वर उरांव ने 3 महीने में जांच करवाने का आश्वासन दिया।



## सरकारी विभाग को खंडहर बना कर रख दिया था : विक्सल कोंगाड़ी

**रांची।** कटौती प्रस्ताव के विरोध में कांग्रेस विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि पुरानी भाजपा की सरकार ने सरकारी विभागों को खंडहर बना कर रख दिया था। राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद व्यवस्था ठीक करने का काम शुरू हुआ। कई ऐसी योजनाएं हमारे पूर्व सीएम ने लाया। इसका लाभ जनता को मिल रहा है। पुरानी सरकार ने सीएनटी-एसपीटी कानून को खत्म करके जमीन लुटवाने का प्रयास किया। लैंड बैंक के जरिये जमीन लुटी गयी। भाजपा महिला, आदिवासी-दलित विरोधी है।

**गौवंश व्यापारियों को सुरक्षा दे सरकार : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि इस प्रदेश में पशु और गौवंश का व्यापार बहुत बड़ा है। लेकिन, बजरंग दल के लोग इस व्यापार को बर्बाद करने पर तुले हैं। सरकार गौवंश व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि रघुवर जी के समय 600 करोड़ का ट्रांसमिशन घोटाला हुआ था। इसका क्या हुआ। वर्तमान सरकार इसकी जांच कराये। गरीबों को 125 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा अच्छी पहल है। इसका लाभ गरीबों को मिलेगा।

**साजिश के तहत जेल भेजे गए हेमंत : बैजनाथ राम**

झामुमो विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की सरकार बहुत अच्छा काम कर रही थी। झारखंडी मानस खुश थे। यह बात भाजपा वालों को हजम नहीं हुई। पहले सरकार गिराने का प्रयास हुआ। जब इसमें ये सफल नहीं हुये तो जांच एजेंसियों के द्वारा हमारे पूर्व मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया गया।

### ब्लैकलिस्टेड एजेंसी को क्यों दी गयी परीक्षा की जिम्मेवारी : अमित

**रांची।** भाजपा विधायक अमित कुमार मंडल ने कहा कि मैं झारखंडी हूं। झारखंड में क्या हो रहा है, इससे मुझे मतलब है। श्री मंडल शुक्रवार को सदन में कटौती प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में युवाओं के साथ छल हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि बिहार में ब्लैक लिस्टेड ऐजिसयों को झारखंड में परीक्षा लेने की जिम्मेवारी क्यों दी गई। शक यहीं से शुरू होता है। क्या जेपीएससी, जेएसएससी के अफसरों नेक्रॉस चेक नहीं किया था। अगर नहीं तो भी अपराध है। अगर किया और उसके बाद काम दिया गया तो भी अपराध है।

### उठाया शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाने का मामला

माले विधायक विनोद सिंह ने सूचना के तहत सदन में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाने का मसला उठाया। उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में नगर निगम और प्रशासन की अनुमति से भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की तैयारी शुरू की गयी। लेकिन, बाद में सीओ ने उसे वहां लगने नहीं दिया। अब प्रतिमा थाने के हाजत में रखा है। एक शहीद की प्रतिमा हाजत में रखना उचित नहीं है। इसलिए सरकार रांची डीसी को इसे कहीं और लगाने का निर्देश दें।

## आलमगीर ने भाजपा को लताड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने भाजपा को जमकर लताड़ा। द्वितीय पाली में श्री आलम सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सरकार में तीनों दल झामुमो, कांग्रेस और राजद ने 2019 के चुनाव में जो भी वादे किये थे। उसे करीब-करीब पूरा कर दिया है। हमने 1932 खतियान आधारित स्थानीय.नियोजन नीति बनायी। लेकिन, भाजपा के लोगों ने कानूनी पेंच में फंसा दिया। इन्होंने ओबीसी का आरक्षण 27 से 14 कर दिया। हमने ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया। मगर राज्यपाल ने वापस कर दिया। हमने सरना धर्म कोड दिया। लेकिन, केंद्र सरकार इसे लागू नहीं कर रही है। जब भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होती है, कानूनी पेंच में फंसाने का प्रयास होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पीएम आवास नहीं दिया। हम चिन्हित कर साढ़े आठ लाख लोगों को अबुआ आवास देने जा रहे हैं। इतना ही नहीं इसकी संख्या 20 लाख तक होगी। उन्होंने कहा कि गांव और ग्रामीण क्षेत्र का विकास किये बिना विकसित झारखंड के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है। इसलिए इस सरकार ने अपना फोकस ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किया और सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया। 2019 तक केवल 6 लाख लोगों को पेंशन मिलता था।आज इसकी संख्या 20 लाख हो गई है। उम्र सीमा घटाने के बाद इसकी सीमा और भी बढ़ सकती है। हमने ग्रामीणों को सशक्त करने के लिये सावित्री फुले बाई, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, ग्राम गाड़ी योजना, सोना.सोबरन धोती साड़ी योजना, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना, गुरू स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मरांग गोमके छात्रवृति योजना, पशुधन योजना, किसान लोन माफी योजना सहित कई ऐसी योजनाएं शुरू की हैं। इसके पहले बजट पर चर्चा में भाग लेते हुये भाजपा के जेपी पटेल ने कहा कि टाना भगत और गरीब व मध्यम वर्ग को 200 यूनिट तक फ्री बिजली दी जायेगी। मगर फ्री बिजली का लाभ तभी मिल पायेगा, जब बिजली मिलेगी। गांव में कितने घंटे बिजली मिलती है, सभी जानते हैं। अबुआ आवास योजना ठीक है। मगर इसमें धांधली चल रही है। सरकार को इसे देखना होगा। जंगल बचाने की बात होती है, मगर वन विभाग में अफसर ही नहीं हैं।

## कांग्रेस विधायकों ने सदन में अपनी ही सरकार को घेरा



**रांची।** कांग्रेस के विधायकों ने शुक्रवार को सदन में स्वास्थ्य मंत्री को घेरा। कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि चार साल बीत गये, काम कब पूरा होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुबंध पर 10 साल से बहाल 2000 एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्निशियन, सहिया दीदी और पोषण सखी के कम मानदेय और स्थाईकरण के मुद्दे पर सरकार मौन क्यों है। इसपर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि इन कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एक कार्यक्रम के तहत नियुक्त किया गया था। वाकई इन स्वास्थ्य कर्मियों का पारिश्रमिक कम है। राज्य सरकार सहिया दीदियों को गोल्डनए सिल्वर और ब्राउंज केटेगरी में बांटकर बढ़ा हुआ मानदेय दे रही है। वे इस मुद्दे को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के सामने भी उठाते रहे हैं। राज्य अगर केंद्र सरकार पहल नहीं करती है, तो राज्य सरकार खुद सभी कर्मियों को मानदेय बढ़ाकर देगी। इधर, झामुमो विधायक समीर कुमार मोहंती ने राज्य कर्मियों और सेवानिवृत कर्मियों को और उनके आश्रितों को 5 लाख रुपए प्रतिवर्ष स्वास्थ्य बीमा देने का मामला उठाया। सरकार की ओर से मिले जवाब पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हर बार वे सवाल उठाते हैं और प्रक्रियाधीन या विचाराधीन बोल कर टाल दिया जाता है। ये ठीक नहीं है। इसपर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बीमा कंपनी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। बड़ी योजना है।

## हताश-निराश झामुमो कर रहा अनर्गल बयानबाजी : प्रतुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो हताश-निराश होकर अनर्गल बयानबाजी कर रहा है। श्री शाहदेव झामुमो के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि धनबाद में लाखों की भीड़ अपने युग पुरुष प्रधानमंत्री को सुनने आई थी। प्रधानमंत्री के एक-एक वाक्य पर गगन भेदी नारे लग रहे थे। इसे देखकर गठबंधन सरकार सकते में आ गई है और झारखंड मुक्ति मोर्चा अनर्गल बयान बाजी कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी को यह स्पष्ट रूप से पता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनके गठबंधन का 14.0 से सफाया होने वाला है। सत्ताधारी गठबंधन के नेता हताशा, निराशा और कुंठा के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति हुई है। जबकि झामुमो ने 4 वर्ष में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। इस दौरान 70,000 करोड रुपए के घपले, घोटाले का आरोप ठग बंधन सरकार पर लगा है। उन्होंने कहा कि झामुमो को जिस चीज ने सबसे कचोटा है, वह प्रधानमंत्री की झारखंड में भ्रष्टाचार में लूटे गये पैसे को वापस वसूलने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हुए भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके पसंदीदा अधिकारियों और दलालों का होटवार जेल में अब तक बंद होना है।

## भाजपा व आरएसएस आदिवासी विरोधी : बंधु

**रांची।** भाजपा आरएसएस की जन विरोधी नीतियों, आदिवासी विरोधी नीतियों के खिलाफ आम जनमानस को सचेत करते हुए संगठित किया जाएगा। ये बातें शुक्रवार को मोराबादी में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लड़ने वाले संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आदिवासीयों के तमाम संगठनों के जो मुद्दे हैं,उसे सामने लाकर उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया की विभिन्न ज्वलंत जन सवालों को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से भी एक प्रतिनिधिमंडल मिलेगा। मुख्य संयोजक बंधु तिर्की के द्वारा ग्यारह सदस्यीय समिति बनाया गया। इस समिति को सांगठनिक स्वरुप देने की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें लक्ष्मीनारायण मुंडा, प्रभाकर तिर्की, प्रेमशाही मुण्डा, ग्लैडसन डुंगडुंग, दिनेश उरांव, दुर्गावती ओड़ेया, राधा तिर्की, अनिल कुमार भगत, हरिनारायण महली, अमित एक्का,तारामनी साहु को रखा गया है। बैठक का संचालन लक्ष्मी नारायण मुंडा ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से दुर्गावती ओड़ेया, प्रेमशाही मुंडा, शिवा कच्छप , रतन तिर्की, बेलस तिर्की राधा तिर्की ,हरि कुमार भगत, अनिल कुमार भगत ,अमित एक्का ,शिवटहल नायक, तारामनी साहु,अभय भूटकुंवर, विशाल तिर्की शामिल थे।

## राज्यसभा चुनाव को लेकर पक्ष-विपक्ष में मंथन तेज

### 21 मार्च को राज्य के दो राज्यसभा सीटों के लिये होना है चुनाव

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। 21 मार्च को झारखंड के दो सीटों के लिये मतदान होना है। संख्या बल के हिसाब से पक्ष-विपक्ष दोनों को एक-एक सीट हासिल होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि भाजपा के समीर उरांव व कांग्रेस के धीरज साहू का कार्यकाल तीन मार्च का समाप्त हो रहा है। जानकारी के अनुसार भाजपा ने समीर उरांव के अलावा डॉ आशा लकड़ा व डॉ अरूण पर खेल सकती है दांव। जबकि, सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से धीरज साहू टिकट पाने के लिये कर रहे लॉबिग। लेकिन,29 विधायकों वाला झामुमो ने अपनी दावेदारी ठोंक कर कांग्रेस की पेशानी में बल डाल दिया है। बताया गया है कि भाजपा एक सीट के लिये आदिवासी चेहरा को उतारेगी। संभवतः इसी हफ्ते भाजपा चुनाव समिति की बैठक होगी। चुनाव कार्यक्रम आने के साथ ही उम्मीदवारों के नाम पर विमर्श भी प्रारंभ हो गया है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद आदिवासी समाज में नाराजगी की संभावना को देखते हुये इसी समुदाय को प्रतिनिधित्व देने की बात केंद्रीय नेतृत्व भी कर रहा है। भाजपा के पास 24 विधायक है और उसके सहयोगी आजसू पार्टी के पास तीन विधायक हैं। कांग्रेस के 16 व दो निर्दलीय विधायक हैं। जो हो राज्यसभा चुनाव को लेकर दिलचस्प व रोमांचक राजनीतिक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

समाचार पत्र पंजीयन (केंद्रीय) कानून, 1956 आठवें नियम के अंतर्गत अपेक्षित 'खबर मन्त्र' रांची नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा :-

**प्रपत्र-4**

1. प्रकाशन स्थल : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड 834009
2. प्रकाशन अवधि : प्रतिदिन
3. मुद्रक का नाम : मंजू सिंह वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
क्या भारत का नागरिक है : हां
पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
4.प्रकाशक का नाम : मंजू सिंह, वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
क्या भारत का नागरिक है : हां
पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
5. संपादक : अविनाश चन्द्र ठाकुर
क्या भारतीय नागरिक हैं : हां
पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों : XX

मैं मंजू सिंह एतद द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।
तारीख : 1 मार्च 2024

ह. मंजू सिंह
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

## झारखंड में आज रात से बदलेगा मौसम, तीन जिलों के लिए चेतावनी जारी, कई जगह वज्रपात की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों से मौसम के मिजाज में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। यह सिलसिला आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। मौसम केंद्र, रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक 2 मार्च की देर रात से झारखंड के आसमान में बादल उमड़ने लगेंगे। इसका असर 3 मार्च को सुबह के वक्त हल्की बारिश के रुप में दिख सकता है। मौसम में यह बदलाव उत्तर भारत में बने प¬िमी विक्षोभ की वजह से होगा। इस दौरान पलामू, गढ़वा, लातेहार में ओलावृष्टि की भी संभावना है जबकि अन्य इलाकों में गर्जन के साथ वज्रपात की भी संभावना है। 4 मार्च को मौसम में थोड़ा बदलाव होगा। उस दिन कुछ भागों में गर्जन और वज्रपात की संभावना है, जबकि 5 मार्च को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। तीन मार्च के लिए मौसम केंद्र ने चेतावनी जारी की है। इस दिन प¬िमी और मध्य भाग में गर्जन और वज्रपात के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान पलामू, गढ़वा और लातेहार में ओलावृष्टि की संभावना है। इसको देखते हुए किसानों से फसलों के बचाव से जुड़े उपाय सुनि¬ित करने की सलाह दी गई है। लिहाजा, 3 मार्च और 4 मार्च को सावधानी बरतनी होगी। इसके बाद 6 मार्च को आंशिक बादल नजर आएंगे लेकिन 7 मार्च से मौसम साफ हो जाएगा। फिलहाल अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना है। बादल आने पर न्यूनतम तापमान में भी 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। लिहाजा, तापमान पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा लेकिन 3 और 4 मार्च को उत्तर प¬िम इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना की वजह से सावधानी बरतने की जरुरत है।पिछले 24 घंटों में झारखंड में मौसम शुष्क और ड्राई रहा है। सबसे ज्यादा तापमान 32.4 डिग्री सेल्सिलयस चाईबासा में रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान रांची में 27 डिग्री, जमशेदपुर में 31 डिग्री, बोकारो में 31.1 डिग्री और देवघर में 29.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है।

## खबर एक नजर में

### एनडीपीएस से जुड़े मामले में सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता हाईकोर्ट में हुए हाजिर

**रांची।** नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) से जुड़े जमानत के एक मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि सरकारी कर्मी कैसे निचली अदालत में गवाही के दौरान अपने बयान से मुकर (होस्टाइल हो) गया। इस पर अनुराग गुप्ता की ओर से कोर्ट को स्पष्ट किया गया कि उस सरकारी कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। हाईकोर्ट ने रांची की निचली अदालत को मामले की ट्रायल जल्द पूरी करने का निर्देश देते हुए आरोपी बिरसा मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी लेबर है जो गाड़ी में सामान उतारने और चढ़ाने का काम करता है। दशम फॉल की पुलिस ने नशीले पदार्थ के रेड मे उसे पकड़ा था। वाहन से 1640 किलो डोडा बरामद किया गया था। मामले को लेकर दशम फॉल थाना में कांड संख्या 13/ 2021 दिनांक 21 मई 2021 दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि मामले में रांची सिविल कोर्ट में गवाही के दौरान बचाव पक्ष ने दशम फॉल चौकीदार से पूछा तो उसने कहा कि वह उस दिन वह ड्यूटी पर नहीं था, वह छुट्टी पर था जबकि प्राथमिकी के अनुसार जो जब्ती सूची तैयार किया गया था उसमें उस चौकीदार का नाम था।

### छवि रंजन को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से बेल नहीं

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट में अब चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की कोर्ट में इडी की ओर से उपस्थित एएसजीआई ने छवि रंजन की याचिका पर काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने प्रार्थी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल, अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की। यहां बता दें कि छवि रंजन की बेल पर कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट में सुनवायी हुई थी। बता दें कि छवि रंजन ने जिस केस में डिफॉल्ट बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वह चेशायर होम रोड स्थित भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। रांची इडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट ने छवि रंजन को पहले ही डिफॉल्ट बेल देने से इनकार कर चुका है। इस संबंध में इडी ने इसीआइआर 1/2022 दर्ज किया है। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी ने इनके खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था, बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में छवि रंजन के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया है।

### लैंड स्कैम: अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, ईडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआइआर 1/2023 दर्ज किया था।

### जमीन कारोबारी अफसर अली की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई गई प्रक्रिया के संबंध में ईडी से जानकारी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को होगी। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। वह बीते साल 14 अप्रैल से न्यायिक हिरासत में जेल में है, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाए। दरअसल, ईडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई है।

### हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की आइए को किया स्वीकृत

**रांची।** राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित उमेश कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने की। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आइए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार और उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार की ओर से आइए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के प्रार्थी एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है, इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाये। इसके बाद हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी एवं उनके अधिवक्ता का नाम इस केस से हटाने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की।

**क्या है मामला :** पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के 3 जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था जहां जिनके खाते में मात्र दो- चार हजार रुपए हुआ करते थे। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25 -25 लाख रुपया जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गये पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था। प्रार्थी ने इसकी जांच कराने का आग्रह कोर्ट से किया था।

### अवैध खनन मामले में टिंकल भगत की जमानत पर अब अगली सुनवाई 15 मार्च को

**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस जारी रही। कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि प्रार्थी द्वारा दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कॉन्सेंट टू ऑपरेट का दस्तावेज सही है या नहीं? इस संबंध में कोर्ट ने ईडी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश कोर्ट ने दिया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।पिछली सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अवैध खनन का यह मामला शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है। जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। प्रार्थी को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कंसेंट टू ऑपरेट भी मिला है। उनकी ओर से इस संबंध में दस्तावेज भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थी को ईडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिसपर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे।

### जेल में बंद वीरेंद्र राम के सहयोगी ताराचंद और हरीश यादव की जमानत याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी हवाला कारोबारी ताराचंद एवं हरीश यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि ताराचंद और हरीश यादव के खिलाफ ईडी ने अभियोजन शिकायत( चार्जशीट) कोर्ट में दाखिल की है। ताराचंद और हरीश यादव को ईडी ने 23 जून 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ताराचंद को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। ताराचंद और हरीश यादव पर वीरेंद्र राम के पैसों का निवेश में सहायता करने का आरोप है। हरीश यादव वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को वे विभिन्न बैंकों में लोगों के अकाउंट खुलवाकर व्हाइट करने का काम करते थे।

स्पीड न्यूज

## सामुदायिक शौचालय में लटका रहता है ताला

**कुमारधुबी।** कुमारधुबी बाजार के हड़िया पट्टी में एकमात्र सामुदायिक शौचालय में हमेशा ताला लटका रहता है। शौचालय जर्जर अवस्था में है। पानी की भी व्यवस्था नहीं है। कोई देखरेख करने वाला नहीं। जिससे बाजार के दुकानदारों एवं ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार और गुरूवार को हटिया के दिन भीड़ होने के कारण ग्राहकों की यह परेशानी दुगुनी हो जाती है। क्योंकि हटिया के दिन सब्जी बेचने वाले व ग्राहक दूर-दराज से आते हैं। पुरूष किसी तरह इस समस्या को झेल लेते हैं, लेकिन महिलाओं को बाजार के बगल में स्थित झाड़ियों का सहारा लेना पड़ता है। लोग इसके लिये बाजार समिति को दोषी मानते हैं। एक स्वर में कहा कि समिति बाजार शुल्क वसूलती है तो शौचालय पर ध्यान देनी चाहिये थी। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष मुखिया चंचल देवी ने शौचालय की मरम्मत व देखभाल करने को लेकर अपना पल्ला झाड़ लिया। मुखिया पति पप्पू यादव ने साफ शब्दों में कहा कि इसके लिये उनके पास फंड नहीं है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, छह बाइक जलकर राख

**धनबाद।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के मोहलीडीह पंचायत स्थित निचितपुर टाउनशिप में सूर्योदय के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे लाखो की सम्पत्ति जलकर राख हो गईं'आग लगने से बीसीसीएल के तीन मंजिला बिल्डिंग के बरांडे में रखी छः मोटरसाइक जलकर पूरी तरह राख में बदल गई.मोटरसाइकल में लगी आग ने अपने चपेट में बरांडे के एक दरवाजे को भी ले लिया था.राहत तब मिली जब अस्थान्य युवाओं द्वारा आग को पानी से बुझाया गया बताते चलें की इस घटना से लोगो में बीसीसीएल के प्रति काफी आक्रोश है. शर्ट शर्कित बीसीसीएल के ही केबल में हुई थी.मौके पर ईस्टबसुरिया ओपी की पुलिस भी पहुंची,किंतु बीसीसीएल एरिया 5 के प्रबंधन को इस घटना की सूचना देने के बावजूद कई घण्टे बीत जाने के बाद भी दमकल की गाड़ी नहीं पहुंची देखते ही देखते सभी गाडियां राख हो गई जिसके बाद दमकल की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंच कर अपनी उपस्तिथि गिनाने का काम किया.युवाओं द्वारा आग पर काबू पाने के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच कर बुझे हुए आग पर पानी का छिड़काव कर आग को बुझाया।

## दो वर्षीय लापता बच्ची का शव 13 दिन बाद बरामद



**तोपचांची।** बीते 17 फरवरी को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरो पंचायत के रंगाडीह गांव निवासी गुजर महतो के 2 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी अचानक लापता हो गई थी। लापता होने के बाद परिजनों ने तोपचांची थाने में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाया था। ज्ञात हो कि शिकायत के बाद तोपचांची पुलिस गुमशुदा बच्ची के गांव जाकर तलाश किया लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार को राजगंज थाना क्षेत्र के बरडार नाला के समीप लापता बच्ची का शव मिल गया। प्रथमदृष्टया यह प्रतीत होता है लापता बच्ची को किसी धारदार हथियार से हमला कर शव को नाला किनारे फेंक कर मामले को दुसरे रुप देने की कोशिश किया गया है। मृतका के बड़े पापा खिरोधर महतो ने पुलिस को खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि लापता बच्ची का शव मिल गया परन्तु 13 दिन में पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा। उन्होंने खोजी कुत्तों की मांग करते हुए कहा कि बिना खोजी कुत्तों की शव उठाने नहीं देंगे। परिजनों ने शव का शिनाख्त करते हुए बताया कि शव के गले में माला से लक्ष्मी कुमारी प्रतित होता है। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### 8900 करोड़ की लागत से बने हर्ल सिंदरी खाद कारखाना को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को किया समर्पित

# पीएम मोदी ने झारखंड को दी 35747 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

### विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

### झामुमो पर साधा निशाना, कहा यह पार्टी सिर्फ परिवार को बढ़ाती है आगे






खबर मंत्र टीम

**धनबाद/सिंदरी।** लोकसभा चुनाव की धमक के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को झारखंड को 35747 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सिंदरी में 8900 करोड़ की लागत से बने हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड कारखाना हर्ल है। 22 वर्षों से बंद इस कारखाना का लोकार्पण हुआ है। 2600 करोड़ रुपये से अधिक की रेल, बिजली व कोयला परियोजनाओं की शुरूआत कीए सीसीआर रूम का अवलोकन कियाए 47 मजदूरों से बात कीए इसके बाद बरवड्डा स्थित हवाई पट्टी में विजय संकल्प महारैली को संबोधित किया। महारैली में जुटी विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में धनबाद के लोगों को जो गारंटी थीए आज इसे पूरा करने का भी काम कियाण मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में हमने जनजातीय समाजए गरीबोंए युवाओं और महिलाओं को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर झारखंड के लिए काम किया हैण इनमें देवघर में एम्सए हवाईअड्डाए देवघर से डिब्रूगढ़ के लिए नई ट्रेनए तीन बंदे भारत ट्रेनए 27 रेलवे स्टेशन का आधुनिकरणए मुफ्त बिजली कनेक्शनए मुफ्त अनाजए मुफ्त गैस सिलिंडरए पानीए स्वरोजगार से जुड़ा हमारा काम शामिल हैण हमें 2047 से पहले अपने देश को विकसित बनाना हैण आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में से एक हैण कल ही अर्थव्यवस्था के जो आंकड़े आये हैं वो बहुत ही उत्साह भरने वाले हैंण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनबाद में रोड शो किया।

### झामुमो का मतलब है जमकर खाव

पीएम ने कहा कि झारखंड में तेज विकास के लिए ये जरूरी है कि यहां कानून व्यवस्था अच्छी हो शासन.प्रशासन ईमानदार होण लेकिन जब से यहां श्रडड और कांग्रेस की परिवारवादीए भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण वाली सरकार बनी हैए तब से स्थितियां बहुत बिगड़ी हैंण झामुमो का मतलब हो गया है कि जमकर के खाओण झामुमो और इनके सहयोगी सत्ता में सिर्फ लूटने और बेनामी संपत्ति बनाने के लिए आते हैण इनके नेताओ के घरों से नोटो का ढेर मिलता हैण इनके खिलाफ जब करवाई होती है तो ये भागने लगते है और मोदी को जमकर गाली देते हैण एक परिवार आदिवासी समाज को सिर्फ अपना वोट बैंक समझता हैण ये लोग आदिवासियों को कभी आगे बढ़ने नहीं देना चाहते हैण सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाते है।

### शरीर का कण-कण जनता को है समर्पित

मोदी ने कहा कि मेरे शरीर का एक एक कणए एक एक पल आपलोगों के लिए हैण आपका उत्साह और मेरे प्रति समर्पण के कारण मुझे ऊर्जा मिलती हैण 400 पार का नारा ऐसे ही नहीं लग रहा हैण ये तभी लग रहा हैए जब मोदी की गारंटी पर देश भरोसा कर रहा हैण आगे कहा कि कभी.कभी मैं सोचता हूं कि पता नहीं मेरा कितने जन्मों का पुण्य होगा जो आप मुझे इतना प्यार और इतना आशीर्वाद दे रहे हैंण आप जो मुझे इतना प्यार देते हैं। इतना आशीर्वाद देते हैंए क्या मैं आपके लिए जिंदगी खपाऊंगा की नहीं खपाऊंगा।

### पूर्वी भारत के किसानों का होगा फायदा

पीएम मोदी ने कहा सिंदरी में खाद कारखाना खुलने से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगा। सिंदरी की खोई हुई रौनक लोटेगीण पूर्वी भारत के किसानों को इसका फायदा होगाण 2047 तक भारत यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगाण इससे देश में प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी ;लाख मीट्रिक टन स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगाण पीएम मोदी ने 17.600 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं को भी हरी झंडी दिखायीण रेल परियोजनाओं में सोन नगर.अंडाल को जोड़ने वाली तीसरी और चौथी लाइनए टोरी.शिवपुर पहली और दूसरी तथा बिराटोली.शिवपुर तीसरी रेलवे लाइन ;टोरी.शिवपुर परियोजना का हिस्साद्धए मोहनपुर.हंसडीहा नयी रेल लाइनए टाटानगर और बदामपहाड़ के बीच मेमू ट्रेन सेवा ;दैनिकद्ध और शिवपुर स्टेशन से ज्यादा डिब्बों वाली मालगाड़ी का परिचालन शुरू करना शामिल हैं।

### सुपर थर्मल पावर परियोजना का लोकार्पण

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने झारखंड में उत्तरी करणपुरा सुपर थर्मल पावर परियोजना ;एसटीपीपीद्धए चतरा की यूनिट.1 ;660 मेगावाटद्ध सहित महत्वपूर्ण बिजली परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित कियाण 7500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित इस परियोजना से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगाण इसके अलावा ष्पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लानष के अनुसारए मोदी रामगढ़ जिले में कोल इंडिया लिमिटेड ;सीआईएलद्ध की सहायक कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ;सीसीएलद्ध के उत्तरी उरीमारी कोल हैंडलिंग संयंत्र का उद्घाटन किया।

### मोदी के पोस्टर बैनर से पटा शहर

बरवड्डा हवाईपट्टी में आयोजित विजय संकल्प रैली के दौरान शहर के सिटी सेंटर से कार्यक्रम स्थल तक पूरी सड़क मोदी के पोस्टर बैनर से पति थी। सड़क के दोनों ओर भाजपा के झंडे और जिले के अलग अलग नेताओं के साथ मोदी के पोस्टर बैनर व बड़े.बड़े हार्डिंग लगाए गए थेण कार्यक्रम स्थल से चार किलोमीटर की दूरी तक सभी रास्तों को ब्लॉक कर दिया गया थाण सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक ये रास्ते बंद रहे हैण पीएम को देखने आने वालों को चार किलोमीटर पहले वाहन पार्क कर पैदल चलना पड़ा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पैदल ही आवाजाही करनी पड़ी।







# विकास की नई राह है सिंदरी उर्वरक कारखाना : अर्जुन मुंडा

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सिंदरी फर्टिलाइजर कारखाना उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि, 25 मई 2018 को माननीय प्रधानमंत्री ने सिंदरी खाद कारखाना का शिलान्यास किया। उसके बाद नई आशा और नए विश्वास के साथ आज वह खाद कारखाना माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा लोगों को समर्पित किया जा रहा है. आज से एक नई उम्मीद की शुरूआत हुई है. जिस चीज को लेकर के लोग निराशा के गर्त में डूबे हुए थे, उनमें एक आशा के रूप में नए क्षितिज का निर्माण करते हुए सिंदरी खाद कारखाना पुनर्जीवित हुआ है।

केन्द्रीप मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था, तो मैं इसे चालू करने के लिए केंद्र सरकार के पास अनुरोध करने गया था. लेकिन उसे समय की कांग्रेस की सरकार ने हमारी बात को नहीं सुना, हमने लगातार कहा कि इसे चालू किया जाए. इससे भारत का हित होगा, लेकिन इस बात को सुना ही नहीं गया. अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह देश सबका साथ, सबका विकास के साथ आगे बढ़ेगा और सब का प्रयास उसमें लगेगा. इसी स्थिति से भारत विकसित भारत बनेगा. उसका सीधा उदाहरण आपके सामने सिंदरी कारखाना दिखाई दे रहा है, यह खाद कारखाना केवल यूरिया का उत्पादन नहीं करेगा बल्कि विकास में एक नई राह बनाएगा।

### कृषि क्षेत्र के लिए है 111531 करोड़ का बजट

केन्द्रीप मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि 2013-14 में जहां कृषि क्षेत्र में कार्य करने के लिए 21933 करोड़ का बजट एलोकेशन होता था, आज 2023-24 में माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 111531 करोड़ का बजट कृषि क्षेत्र के लिए रखा गया है. 2022-23 में रिकॉर्ड ऊंचाई 329 मिलियन टन का खाद्यान्न उत्पादन आज भारत में हो रहा है. यह उभरते हुए भारत का परिदृश्य है बागवानी के क्षेत्र में भी 355 मिलियन टन उत्पादन हो गया है. इसी के साथ-साथ भारत जहां हम इंपोर्ट के बल पर जीने के लिए विवश थे. आज 5 लाख करोड़ का एक्सपोर्ट हम इन क्षेत्रों में कर रहे हैं. एग्रीकल्चर के क्षेत्र में हमारा एक्सपोर्ट पूरी दुनिया को यह बता रहे हैं कि भारत किस तरीके के साथ निर्भर हो रहा है।

## झारखंड को बेचने का किया गया है काम : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के बरवाअड्डा में भारतीय जनता पार्टी ने जनसभा का आयोजन किया है. जिसमें पीएम मोदी भी शिरकत कर रहे हैं. इस मौके पर झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में चल रही सरकार ने सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है. झारखंड के विकास के लिए जो काम होना था, वह झारखंड के विकास के होने के बजाय कुछ लोगों के विकास का काम किया है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूरे झारखंड में सिर्फ लूटने का काम हुआ है और लोगों को लूटा गया है. हेमंत सोरेन और उनके परिवार अगर आज के समय में उनकी जमीन का आकलन किया जाए तो राजा महाराजाओं के पास उतनी जमीन नहीं है, जितनी जमीन हेमंत सोरेन परिवार के पास है. उन्होंने कहा कि यह जमीन किसकी लूटी गई है आदिवासियों की जमीन को लूटा गया है और यह लूटने का काम हेमंत सोरेन के शासनकाल में हुआ है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नदी में बालू की लूट हेमंत सोरेन के सरकार में हुई, जमीन की लूट हेमंत सरकार में हुई, आदिवासियों की जमीन की लूट भी हेमंत सरकार में ही हुई और आज के डेट में अगर यह देखा जाए कि अगर अपराध सबसे ज्यादा कहीं हुआ है तो आदिवासी महिलाओं पर हुआ है और यह सबकुछ हेमंत सोरेन सरकार के समय में हुआ है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन खुद को आदिवासियों का हिमायती और आदिवासियों का समर्थक कहते हैं जबकि यह सच्चाई से कोसों दूर है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर हेमंत सोरेन आज जेल में है तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अगर वह सरकार में होते तो आगे क्या होता।

### एक नजर में पीएम के कार्यक्रम



सभा स्थल पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी।

### काले लिबास वाले लोगों के प्रवेश पर रही रोक

**सिंदरी।** प्रधानमंत्री के विजय संकल्प महारैली में शामिल होने गए करीब दस हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षा कर्मियों ने बाहर से ही लौटा दियाण पुरुष के पैंटए शर्ट या बेल्ट का रंग भी काला है तो उसे लौटा दिया गयाण वहीं महिलाओं के परिधान से लेकर दुपट्टा तक में काले रंग वाले को लौटा दिया गयाण वकील जो काले कोट पहन कर सभास्थल जाने की कोशिश कर रहे थेए उन्हें भी लौटा दिया गयाण इसी क्रम में भाजपा के कई कायकताओं को भी लौट जाना पड़ाण सभा स्थल से बाहर वह लोग अपने नेताओं को कोस रहे थे।

### मिशन एयरपोर्ट के सदस्यों को हुई मायूसी

**सिंदरी।** प्रधानमंत्री के धनबाद में कार्यक्रम को लेकर आम लोगों में काफी उम्मीदें थींण लोगों को लग रहा था कि धनबाद शहर के विकास के लिए पीएम कोई तोहफा देंगेए लेकिन प्रधानमंत्री ने न ही धनबाद में एयरपोर्ट बनने का कोई जिक्र किया न ही एम्स काण जिससे मिशन एयरपोर्ट से जुड़े लोगों में काफी मायूसी देखी गईण इस समिति के सचिव अनिल जैन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि मोदी ने धनबाद के लोगों के साथ धोखा किया हैण वहीं इस मिशन से जुड़े पाटलिपुत्र हॉस्पिटल के प्रमुख डॉण निर्मल ड्रोलिया ने लिखा है कि पीएम द्वारा एयरपोर्ट की घोषणा न करना काफी अफसोसजनक हैण साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा एवं मोदी से उन्हें विकास की कोई उम्मीद नहीं हैण

### सुरक्षा का दिखा पुख्ता इंतजाम

**सिंदरी।** पीएम के आगमन को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम था। हर चौक चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती रहीण साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी पर कड़ी निगरानी की जा रही थीण्वहीं एबरवाअड्डा हवाई अड्डा परिसर के चार किमी परिधि में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती की गई है। सिटी सेंटर चौक और निरंकारी चौक से कार्यक्रम स्थल की और जाने वाले वाहनों पर रोक रहाण जगह जगह पुलिस ने बैरिकेड लगा रखी थींा मेमको मोड़ और निरंकारी चौक से किसी भी वाहन को आने या जाने नहीं दिया जा रहा था मेमको मोड़ चौक पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

## डंपिंग स्थल से हर रोज सैकड़ों ट्रैक्टर हो रही ओबी की चोरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** छाताबाद कैलुडीह में संचालित जीटीएस डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के डंपिंग स्थल से बड़े पैमाने पर ओबी पत्थरों की दिनदहाड़े चोरी की जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि जीटीएस आउटसोर्सिंग कंपनी के हाजिरी बाबू के संरक्षण में ही चंडी और भैरव नामक ठेकेदार मिलीभगत कर हर रोज सैकड़ों ट्रैक्टरों के माध्यम से ओबी पत्थर डंपिंग यार्ड से अवैध तरीके से ले जाते है। वही ट्रैक्टर चालक ने बताया कि तोपचांची के चिरुडीह मोड़ से सोनारियाटाँड़ तक (भाया गेंद नावाडीह) बन रहे एक गार्डवाल में इन पत्थरों को उपयोग में लाया जा रहा है। इस संबंध में हाजिरी बाबू ने बताया कि 3-4 सुरक्षा गार्ड मौके पर रखा गया है उसके बावजूद भी ओबी पत्थर चोरी हो रही है तो क्या कर सकते हैं। सीआईएसएफ को भी बोला गया है । इस मामले में कंपनी के मैनेजर ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि हर जगह से ओबी पत्थर चोरी हो रहा है। लेकिन ओबी पत्थर की चोरी में कंपनी के अधिकारियों की कोई संलिप्तता नही है। वहीं लोगों का कहना है कि जीटीएस आउटसोर्सिंग पूरे मनमाने तरीके से काम कर रही है और धड़ल्ले से खुलेआम ओबी पत्थरों का लूट भी करवाया जा रहा है। आखिर इस लूट का जिम्मेदार कौन?

## दो झोपड़ी में लगी आग, सामान जलकर खाक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** हर्ल सिंदरी खाद कारखाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन के एक दिन पहले गुरुवार की देर रात लगभग दस बजे हर्ल एसएमपी गेस्ट हाउस के पीछे स्थित दो झोपड़ियों में आग लग गई। इस घटना में झोपड़ी मालिक सुरेश मोदक के अनुसार लगभग चालीस हजार रुपए नकदी समेत डेढ़ लाख रुपए के सामानों क्षति हुई है।घटना के संबंध में रोहड़ाबाँध सेवन लेक निवासी भुक्तभोगी ने बताया कि गुरुवार की सुबह घर के सभी लोग धनबाद काम पर गए हुए थे। सुरेश की वृद्ध माँ चाइना मोदक झोपड़ी में ही थी। किसी कारणवश आसपास बने दोनों भाईयों के घरों में आग लग गई और घर धू धूकर जलने लगा। पड़ोसियों ने किसी तरह माँ को निकाला और मुझे सूचना दी। आनन फानन में सूचना के आधार पर पहुँची हर्ल सिंदरी और झारखंड सरकार की दमकल वाहनों ने आग बुझा दी। परंतु घर पर रखे टीवी, पलंग, चालीस हजार रुपए नकदी, सोने चाँदी के जेवरात तथा कपड़े व खानेपीने के सामान जल गए।

## बुजुर्गों का हुआ मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**धनबाद।** जोड़ा फाटक स्थित नेत्र चिकित्सालय विनायक हॉस्पिटल में आश्रम के अध्यक्ष मो. नौशाद गद्दी के प्रयासों से लालमनी वृद्धा सेवा आश्रम के नेत्र रोग से पीड़ित चार बुजुर्ग आश्रितों बसंती देवी, सूरजमनी, छवि भंडारी एवं सोहन दास के आंखों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन समाजसेवी अर्पिता अग्रवाल की मदद से कराया।अस्पताल के डॉक्टर धनंजय ने चारों बुजुर्गों का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद ऑपरेशन किया एवं दवाइयां दी। आश्रम के अध्यक्ष मो. नौसाद गद्दी ने बताया आश्रम के सारे बुजुर्गों का हाइजेनिक खानपान, साफ सुथरा रहन सहन एवं स्वास्थ और चिकित्सा का विशेष ध्यान रखा जाता है। लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम एवं ओल्ड एज होम में समय-समय पर सरकारी एवं संस्थाओं के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं। एवं उन्हें उचित चिकित्सा मुहैया करवाने का यथासंभव प्रयत्न और प्रयास किया जाता है। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए के लिए आश्रम के सभी बुजुर्गों एवं आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने अर्पित अग्रवाल एवं डॉक्टर धनंजय का आभार व्यक्त किया।

## विस्थापित कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रो अरुण को दी गई विदाई



**बोकारो।** विस्थापित महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष रहे वरिष्ठ व्याख्याता प्रो अरुण श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पश्चात महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भावभीनी विदाई दी। विदित हो कि प्रो श्रीवास्तव ने अपनी सेवा पूरी कर सबसे वरिष्ठतम प्रध्यापक के रूप में प्रथम पेंशनभोगी प्रध्यापक बनने का गौरव उक्त महाविद्यालय में प्राप्त किया। उन्होंने महाविद्यालय परिवार तमाम शुभचिंतकों छात्र छात्राओं व समस्त क्षेत्रवासियो के प्रति आभार जताया। कहा कि इन सभी का उन्हें उनकी सेवावधि के दौरान यथोचित सम्मान अपार स्नेह व प्यार मिला। उन्होंने इस अवसर पर स्वर्गीय ठाकुर सरयू प्रसाद सिंह व स्वर्गीय समरेश सिंह के प्रति अपनी स्मरणांजलि समर्पित करते हुए बालीडीह की धरती को नमन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में वह आगे भी प्रयासरत रहेंगे।

# संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ धरना

## जनजाति सुरक्षा मंच ने दिया धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जनजाति सुरक्षा मंच ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाएं के उपर हुए अत्याचार के खिलाफ शुक्रवार को समाहणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना के पश्चात अपनी मांग पत्र आयुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपा। जनजाति सुरक्षा मंच ने राष्ट्रपति से मांग किया कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाएं के उपर अत्याचार करने वाले मुख्य आरोपी और अपराधियों के पूरे गिरोह की गिरफ्तारी की जाए और जल्द से जल्द कानून के अनुसार दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। दोषियों को कठोर से कठोर सजा देने से पीड़ित महिलाओं को कुछ सांत्वना मिलेगी और दूसरों को ऐसे घृणित कृत्यों को करने रोका जा सकेगा। सुरक्षा मंच ऐसे अपराधों से प्रभावित महिलाओं के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक उपचार के लिए चिकित्सा के विशेष प्रावधान की मांग करता है। उन्हें राष्ट्र के लिए उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए और सरकार को उनके पुनर्वास प्रक्रिया में सामाजिक राष्ट्रवादी संगठनों को शामिल करना चाहिए। सुरक्षा मंच की मांग है कि, महिलाजों के भूमि अधिकारों को पुनस्थापित कर उनका सम्मान बहाल किया जाए। ऑल इंडिया बार एसोसिएशन (एआईबीए) ने भी मुख्यमंत्री श्रीमती ममता बनर्जी को पत्र लिखकर संदेशखाली में यौन उत्पीड़न और हिंसा की भयावह घटनाओं के बारे में उन्हें आगाह करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। इन सारी परिस्थिति को देखते हुए, जनजाति सुरक्षा मंच का मानना है कि संदेशखाली में महिलाएं मजबूत और साहसी हैं। उनका बलपूर्वक यौन उत्पीड़न होने के बाद भी उनकी आत्मा के साथ कभी छेडछाड़ नहीं की जा सकती। वे साहसी हैं, कमजोर नहीं। वे अकेले नहीं हैं, न्याय की लड़ाई में जनजाति सुरक्षा मंच दृढ़ता से उनके साथ खड़ा है। न्याय की लड़ाई लड़ने का साहस दिखाने के लिए इन महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए। संदेशखाली में भूमि के साथ महिलाओं की बुनियादी गरिमा और मानवाधिकारों के आहरण पूरे देश की जनजातियों (अनुसूचित जनजाति) तीव्र रूप से आक्रोशित हैं। देश की जनता यह जानने के लिए चिंतित है कि पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में कितने और संदेशखाली जैसे क्षेत्र पैदा हुए है। राज्य व केंद्र सरकार को इन क्षेत्रों की हकीकत से पूरे देश को अवगत कराना चाहिए। सुरक्षा मंच गंभीरता से जनजाति भूमि की स्थिति की विस्तृत जांच और उत्तर 24 परगना जिले में संपूर्ण सुंदरबन और पश्चिम बंगाल के अन्य बांग्लादेश सीमावर्ती जिलों में जनजाति भूमि की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान की मांग करता है। जनजाति सुरक्षा मंच पुनः यह मांग करता है कि पश्चिम बंगाल में जबरन हदपी गई जनजाति भूमि के पिछले मामलों की जांच उच्चाधिकार प्राप्त आयोग द्वारा की जाए और राज्य और केंद सरकार द्वारा इसे जनजाति समुदायों को वापस सौंप कर उनके अधिकारों को पुनस्थापित किया जाए। धरना कार्यक्रम में गायत्री जायसवाल, पूनम भगत, अनीता वर्णवाल, भुना सिन्हा, निलावति मुर्मू, गिदानी बेसरा, मुनू मरांडी, धोन मुनी टुडू, अनिता मुर्मू, सुस्मिता सोरेन सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

## स्पीड न्यूज

### पिकअप वैन की टक्कर से बाइक सवार रिटायर कर्मी की मौत

**दुमका।** शहर के कचहरी चौक के पास जेनरेटर लोड पिकअप वैन की टक्कर से बाइक में सवार एक रिटायर कर्मी की मौत हो गई। जबकि बाइक में सवार दो अन्य लोगों को हल्की छोटे लगी है। यह घटना गुरुवार को शाम में घटी। जानकारी है कि मृतक शंभू नाथ यादव (76) किसी काम से कृषि विभाग आए थे। उनके साथ दो अन्य लोग भी थे। वापस लौटने के दौरान कचहरी चौक के पास पिकअप से टक्कर हो गई। घटना में रिटायर कर्मी गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजनों ने इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर ले जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। शव को लेकर परिजन दुमका के पीजेएमसीएच पहुंचे। पीजेएमसीएच में नगर थाना की पुलिस ने मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया।

### एसकेएमयू के नये डीएसडब्लू बने डॉ जयनेंद्र यादव

**दुमका।** सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के सह प्राध्यापक डॉ जयनेंद्र यादव को विश्वविद्यालय का नया डीएसडब्लू बनाया गया। इस बावत कुलसचिव डॉ बिनय कुमार सिन्हा ने अधिसूचना शुक्रवार को जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ यादव को राजभवन से प्राप्त एक पत्र के आलोक में एक साल के लिए विश्वविद्यालय का अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्लू) बनाया गया है। वहीं डॉ संजय कुमार सिंह को स्नातकोतर रसायनशास्त्र विभाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। यहाँ बता दें डॉ यादव विश्वविद्यालय में इनसे पूर्व अभिषद सदस्य, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

# मुखिया संघ ने की मनरेगा योजना में पंचायत स्तर से भुगतान की मांग

## संघ ने डीडीसी को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** 15 वीं वित आयोग एवं मनरेगा योजना में पंचायत स्तर से भुगतान कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष जोगेंश मुर्मू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल दुमका उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में मुखिया संघ ने मांग किया कि 15 वीं वित्त आयोग एवं मनरेगा योजना का भुगतान जिला एवं प्रखंड से किया जा रहा है। जबकि दूसरे प्रखंड़ में पंचायत स्तर मुखिया अपने डिजिटल से भुगतान कर रहे है। लेकिन मसलिया प्रखंड के सभी मुखिया का दंगल डीपीएम गलत तरीके से 15 वी वित्त आयोग का डिलिटल रखकर अपने मनमानी से भुगतान कर रहे है। जिससे सभी मुखियाओं को आर्थिक एवं मानसिक रूप से पड़ताडित किया जा रहा है। जबकि डिजिटल रखने का अधिकार मुखिया का ही है। डीडीसी को ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र किस्कू मुखिया संघ के अध्यक्ष जगदीश टुडू, सचिव सत्यनाराण टुडू, मुखिया पुतुल मुर्मू, नमीता चौंडे, मीनु मरांडी, सहित छात्र नेता सिद्दोर हांसदा, मसलयिा युवा नेता रामकृष्ण हेम्ब्रम, कमीशन सोरेन आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता के प्रति किया जागरूक, सेनेटरी पैड बैंक का उद्घाटन

## उमंग किशोरी क्लब



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उमंग किशोरी क्लब, बांधपाड़ा में स्वच्छता और स्वास्थ्य की महत्वपूर्णता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किशोरी क्लब ने सेनेटरी नैपकिन पैड बैंक की स्थापना की। स्वास्थ्य विभाग से आरकेएस के समन्यवक शैलेश सिन्हा, क्वेस्ट अलायन्स संस्था के जियाधर मंडल और सहिया ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर आरकेएस के समन्यवक शैलेश सिन्हा ने कहा कि इस पैड बैंक के अंतर्गत क्लब से जुड़ी सभी किशोरियों लाभान्वित हो सकेगी। इसके तहत सक्षम किशोरियों दूसरी किशोरियों के लिए नैपकिन डोनेट कर सकेगी। पैड बैंक से नैपकिन पैड ले सकती है और बाद में नैपकिन पैड के बदले नैपकिन पैड का ही भुगतान कर सकती है। किशोरियों के द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद ही सराहनीय है। क्वेस्ट अलायन्स संस्था के जियाधर मंडल ने कहा कि आनंदशाला जिले के चार प्रखंडों में काम कर रही है। जिले के सभी 20 किशोरी क्लब में पैड बैंक की स्थापना की गई। जहां एक ओर झारखंड की एक तिहाई किशोरियों कहीं न कहीं एनीमिया से ग्रसित नजर आती है।वही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की और किशोरी क्लब की ओर से किशोरियों के द्वारा उठाया गया कदम बेहद ही सराहनीय है। सेनेटरी पैड बैंक की स्थापना लोगों के बीच लोगों की सोच को बदलने के साथ-साथ किशोरियों के स्वयं के प्रति जागरूक और स्वास्थ्य की समझ को समाज में प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर गर्ल्स चैंपियन मुनमुन, सहिया अर्पिता भारती समेत अन्य किशोरी एवं महिलाएं मौजूद थी।

## बेरमो : होमियपैथिक चिकित्सा शिविर लगा

**बेरमो।** फुसरो अवस्थित श्री अग्रसेन भवन में मारवाड़ी सम्मेलन फुसरो के तत्वाधान में स्व बालाबक्स मित्तल के पुण्य स्मृति में श्री राजेंद्र प्रसाद मित्तलएरोहित मित्तलएगौरव मित्तल एवम इनके परिवार के सौजन्य से निशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। यह निशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर प्रत्येक माह के पहली तारीख को श्री अग्रसेन भवन में आयोजित की जाती है जिसमे डॉ उत्तम कुमार नाग के द्वारा लगभग 100 मरीजों का निशुल्क दवा सहित इलाज किया जाता है। इसके लिए मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारी के द्वारा श्री मित्तल के परिवार जनों को बुके देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर में

### गोड्डा जिला अंतर्गत कांग्रेस अध्यक्ष ने बीएलए के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जोड़ा



**गोड्डा।** आज जिला गोड्डा अंतर्गत प्रखंड पथरगामा और बसंतराय में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा आम जनता से जुड़ने हेतु कांग्रेस मे इछअ जोड़ने का कार्य किया है इस क्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव और साथ में जिला प्रवक्ता अकबर अली अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष अर्शद वहाब एवं दोनो प्रखंड अध्यक्ष के साथ नव नयुक्त बीएलए सदस्य गण उपस्थित रहे ।

### पेड़ पर फंदे से झूल कर जान देने वाले युवक की अस्पताल में मौत

**दुमका।** पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या करने कोशिश करने वाले युवक का पीजेएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना सोमवार की शाम में मसानजोर के बागनल गांव में हुई थी। युवक सागेन मरांडी (34)घर से दूर एक पेड़ की टहनी से फांसी लगाकर आत्म हत्या करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान खेत में काम करने वाले लोगों की नजर उक्त युवक पर पड़ गयी और उसे तुरंत फांसी के फंदे से उताकर इलाज के लिए दुमका के फुलो–झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया था। चार दिनों तक अस्पताल में इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। नगर थाना की पुलिस ने उसके परिजनों का फर्द बयान ले लिया है। परिजनों का कहना है कि युवक की पत्नी मजदूरी करने के लिए दूसरे प्रदेश गयी है। युवक को दो बच्चे है। दोनों बच्चे घर में ही है। घटना के वक्त दोनों बच्चे घर में थे। इसी बीच वह घर से निकलकर खेत की ओर गया और पेड़ से फांसी लगा लिया। संयोग से खेत में काम करने वालों की नजर पड़ गयी थी और उसे फांसी के फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया था। इलाज के बाद भी उसकी जान नहीं बच पायी। परिजनों ने कहा कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं था।

### एसकेएमयू के पुनः परीक्षा नियंत्रक बने डॉ जय कुमार शाह

**दुमका।** सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के सह प्राध्यापक डॉ जय कुमार शाह को एक बार फिर विश्वविद्यालय का नया परीक्षा नियंत्रक बनाया गया। इस बावत विश्विध्यालय के कुलसचिव ने एक अधिसूचना शुक्रवार को जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ शाह को राजभवन से प्राप्त एक पत्र के आलोक में अधिकतम एक वर्ष या जेपीएससी से नियमित नियुक्ति होने तक के लिए विश्वविद्यालय का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। यहाँ बता दें डॉ शाह विश्वविद्यालय में इनसे पूर्व परीक्षा नियंत्रक, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष आदि जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके है।

### बीबीए-बीसीए और एमलिस का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

**दुमका।** सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीबीए/बीसीए सेमेस्टर–4 परीक्षा 2023, सत्र 2021–24 एवं एमलिस सेमेस्टर–2 परीक्षा 2023 सत्र 2022–23 का परीक्षाफल घोषित किया। बीबीए सेमेस्टर–4 के 100 प्रतिशत, बीसीए सेमेस्टर–4 के 99 .27 प्रतिशत एवं एमलिस सेमेस्टर–2 परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। उक्त रिजल्ट को विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट से देखा जा सकता है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

### बोकारो स्टील से सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी में सेवानिवृत होने वाले कुल 04 अधिशासी तथा 35 अनाधिशासी कर्मियों हेतु एचआरडी के मुख्य सभागार में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम सीआरएम 3 दीपक रॉय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एजीएम कार्मिक डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा व मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। एजीएम श्री रॉय ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# शोक सभा : झारखंड आंदोलकारियों ने शिवनाथ प्रमाणिक को दी श्रद्धांजलि

## झारखण्डी संस्कृति के प्रेमी शिवनाथ प्रमाणिक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा की चास महावीर चौक पर बोकारो जिलाध्यक्ष राजदेव माहथा की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में खोरठा जगत के विख्यात कवि अलग राज्य आन्दोलनकारी एवं झारखण्डी संस्कृति के प्रेमी शिवनाथ प्रमाणिक के असामयिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री माहथा ने कहा कि स्व प्रमाणिक के निधन से खोरठा जगत को काफी क्षति हुई है। इसकी भरपाई मुश्किल है। उन्होंने झारखण्ड अलग राज्य के आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर जिला संयोजक हाबुलाल गोराईं संतोष कुमार सिंह लाल मोहन शर्मा खगेन्द्र नाथ वर्मा अरुण वरण सिन्हा कवि नागेश्वर महतो राजकुमार माहथा नीलकंठ महतो राजेश राय मनभुल नापित सुरेश माहथा हाफिज गुलाम रब्बानी समीर महतो ब्योमकेश माहथा निवारण गोराईं मिहिर महतो राज मुकुट माहथा आदि मौजूद रहे।

# जिप उपाध्यक्ष और प्रमुख ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी व विशिष्ट अतिथि कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत के काशीडीह गांव के निकट श्मशान घाट स्थित में शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास व पंचायत टांगटोना के बड़काबांध में स्नानघाट निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत टांगटोना के नयाहीर स्थित श्मशान घाट पर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा बरईकला पंचायत के बेंगाहारा गांव में डीप बोरिंग युक्त सोलर नल मिनार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यअतिथि बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि क्षेत्र का विकास और सेवा करना ही एकमात्र लक्ष्य है। विशिष्ट अतिथि कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि विकास निर्माण कार्यों में गुणवत्ता अच्छी हो इसके लिए ग्रामीणों को आरंभ से ही नजर रखनी होगी।मौके पर टांगटोना मुखिया सुमित्रा देवी सिहंपुर मुखिया मंजू देवी पंसस बिनोद कुमार महतो रसलीन उपमुखिया तुलसी महतो वार्ड सदस्य संयोति देवी टांगटोना पंसस प्रिया देवी उपमुखिया रामविलास महतो 20सूत्री उपाध्यक्ष धीरेन नाथ महतो बरईकला पंसस दिलीप महतो वार्ड सदस्य प्रकाश महतो संवेदक महेश शर्मा मनीष जायसवाल मृत्युंजय महतो गुप्तेश्वर महतो महेश महतो लोबिन महतो केदार महतो हिरालाल स्वर्णकार जयंती देवी आदि समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# केक काट कर मना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिन, दी बधाई

## जदयू का प्रतिनिधि मंडल नीतीश को करेगा भारत रत्न की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी सेवा सदन में जदयू पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिन केक काटकर धूमधाम के साथ मनाया गया। पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन लाने का काम किया है। वह बेदाग छवि के हैं। वर्तमान समय में किसी व्यक्ति के लिए बेदाग होना अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। दूसरे राज्यों में भी नीतीश मॉडल लागू कर राज्यों को विकसित किया जा सकता है। जदयू का एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न का उपाधि देने का मांग किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य तथा दीघार्यु होने का कामना किया गया। वहीं पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नीतीश कुमार को भारत रत्न की उपाधि देने का मांग किया है।

### इन्होंने दी बधाई

मौके पर प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह,प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह,धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे,महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विद्यानंद पासवान,केबी सहाय, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बिंदु देवी, शिशिर कुमार दा, झप्पू सिन्हा, अशोक सिंह, स्मृतिकांत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना सिन्हा, सकलदेव राय, उचित महतो, रीता रानी मंडल, लक्ष्मी देवी, विजय सिंह कुशवाहा, शंकर चौरसिया, अक्षय सिन्हा, शिवचरण महतो आदि मौजूद थे।


**Government of Jharkhand**
**Office Of Deputy Commissioner-Cum-District Magistrate Hazaribagh**
**(Social Welfare Department)**
**Expression of Interest**
**(Very Short-Term Notice)**

District Administration, Hazaribagh, Jharkhand Invites Expression of Interest (Proposals) from eligible Organisations **to Scale Up Early Child Care & Education (ECCE) Program in 500 Anganwari Centres in Hazaribagh, Jharkhand, India,** through capacity building of Anganwari workers & providing them low cost items (Teaching Learning Materials-TLM) to be used in Anganwari centre.

Further details can be obtained through website https://hazaribagh.nic.in and hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the Social Welfare Section on or before declared due date.

| Sr. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Scale Up Early Child Care & Education (ECCE) Program in 500 Anganwari Centres in Hazaribagh, Jharkhand, India. |
| 2 | Date of Publication of EOI on website | 01.03.2024 |
| 3 | Date /time for receipt of Proposals | 04.03.2024 To 09.03. 2024 Up to by 2:00 PM |
| 4 | Tender Fee (Non-refundable) | Rs. 5,000/- (Rs. Five Thousand only) |
| 5 | Date and time of opening of Bid | Date: 09.03.2024 Time: 03:00 PM |
| 6 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.1,00,000/- (Rs. One Lakh Only) |
| 7 | Proposal/Bid submission Place | Social Welfare Section, Room No. 301, 3rd Floor, New Collectorate Building, Hazaribagh Pin 825301 |
| 8 | Proposal/Bid Opening Place | Meeting Hall, New Collectorate Building, Hazaribagh |
| 9 | Contact Details | 06546-296662, Email id: awc15.monitoring@gmail.com |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

District Social Welfare Officer, Hazaribagh.
Deputy Development Commissioner, Hazaribagh.
Deputy Commissioner, Hazaribagh.

PR 321017 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER WAYS DIVISION NO.2, HAZARIBAG.**

**Very Short e-Procurement Tender Notice No.- 05/2023-24**

Letter no - 77 Date :- 29 /02/2024

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of boundary wall & guard wall around Model School nearby to Tilaiya Dam in Chouparan block, Hazaribag. | 66,65,600.00 | 2 Months |
| 2. | Construction of boundary wall around Project Girl's High School, Chouparan, Hazaribag. | 31,89,100.00 | 2 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 02.03.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 07.03.2024 up to 4:00 P.M (e-Procurement Portal http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 07.03.2024 up to 4:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 09.03.2024 at 12:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division No.2, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-298163, 7903709450 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eewwdchak2-cer-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Water Ways Division No.2, Hazaribag.

PR 320951 Water Resource(23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**नौडीहा बाजार पलामू।** थाना कांड संख्या 6/19 दिनांक 4/ 2/ 19 धारा 341, 323, 457, 379, 384, 386, 387, 435, 34 भादवि के वांछित टीपीसी एवं आरसीसी संगठन के सक्रिय सदस्य वारंटी अभियुक्त बबलू यादव उर्फ डब्लू यादव, पिता स्व शिवा यादव, ग्राम खरारी, टोला दोमुहान, थाना हंटरगंज, जिला चतरा को सूचना मिलने पर टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### पुलिस ने की पोस्ते की खेती को नष्ट

**नौडीहा बाजार पलामू।** बिहार-झारखंड और चतरा जिला के सीमा क्षेत्र के रायबार नवीगढ़ में लगी 15 एकड़ में पोस्ता के खेती को नौडीहा थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण ने शुक्रवार को नष्ट कर दिया। बताया कि किसी भी सूरत में इस थाना क्षेत्र में अवैध धंधा नहीं चलने दिया जायेगा और जो भी इस काम में लगे हैं उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी।

### हर वर्ग के लोगों को मिला केंद्र सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ : अमित



**तरहसी पलामू।** भाजपा मंडल के नेतृत्व में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला की गयी। जिसमें पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी शामिल थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब, शोषित और पिछड़े लोगों के लिए लगभग 200 योजना धरातल पर उतारने का कार्य किया है जिससे शत प्रतिशत लाभ पहुंच रहा है। समाज के हर वर्ग को केंद्र सरकार ने लाभ पहुंचाया है। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, जिला कार्यसमीत सदस्य विजय ठाकुर, महामंत्री शिवपाल राम, उज्ज्वल पांडेय, शंभु प्रसाद, अनिल सिंह, आलोक पाण्डेय, अमन राज भारती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया शौचालय का उद्घाटन



**पाटन पलामू।** पाटन हाई स्कूल में वर्षों से लंबित शौचालय का उद्घाटन पाटन बीडीओ अमित झा ने किया। 15वें वित्त से 2021-22 में संवेदक मनोरंजन प्रसाद ने शौचालय निर्माण शुरू किया था। लेकिन दीवार खड़ा होने के बाद जमीनी विवाद में शौचालय अधूरा रह गया था। प्राचार्य संतोष कुमार ने कई बार बीडीओ को इस बारे में कहा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। नये बीडीओ ने इसे संज्ञान में लिया और कार्य पूरा करवाया। बीडीओ ने पाटन पशु अस्पताल का भी निरीक्षण किया। मौके पर को-ऑर्डिनेटर चितरांगद कुमार, शक्ति शंकर गुप्ता, सेमरी मुखिया प्रतिनिधि शिव साव, संवेदक मनोरंजन प्रसाद, प्राचार्य संतोष कुमार, शिक्षक सलीम अंसारी, प्रभाकर, प्रमोद, नेहा समेत कई मौजूद थे।

### काशी सोत डैम का होगा विस्तार



**मोहम्मदगंज पलामू (अनूप कुमार)।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में काशीस्रोत डैम (मध्यम सिंचाई योजना) के निर्माण के लिए लागत राशि 1246.45502 के द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के किसानों ने खुशी जताई है। जिला पार्षद अंजू देवी ने इसके लिए विधायक कमलेश सिंह सहित राज्य सरकार के प्रति आभार जताया है। कहा कि वर्ष 2022 में तत्कालीन उपायुक्त ए दोड्डे को आवेदन देकर प्रखंड के सिंचाई के लिए काशीस्रोत सहित उत्तर कोयल मुख्य नहर की विभिन्न लघु वितरणियों का पुनर्निर्माण कराने की मांग उन्होंने की थी। इसका सीधा लाभ गोडाडीह, भाली, बटउआ, डाली, क्वलपुरा, कररिया, सबनवा, पटखोलिया, गजरही, राणाडीह, भगड़ा सहित दर्जनों गांव के किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

### शिवरात्रि मेला स्थल की हुई सफाई



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के गांधीपुर शिवघाट स्थित शिव मंदिर मेला समिति ने मेला स्थल की साफ सफाई बबलू पाण्डेय के नेतृत्व में करायी। महुगावां के बबलू पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा धार्मिक आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने जेसीबी मशीन भेजकर पूरे मेला स्थल की साफ सफाई एवं सुंदरीकरण कराया। मेला स्थल पर सुबह से ही समिति के सदस्य पूरी तत्परता के साथ डटे थे। सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष 8 मार्च को लगने वाला महाशिवरात्रि का मेला ऐतिहासिक होगा। भोजपुरी गायिका दीपिका ओझा एवं गायक धनंजय शर्मा कार्यक्रम देंगे। मेला कमेटी के मुख्य संरक्षक मंगल सिंह, सुनील सिंह, रामलाल चौरसिया, प्रदीप दुबे जी को बनाया गया। जबकि योगेंद्र सिंह को अध्यक्ष, श्यामलाल चौरसिया, तथा संजय पासवान को उपाध्यक्ष, पं. विकास दुबे एवं मनोज सिंह को महामंत्री, राहुल चौरसिया को कोषाध्यक्ष, दिवाकर दुबे अधिवक्ता बनाये गये।

### सिंगरा में छापेमारी कर चार ट्रैक्टर जब्त



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के अमानत और कोयल नदी से बालू उठा रहे माफियाओं पर नये थाना प्रभारी उत्तम राय ने बड़ी कार्रवाई की। बीती रात बालू उठा रहे चार ट्रैक्टर जब्त कर लिया। बालू उठाव की गुप्त सूचना थाना प्रभारी को मिली। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए सदल बल के साथ छापेमारी में निकल पड़े। पुलिस वाहन देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहे।

### झामुमो ने किया उपवास कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित बापू वाटिका में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में उपवास किया। भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर, हेमंत सोरेन जी के अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तारी के विरोध में उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पलामू से गये सभी नेताओं ने बापू वाटिका के समक्ष उपवास धारण किया। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया ₹आज हम सबों ने बापू वाटिका के समझ उपवास धारण किया है, आज झामुमो के सभी कार्यकर्ता और झारखंड की जनता भाजपा के कुकृत्य से तंग आ चुके हैं। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों को तोता बना कर रखी है, भाजपा के संगठन की तरह ईडी काम कर चुकी है, और देश में जैसे अघोषित आपातकाल है।

# डॉ रहमान अपहरण कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

- अन्य अभियुक्त जल्द होंगे गिरफ्तार : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के राजटोली निवासी फिरोज खान उर्फ डा रहमान खान को अज्ञात अपराधियों ने 26 फरवरी को क्लिनिक से अपहरण कर लिया था। इसके बाद अपहरणकर्ताओं ने अपहत के परिजनों से दो करोड़ फिरौती की मांग किये थे। इस मामले में अपहत की पत्नी नाज परवीन ने हुसैनाबाद थाना में तीन चार अज्ञात अपराधियों के खिलाफ अपहरण का प्राथमिकी दर्ज करायी थी।



**खास बातें :** एसपी रीष्मा रमेसन ने हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो के नेतृत्व में टीम गठन कर मामले का उद्भेदन का निर्देश दिया था। इसके उद्भेदन में तकनीकी शाखा एवं गुप्तचरों के सहयोग से प्रिंस कुमार सिंह उर्फ चिकु सिंह पिता मनोज कुमार सिंह ग्राम उपरी कला करमाही हुसैनाबाद को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। इसके बाद अपहरण कांड का परत दर परत खुलासा होता चला गया। एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अपहृत डा खान को डालटनगंज से एक किराये के मकान से सकुशल बरामद कर लिया गया है। इस मामले में तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अपहरणकर्ताओं का मात्र एक ही उद्देश्य था कि फिरौती की मोटी रकम बरामद करना। उन्होंने कहा कि इस अपहरण कांड में हुसैनाबाद व शहर थाना पुलिस ने काफी प्रयास से मामले का उद्भेदन किया है।

# पलामू के लाल श्रीदेव उपाध्याय राष्ट्रपति के हाथों हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड रांची के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा एम टेक डिग्री वितरण कार्यक्रम में मेदिनीनगर निवासी राजदेव उपाध्याय के तीसरे पुत्र श्रीदेव उपाध्याय को सम्मानित किया गया। श्री देव सहायक अभियंता ग्रामीण विभाग के पद पर सरायकेला झारखंड सरकार में कार्यरत है। उन्हें मानद एम टेक सिविल की डिग्री महामहिम ने दी। राष्ट्रपति से सम्मानित होने के बाद पलामू के लोगों में खुशी का लहर है। श्री देव उपाध्याय ने महामहिम से सम्मानित होने के बाद मीडिया से कहा कि इस पुरस्कार का असली हकदार मेरे मां पिताजी और मेरे दोस्त हैं। जिन लोगों ने मुझे मदद कर इस काबिल बनाया। श्री देव ने कहा कि वे मध्यम परिवार से आते हैं। शहर के लोगों ने मुझे ढेर सारा प्यार दिया है। श्री देव उपाध्याय ने बताया कि आईएएस बनना मेरा लक्ष्य है। इसकी तैयारी लगन से कर रहे हैं।




पांकी विधायक ने विधानसभा में उठाया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खुलवाने का मामला, बोले

# झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में पल्मोनरी मेडिसीन की पढ़ाई हो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में पांकी विस क्षेत्र के पांकी, नीलांबर पीतांबरपुर, तरहसी, मनातू व सतबरवा प्रखंड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खुलवाने का मामला उठाया है।

डॉ मेहता ने सदन में कहा कि पांकी विस क्षेत्र में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं होने के कारण युवाओं को दूसरे स्थानों पर जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने से अनावश्यक समय व आर्थिक व्यय करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पांकी विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना कराना चाहती है हों तो कब तक नहीं तो क्यों। जवाब दिया गया कि जिला अंतर्गत पांच आईटीआई संचालित है। डालटनगंज, हुसैनाबाद, छतरपुर, सतबरवा व विश्रामपुर में प्रशिक्षण केंद्र चल रहा है। पांकी विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों में आईटीआई की स्थापना का प्रस्ताव सरकार स्तर पर विचाराधीन नहीं है।



**खास बातें :** वहीं विधायक ने झारखंड में चिकित्सा महाविद्यालयों में फेफड़े से संबंधित रोगों के लिए पल्मोनरी मेडिसीन की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। झारखंड में खनन क्षेत्रों में जुड़े लोगों के फेफड़ों से संबंधित गंभीर रोगों से ग्रसित होने की समस्या पायी जाती है। कोविड के दौरान वैश्विक जानलेवा महामारी से जूझते वक्त राज्य में विशेषज्ञ विभागों के होने से अधिक ग्रसितों का बचाव किया जा सकता था। जवाब में कहा कि पल्मोनरी मेडिसीन की पढ़ाई की व्यवस्था तत्काल प्रस्तावित नहीं है। विधायक ने शून्य काल के दौरान झारखंड के इन्वायरमेंट इंपैक्ट एसेसमेंट ऑथिरिटी व स्टेट एक्सपर्ट एप्रीसल कमेटी का कार्यकाल दो नवंबर 2023 को खत्म हो गया है। इससे पर्यावरण क्लीयरेंस पर आधारित छोटे माइनिंग व उत्पादन कार्य से जुड़ी इकाई को सीटीओ नहीं मिलने से आगामी अप्रैल से बंद हो जायेगी। उन्होंने औद्योगिक इकाई के संचालन के लिए सीटीओ देने की मांग की। ताकि उद्योगों को बचाया जा सके।

# असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए मिलेगा पांच लाख रुपये : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना में मरीजों को उचित लाभ दिलाने का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना में मरीजों को पांच लाख तक का लाभ पूर्व में जिला स्तर पर सिविल सर्जन के द्वारा स्वीकृत किया जाता था। परंतु कुछ माह



डॉ शशिभूषण मेहता, विधायक।

पूर्व झारखंड सरकार के द्वारा इसमें बदलाव करके सिविल सर्जन की अनुशंसा के बाद, निदेशक, जेसास, नामकुम, रांची के द्वारा स्वीकृत किया जा रहा था। जिसमें गंभीर रूप से बीमार मरीजों का कई बहुमूल्य दिन नष्ट हो जाता था। विधायक द्वारा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रश्न किया गया था तथा स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष आपत्ति दर्ज करायी गयी थी। झारखंड सरकार ने कैबिनेट की बैठक में उक्त आदेश को विलोपित करते पुनः पांच लाख तक का चिकित्सा अनुदान सिविल सर्जन के द्वारा जिला स्तर पर स्वीकृत करने का आदेश पारित किया।

### झारखंड में नौ मार्च को आर्थिक नाकेबंदी : सतीश

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की 9 मार्च को आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा चंपई सोरेन सरकार को चेतावनी है। अलग राज्य के आंदोलन में शिरकत किये आंदोलनकारी मुख्यमंत्री भी उसी राह के राही हैं जो 23 वर्ष के झारखंड के साथ आंदोलनकारियों के साथ मान सम्मान और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ करते आये हैं। चालू बजट सत्र में झारखंड का कोई भी विधायक व मंत्री ने शून्य काल मे आंदोलनकारी के समस्या को नहीं उठाना, अलग झारखंड के आंदोलनकारियों के साथ इनकी विकृत मानसिकता और धोखा है। 9 मार्च की तैयारी में दीवार लेखन और अन्य प्रचार के तरीके का इस्तेमाल करें। इसकी जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने दी है।

## सेवानिवृत्त होने पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास को उनकी सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह किया गया। गोपनीय कार्यालय में आयोजित समारोह में आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, उप निदेशक कल्याण आलोक कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी, आयुक्त कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय के कर्मियों ने उन्हें अंगवस्त्र, गुलदस्ता एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। आयुक्त के सचिव विजय वर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव है। अब वे स्वयं के लिए समय का आनंद ले सकेंगे। सरकारी सेवा में रह आमजनों के लिए कार्य करते रहे। अब इस दायरों से अलग रहकर भी आमजनों से सीधे जुड़कर कार्य कर सकेंगे। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की। उपनिदेशक कल्याण आलोक कुमार ने कहा कि प्रमंडलीय आयुक्त के अनुभव से अब महरूम होना पड़ेगा।



## थाना परिसर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 8 मार्च को शिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जाना है। क्षेत्र में यह पर्व शान्ति और सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न हो।

इसके लिए सभी को तत्पर रहना चाहिए। इसे लेकर विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पूजा समिति को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। मालूम हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजगंज में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसके लिए आयोजन समिति के सदस्यों सहित सभी लोगों से कार्यक्रम को शांतिपूर्ण माहौल में सफल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने एनएच 98 किनारे स्थित नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग भी की।



### केंद्र के विरोध में झामुमो का उपवास कार्यक्रम



**छतरपुर पलामू।** रांची मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिका के गेट के पास झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार की षडयंत्रपूर्वक कार्रवाई के विरोध में उपवास कार्यक्रम झामुमो ने किया। झामुमो मेदिनीनगर के महानगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल उर्फ फंटूश, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष विशाल सिन्हा, उपाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, अशोक पांडे, राजन चौधरी, पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा एवं जिला के पदाधिकारीगण, केंद्रीय समिति सदस्यगण ने उपवास किया।

### सिंदरी में यूरिया संयंत्र का उद्घाटन आत्मनिर्भर भारत का प्रमाण : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड आगमन और उनके द्वारा हजारों करोड़ की लागत से निर्मित सिंदरी यूरिया संयंत्र के साथ कई योजनाओं और परियोजनाओं का उद्घाटन झारखंड राज्य के साथ पूरे देश के हरित क्रांति को मजबूती प्रदान की है। कहा कि सिंदरी यूरिया संयंत्र का उद्घाटन झारखंड और पूरे देश के लिए समृद्धि और प्रगति के एक नये युग की शुरुआत है।

## पिपरा में कुश्ती डे बोर्डिंग सेंटर का चयन ट्रायल शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के अखाड़ा पिपरा परिसर में शुक्रवार को झारखंड राज्य कुश्ती संघ और जिला खेल पदाधिकारी के निर्देश पर कुश्ती डे बोर्डिंग सेंटर चयन का ट्रायल शुरू किया गया। इस दौरान हॉकी उपाध्यक्ष सह भारतीय हॉकी संघ के महासचिव व झारखंड कुश्ती संघ के अभिभावक भोलानाथ सिंह एवं विधायक हुसैनाबाद हरिहरगंज कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से प्रखंड पीपरा का चयन डे बोर्डिंग सेंटर के लिए हुआ है। चयन प्रक्रिया का शुभारंभ थाना प्रभारी विमल कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि रामाशीष पासवान ने खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त कर किया गया।

### शहर थाना क्षेत्र से दिन दहाड़े डेढ़ लाख की लूट, प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के अति व्यस्ततम क्षेत्र जय भवानी संघ चौक के पास दिन दहाड़े अज्ञात अपराधियों ने एक व्यवसायी से डेढ़ लाख रूपये लूटकर फरार हो गये। कुंड मुहल्ला के मिथिलेश सिंह ने शहर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। श्री सिंह ने कहा कि अपनी बेटी की शादी के लिए दो लाख रूपये पंजाब नेशनल बैंक से निकासी कर खरीदारी के लिए मुख्य बाजार में दो व्यवसायियो को 25-25 हजार रुपये दिये।

## विधायक कमलेश ने डालटनगंज से हवाई सेवा पर सरकार से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- डालटनगंज रांची, डाल्टनगंज पटना के लिए 19 सीटर विमान की अनुमति प्राइवेट कंपनी को मिली



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सरकार से डाल्टनगंज से हवाई सेवा शुरू कराने के संबंध में सवाल पूछा है। उन्होंने पूछा कि 2021 में केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के तहत डाल्टनगंज से रांची व डाल्टनगंज से पटना की हवाई यात्रा प्रारंभ करने की योजना प्रस्तावित है। इस पर सरकार ने जवाब दिया कि भारतीय विमान प्राधिकरण ने राज्य सरकार को सूचित किया है कि डाल्टनगंज (चियांकी) हवाई अड्डा को भारत सरकार की आरसीएस उड़ान 4.2 के तहत चिह्नित किया गया है। जिसमें अवियिशान कनेक्टिविटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड को 19 सीटर विमान का संचालन डाल्टनगंज रांची डाल्टनगंज व डाल्टनगंज पटना डाल्टनगंज की अनुमति प्रदान की गयी है।

### झारखंड कृषि ऋण माफी योजना को ले कार्यशाला



**उंटारी रोड।** प्रखंड सभागार उंटारी रोड में प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा शाहू की अध्यक्षता में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना से संबंधित एकदिवसीय कार्यशाला की गयी। जिसका मुख्य उद्देश प्रखंड अंतर्गत वैसे लाभुक जो योग्य हैं किसी कारण वस माफी की पक्रिया नहीं कराए हैं उनको जागरूक करना है। प्रखंड उंटारी रोड अंतर्गत कुल 264 वैसे किसान हैं जो अपनी ई केवाईसी नहीं कराये हैं वह करा लें। कार्यशाला में बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुरमाखुर्द मुखिया राम बच्चन राम, करकटा पंचायत समिति सदस्य सतेश्वर मेहता, बंजारी के उप मुखिया, वार्ड सदस्य, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक, किसान मित्र व किसान उपस्थित थे।

# कठौतिया माइंस में वैल्यू माह का समापन

## हिंडालको अपने पांच वैल्यू को आत्मसात कर निरंतर कर रही है प्रगति : मैनक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पंडवा पलामू।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में वैल्यू मंथ के समापन पर समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह में हिंडालको के पांच वैल्यू पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। वैल्यू मंथ के दौरान पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में विवेक सिंह को प्रथम, गौतम सिन्हा को द्वितीय, नीलम चौबे व दीपक कुमार सिंह को तृतीय स्लोगन में अनील तिवारी को प्रथम, मणीकांत



उपस्थित लोगों को संबोधित करते यूनिट हेड मैनक।

सिंह को द्वितीय व अजीत कुमार को तृतीय पुरस्कार दिया गया। समारोह की अध्यक्षता एचआर हेड अरूप बनर्जी ने किया। मौके पर यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कर्मियों ने अपने पांचों वैल्यू को आत्मसात कर काम करते हैं उसी का प्रतिफल है कि आज हिन्डालको निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने कहा कि हिंडालको कभी भी अपने पांचों वैल्यू एवं सेफ्टी को लेकर कभी भी समझौता नहीं किया। यूनिट एचआर हेड अरुप बनर्जी ने बताया कि कंपनी अपने पांच वैल्यू ईमानदारी, कमिटमेंट,जुनून, सिमलेसनेस एवं गति अपना कर ही काम करतीं। हम सभी को काम करने के दौरान अपने काम को ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए काम के दौरान यह नहीं देखना चाहिए कि हमारे काम को कोई देख तो नहीं रहा है। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने वैल्यू मंथ के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

**खास बातें :** मौके पर माइंस मैनेजर राजु सिंह, अश्विनी कुमार, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, केसी मोदक, संतन चक्रवर्ती, उज्जवल डे, अमूल्य प्रताप सिंह, विशाल कश्यप, अमरेंद्र सिंह, आर आर शुक्ला, सुमित कुमार, अदिति घोष, लोकेश कश्यप, नितेश पौराणिक, शैलेंद्र सिंह, जयंत शुक्ला समेत कई लोग मौजूद थे।

# समाज के प्रति समर्पण पिता के लिए होगी सच्ची श्रद्धांजलि : अविनाश देव

- दिवंगत सुदामा पंडित के पुण्यतिथि पर उनके साथियों ने दी श्रद्धांजलि, भावुक हुए लोग
- सुदामा के विचारों में दिखती थी भविष्य की चमक : केडी सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** देश में जन्मे प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का भाव रखना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। जो अपनी कर्तव्य व दृढ़ संकल्प के साथ समाज के प्रति अटूट समर्पण, शिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, व बेहतर समाज निर्माण के लिए जो हमेशा खड़ा रहता है लोग उनके मृत्यु के बाद सिर्फ याद ही नहीं करते बल्कि पूजते भी हैं। ऐसे ही एक महान हस्ती संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव के पिता स्व सुदामा पंडित के पुण्यतिथि 29 फरवरी गुरुवार को विद्यालय के सभागार में मनाई गई। जहां जिले के कई समकालीन साथियों ने उनके पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित स्व सुदामा पंडित के विचारधारा व उनके आंदोलन में साथ दे रहे कई दिगज समाजसेवी मौजूद उस दौर में घटित घटना व कुछ लम्हे को याद करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता रामनाथ चंद्रवंशी ने बताया कि आज हमारे बीच स्व. सुदामा पंडित जी मौजूद नहीं है लेकिन समाज के प्रति उनके प्रयास एवं शिक्षा गरीबी व भ्रष्टाचार के प्रति उठाया हुआ आवाज आज भी हमारे कानों तक गूंजती है।

स्पीड न्यूज

## आज से जेएन टाटा की स्मृति में रेडक्रॉस का नेत्र शिविर



**जमशेदपुर।** जब पूरे शहर में 2 मार्च से टाटा समूह के संस्थापक महान जमशेतजी नौशेरवान जी टाटा की 185वीं जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं रौशनी की लड़ी जगमगायेगी, ऐसे ही समय में भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति जेमीपोल कम्पनी के सहयोग से 50 लोगों के आंखों को फिर से नयी रौशनी देने के अभियान का शुभारंभ किया जायेगा, जो जेमीपोल के द्वारा टाटा समूह के संस्थापक जमशेतजी नौसेरवानजी टाटा की 185वीं जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में होगा। 2 मार्च से 4 मार्च तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र शिविर आयोजित किया जायेगा, जिस कड़ी में 2 मार्च को 200 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच एवं उन्हें ओपीडी सेवा देगी।

## सूर्य मंदिर समिति का निबंधन रद करने पर शीघ्र निर्णय : मंत्री

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति सिद्गोड़ा, जमशेदपुर का निबंधन रद्द करने के पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त की अनुशंसा पर सरकार शीघ्र निर्णय लेगी। विधायक सरयू राय के अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर में निबंधन मंत्री हफीजुल हसन ने विधानसभा में यह सूचना दी। सरकार ने विधानसभा में स्वीकार किया कि पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त ने पत्रांक-2162, दिनांक 29.12.2022 द्वारा सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 में निबंधित जमशेदपुर की संस्था सूर्य मंदिर समिति का निबंधन रद्द करने एवं संस्था के विरूद्ध जांच करने के लिए निबंधन महानिरीक्षक, झारखंड से अनुशंसा की है। निबंधन मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य के निबंधन महानिरीक्षक ने इस मामले की जांच के लिए बिहार संस्था नियमावली (झारखंड द्वारा अंगीत) के नियम-12 के तहत कार्यालय आदेश संख्या-295, दिनांक 27092023 द्वारा एक त्रि-सदस्यीय समिति गठित की है।

महाभंडारा के साथ सात दिवसीय श्रीराम कथा सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न

# सूर्यधाम में 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

■ विशाल भंडारा में दिखी सामाजिक समरसता की झलक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ एवं देवी-देवताओं के प्रतिमा के पुनः प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा समेत 11 दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को विशाल महाभंडारा के साथ समापन हुआ। महाप्रसाद वितरण हेतु सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में 20 कांउटर लगाये गये थे। वहीं, मैदान के बाहर 10 काउंटर शीतल पेय के लगाए गए थे। प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पंडाल में दोनों तरफ मंदिर कमेटी ने प्रसाद वितरण की व्यवस्था की थी। दोपहर 12 से देर शाम तक चले भंडारे में करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी, सब्जी, चटनी, खीर एवं बूंदिया का महाभोग परोसा गया।

# निरंजन को बिरसानगर से ₹20 लाख के लिए उठाया

## फिरौती के लिए अपहरण में शामिल महिला समेत पांच गिरफ्तार

■ सभी आरोपी पुरुलिया जिले के रहने वाले



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पश्चिम बंगाल के बदमाशों ने बिरसानगर जोन नंबर एक दास पाड़ा के रहने वाले निरंजन दास का 29 फरवरी को अपहरण कर लिया था। यह अपहरण 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने के लिए किया गया था। घटना की निरंजन दास की पत्नी आशा दास ने घटना की जानकारी देते हुए बिरसानगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी।

प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आ गई। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर बिरसानगर पुलिस ने पुरुलिया पुलिस की मदद से पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले के बाघमुंडी के रहने वाले पांच अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर निरंजन दास को बरामद कर लिया है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में डॉक्टर उर्फ चमन खान, सुदीप राय, तपन रजक, तपन रजक की पत्नी करुणा रजक और विकास सिंह मोर शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि डॉक्टर उर्फ चमन खान अपहरणकर्ताओं का सरगना है। यह रुपए दुगना काम करने का काम करता है। निरंजन दास ने चमन से एक लाख रुपये उधार लिया था।

### ब्यूटी पार्लर से सीसीटीवी-डीवीआर जब्त

**जमशेदपुर।** सोनारी स्थित मेट्रोना ब्यूटी पार्लर के चेंजिंग रूम में सी सी टीवी कैमरे में महिलाओं की विडियोज कैद करने के मामले में न्यायालय के आदेश के बाद सोनारी थानाप्रभारी द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए मामले को सोनारी थाना कांड संख्या - 26/2024 के रूप में दर्ज कर लिया है। इतना ही नहीं बल्कि नवपदस्थापित डीएसपी निरंजन तिवारी एवं थानाध्यक्ष सोनारी द्वारा ब्यूटी पार्लर से सी सी टीवी डीवीआर भी जब्त करते हुए आरोपी संचालिका को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41। के तहत नोटिस भी दी गई है। शिकायतकर्ता ने बताया की पुलिस ने स्वयं मेरा एवं मेरी पत्नी का बयान दर्ज कर लिया है एवं आगे की कानूनी प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। इस मामले में शिकायतकर्ता के अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय ने पुलिस की कारवाई को आवश्यक बताते हुए कहा की इस प्रकार के अपराध समाज में महिलाओं के बीच असुरक्षा की भावना पैदा करती है। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कारवाई अपराध के प्रति पुलिस की गंभीरता को दर्शाता है।

## जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे स्टिकर अभियान चलायेगी सनातन उत्सव समिति



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हिंदुवादी संगठन सनातन उत्सव समिति लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए स्टिकर अभियान चलायेगी। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण और नवीन विग्रह स्थापना के साथ ही रामभक्तों की वर्षों पुरानी प्रतिक्षा सफल हुई। इससे गौरवान्वित सनातन उत्सव समिति ने भाजपा के समर्थन में व्यापक माहौल बनाने का निर्णय लिया है। संस्था प्रमुख हिंदुवादी नेता चिंटू सिंह ने बताया कि जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे जनसंपर्क अभियान का नारा है। श्री सिंह ने कहा कि यह केवल नारा नहीं बल्कि प्रत्येक श्रीराम भक्त का संकल्प है।

# नारायण आइटीआई में याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में मोरारजी देसाई की जयंती मनायी गयी एवं संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांड और संस्थान के सभी अनुदेशक के द्वारा तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि वह प्रथम प्रधानमंत्री थे जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बजाय अन्य दलों से थे वही एकमात्र व्यक्ति हैं जिन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न एवं पाकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान निसान ए पाकिस्तान से सम्मानित किया गया था। पांडे ने कहा कि मोरारजी देसाई का जन्म 29 फरवरी 1896 को गुजरात के बरेली नामक स्थान पर हुआ था। उनका संबंध एक ब्राह्मण परिवार से था। मुरारजी देसाई की शिक्षा दीक्षा मुंबई के एलफिंस्टन कॉलेज में हुए जो उसे समय काफी महंगा और खर्चीला माना जाता था।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण को लेकर 50 किसानों का दल बस से रायपुर रवाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एमआइडीएच राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत राज्य के बाहर पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडो के 50 कृषकों को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, रायपुर, छतीसगढ़ बस से रवाना किया गया। मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा किसानों को यात्रा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुभकामनायें दी। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी मौजूद रहीं। इस प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण के दौरान कृषको को टिश्यू कल्चर बनाना लैब, वीएनआर अमरूद बगान, प्रगतिशील कृषकों के खेत का भ्रमण कराया जायेगा एवं जैविक खेती, उच्च मूल्य वाली फसलों, सजावटी फसलों, प्रसंस्करण एवं अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## अगर कोई आपकी बुराई करता है तो उसे सहर्ष स्वीकार कीजिये



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानव विकास हाई स्कूल, गरुड़बासा, हुडलूंग में केरल के तपोवन आश्रम के संस्थापक स्वामी निरवेशानंद ने बच्चों में नैतिक शिक्षा का संचार के, अपने संस्कृति के प्रति रूचि बढ़ाने के एक कार्यशाला का आयोजन किया। मौके पर उन्होंने बच्चे अपना आत्मविश्वास अपने से कैसे विकसित करें इसका जानकारी दी। साथ ही बताया कि यदि कोई आपका आलोचना करता है, आपका बुराई करता है तो उसे सहर्ष शिकार करना चाहिए। साथ ही यदि यह सच है तो उसे दूर करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। अपने शारीरिक खुराक के साथ साथ अच्छे संगती में रहकर मानसिक खुराक भी लेना चाहिए। शिक्षा का मतलब सिर्फ नौकरी नहीं होता।

# गुड न्यूज : खेल को आगे बढ़ाने में अरका जैन यूनिवर्सिटी को हर संभव मदद देगी टाटा स्टील

■ यूनिवर्सिटी के खेल परिषद का एकदिवसीय कोच सम्मेलन आयोजित

■ टाटा स्टील की स्पोर्ट्स हेड विभूति अडहेरा समेत 30 से अधिक स्कूलों के खेल प्रशिक्षकों ने की शिरकत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन विवि में खेल परिषद ने एकदिवसीय कोच सम्मेलन किया। इसकी मुख्य अतिथि जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स की हेड विभूति अडहेरा थीं। सम्मेलन में 30 से भी अधिक विभिन्न स्कूलों से आये खेल प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया। मौके पर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स हेड विभूति अडहेरा ने अपनी बातों को रख यूनिवर्सिटी स्तर पर खेल को आगे बढ़ाने में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सह डायरेक्टर डॉ अमित श्रीवास्तव को उन्होंने इसके प्रति आश्वस्त किया।



विभूति अडहेरा को स्मृति चिह्न प्रदान करते अरका जैन विवि के निदेशक डा अमित श्रीवास्तव। साथ में डा एसएस रजी।

**खास बातें :** वहीं विभिन्न स्कूलों से आये शिक्षक यूनिवर्सिटी में उपलब्ध सुविधाओं को देख काफी प्रभावित हुए। उन्होंने स्कूली जीवन से लेकर जो खिलाड़ी यूनिवर्सिटी जीवन में खेल से अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उन्हें विवि में दाखिला दिलाने तथा हर सुविधा मुहैया करवाने का अनुरोध किया। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सह डायरेक्टर डॉ अमित श्रीवास्तव ने उन्हें भरोसा दिलाया कि बच्चों को ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी से लेकर खेलो इंडिया तक के खेलों में भाग दिलाया जायेगा। साथ ही विभिन्न आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवायी जायेंगी, ताकि वे यूनिवर्सिटी तथा देश का नाम रोशन करें।



## जिला परिवहन पदाधिकारी, का कार्यालय कोडरमा।

### आवश्यक सूचना

जिला परिवहन कार्यालय, कोडरमा में निबंधित निम्न वाहनो के वाहन मालिकों द्वारा पथ कर का भुगतान नही किया जा रहा है। पथ कर भुगतान किये बिना वाहनों को परिचालन कानूनन अपराध है। लेखा परीक्षा के निरीक्षण महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखण्ड का कार्यालय, रॉची का आ० शा० पत्रांक-ए०एम०जी 111/SOF/परिवहन/2023-24/21 दिनांक-12.01.2024 द्वारा प्रतिवेदन मे निम्न वाहनों पर आपत्ति उठाई गई है। सूचि निम्न है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने वाहन सं० के सामने अंकित बकाया पथ कर राशि एवं अद्यतन राशि का भुगतान अविलंब ई-पेंमेट की माध्यम से सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर करते हुये एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा वसूली हेतु नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

| S No | REG NO | CLASS | TAX PAID UPTO | revised rate period from | revised rate period to | revised rate Qtrs | old rates in r/o (k) qtrly RT | old rates in r/o (k) Qtrly ART | revised rates | new rate tax due | Penalty | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH12D8625 | HGV | 2/20/2021 | 21.02.21 | 20.08.23 | 10 | 3555 | 2717 | 6200 | 62000 | 124000 | 186000 |
| 2 | JH12D8731 | HGV | 10/9/2021 | 10.10.21 | 09.10.23 | 8 | 3214 | 2333 | 5800 | 46400 | 92800 | 139200 |
| 3 | JH12D8915 | HGV | 12/2/2021 | 03.12.21 | 02.09.23 | 7 | 4238 | 3153 | 7200 | 50400 | 100800 | 151200 |
| 4 | JH12D9369 | LGV | 9/30/2022 | 01.10.22 | 30.09.23 | 4 | 235 | 380 | 1000 | 4000 | 8000 | 12000 |
| 5 | JH12D9663 | HGV | 10/9/2021 | 10.10.21 | 09.10.23 | 8 | 3555 | 2717 | 6200 | 49600 | 99200 | 148800 |
| 6 | JH12D9732 | MGV | 2/7/2021 | 08.02.21 | 07.11.23 | 11 | 403 | 712 | 1600 | 17600 | 35200 | 52800 |
| 7 | JH12D9733 | HGV | 1/10/2021 | 11.01.21 | 10.10.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 8 | JH12D9764 | HGV | 7/16/2022 | 17.07.22 | 16.10.23 | 5 | 4238 | 2943 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 9 | JH12D9826 | HGV | 7/18/2021 | 19.07.21 | 18.10.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 10 | JH12D9832 | HGV | 2/25/2021 | 26.02.21 | 25.08.23 | 10 | 4238 | 3153 | 7200 | 72000 | 144000 | 216000 |
| 11 | JH12D9874 | HGV | 2/9/2021 | 10.02.21 | 09.11.23 | 11 | 3555 | 2717 | 6200 | 68200 | 136400 | 204600 |
| 12 | JH12D9987 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 13 | JH12E0495 | HGV | 12/13/2021 | 14.12.21 | 13.09.23 | 7 | 4238 | 3153 | 7200 | 50400 | 100800 | 151200 |
| 14 | JH12E0535 | HGV | 6/17/2021 | 18.06.21 | 17.09.23 | 9 | 2736 | 2194 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 15 | JH12E0546 | HGV | 9/19/2022 | 20.09.22 | 19.09.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 16 | JH12E0553 | HGV | 12/26/2020 | 27.12.20 | 26.09.23 | 11 | 4238 | 3153 | 7200 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 17 | JH12E0595 | HGV | 3/27/2022 | 28.03.22 | 27.09.23 | 6 | 4238 | 2943 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 18 | JH12E1346 | HGV | 4/23/2021 | 24.04.21 | 23.10.23 | 10 | 3555 | 2717 | 6200 | 62000 | 124000 | 186000 |
| 19 | JH12E1362 | HGV | 7/28/2022 | 29.07.22 | 28.10.23 | 5 | 4784 | 3502 | 8000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 20 | JH12E1436 | HGV | 2/7/2022 | 08.02.22 | 07.11.23 | 7 | 3555 | 2717 | 6200 | 43400 | 86800 | 130200 |
| 21 | JH12E1437 | MGV | 5/7/2021 | 08.05.21 | 07.11.23 | 10 | 403 | 712 | 1600 | 16000 | 32000 | 48000 |
| 22 | JH12E1747 | HGV | 10/7/2021 | 08.10.21 | 07.10.23 | 8 | 2736 | 2048 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 23 | JH12E2061 | HGV | 8/2/2021 | 03.08.21 | 02.11.23 | 9 | 4238 | 2943 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 24 | JH12E2351 | HGV | 10/1/2022 | 02.10.22 | 01.10.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 25 | JH12E2404 | HGV | 7/14/2021 | 15.07.21 | 14.10.23 | 9 | 2736 | 2194 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 26 | JH12E2560 | HGV | 1/26/2021 | 27.01.21 | 26.10.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 27 | JH12E2577 | HGV | 5/1/2022 | 02.05.22 | 01.11.23 | 6 | 3214 | 2333 | 5800 | 34800 | 69600 | 104400 |
| 28 | JH12E2603 | LGV | 1/26/2022 | 27.01.22 | 26.10.23 | 7 | 326 | 581 | 1400 | 9800 | 19600 | 29400 |
| 29 | JH12E3045 | HGV | 5/7/2021 | 08.05.21 | 07.11.23 | 10 | 2736 | 2194 | 5000 | 50000 | 100000 | 150000 |
| 30 | JH12E3091 | HGV | 2/16/2022 | 17.02.22 | 16.11.23 | 7 | 3555 | 2717 | 6200 | 43400 | 86800 | 130200 |
| 31 | JH12E3093 | MGV | 8/16/2021 | 17.08.21 | 16.11.23 | 9 | 403 | 712 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 32 | JH12E3865 | MGV | 3/21/2022 | 22.03.22 | 21.09.23 | 6 | 403 | 712 | 1600 | 9600 | 19200 | 28800 |
| 33 | JH12E4511 | HGV | 2/12/2021 | 13.02.21 | 12.11.23 | 11 | 4238 | 3153 | 7200 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 34 | JH12E4573 | HGV | 12/25/2020 | 26.12.20 | 25.09.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 35 | JH12E5379 | MGV | 5/25/2021 | 26.05.21 | 25.08.23 | 9 | 403 | 712 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 36 | JH12E5664 | HGV | 7/8/2022 | 09.07.22 | 08.10.23 | 5 | 1542 | 1453 | 3400 | 17000 | 34000 | 51000 |
| 37 | JH12E6077 | HGV | 3/17/2021 | 18.03.21 | 17.09.23 | 10 | 4238 | 3153 | 7200 | 72000 | 144000 | 216000 |
| 38 | JH12E6324 | HGV | 7/20/2021 | 21.07.21 | 20.10.23 | 9 | 3555 | 2717 | 6200 | 55800 | 111600 | 167400 |
| 39 | JH12E6443 | HGV | 6/9/2022 | 10.06.22 | 09.09.23 | 5 | 2736 | 2048 | 5000 | 25000 | 50000 | 75000 |
| 40 | JH12E6729 | HGV | 1/26/2021 | 27.01.21 | 26.10.23 | 11 | 3214 | 2499 | 5800 | 63800 | 127600 | 191400 |
| 41 | JH12E7023 | HGV | 11/17/2022 | 18.11.22 | 17.11.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 42 | JH12E7068 | HGV | 8/6/2021 | 07.08.21 | 06.11.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 43 | JH12E7310 | HGV | 6/30/2022 | 01.07.22 | 30.09.23 | 5 | 3214 | 2333 | 5800 | 29000 | 58000 | 87000 |
| 44 | JH12E7407 | HGV | 11/4/2022 | 05.11.22 | 04.11.23 | 4 | 2736 | 2194 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 45 | JH12E7647 | HGV | 7/26/2021 | 27.07.21 | 26.10.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 46 | JH12E7756 | HGV | 7/19/2022 | 20.07.22 | 19.10.23 | 5 | 3214 | 2499 | 5800 | 29000 | 58000 | 87000 |
| 47 | JH12E8247 | HGV | 2/1/2021 | 02.02.21 | 01.11.23 | 11 | 4238 | 3153 | 7200 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 48 | JH12E8675 | HGV | 9/9/2021 | 10.09.21 | 09.09.23 | 8 | 2736 | 2194 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 49 | JH12E8711 | HGV | 2/27/2022 | 28.02.22 | 27.08.23 | 6 | 4238 | 3153 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 50 | JH12E9095 | HGV | 12/20/2021 | 21.12.21 | 20.09.23 | 7 | 4238 | 3153 | 7200 | 50400 | 100800 | 151200 |
| 51 | JH12E9227 | MGV | 2/26/2021 | 27.02.21 | 26.08.23 | 10 | 586 | 843 | 2000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 52 | JH12E9436 | MGV | 4/3/2022 | 04.04.22 | 03.10.23 | 6 | 450 | 756 | 1800 | 10800 | 21600 | 32400 |
| 53 | JH12E9448 | HGV | 7/21/2021 | 22.07.21 | 21.10.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 54 | JH12E9586 | HGV | 7/29/2022 | 30.07.22 | 29.10.23 | 5 | 4238 | 3153 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 55 | JH12E9987 | HGV | 10/9/2022 | 10.10.22 | 09.10.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 56 | JH12F0439 | HGV | 8/31/2021 | 01.09.21 | 31.08.23 | 8 | 5261 | 3807 | 8800 | 70400 | 140800 | 211200 |
| 57 | JH12F0539 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 58 | JH12F1503 | HGV | 9/7/2022 | 08.09.22 | 07.09.23 | 4 | 2736 | 2194 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 59 | JH12F2617 | HGV | 8/12/2022 | 13.08.22 | 12.11.23 | 5 | 4238 | 3153 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 60 | JH12F2652 | HGV | 9/17/2022 | 18.09.22 | 17.09.23 | 4 | 3555 | 2717 | 6200 | 24800 | 49600 | 74400 |
| 61 | JH12F3303 | MGV | 4/29/2021 | 30.04.21 | 29.10.23 | 10 | 450 | 756 | 1800 | 18000 | 36000 | 54000 |
| 62 | JH12F3669 | HGV | 7/8/2022 | 09.07.22 | 08.10.23 | 5 | 3555 | 2717 | 6200 | 31000 | 62000 | 93000 |
| 63 | JH12F3775 | HGV | 2/13/2021 | 14.02.21 | 13.11.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 64 | JH12F5120 | HGV | 8/26/2022 | 27.08.22 | 26.08.23 | 4 | 2736 | 2194 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 65 | JH12F5770 | HGV | 9/1/2021 | 02.09.21 | 01.09.23 | 8 | 2736 | 2194 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 66 | JH12F6941 | HGV | 5/18/2021 | 19.05.21 | 18.08.23 | 9 | 2736 | 2194 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 67 | JH12F7313 | HGV | 3/27/2021 | 28.03.21 | 27.09.23 | 10 | 3555 | 2717 | 6200 | 62000 | 124000 | 186000 |
| 68 | JH12F7761 | HGV | 2/6/2021 | 07.02.21 | 06.11.23 | 11 | 1098 | 1148 | 2600 | 28600 | 57200 | 85800 |
| 69 | JH12F9648 | HGV | 3/2/2022 | 03.03.22 | 02.09.23 | 6 | 1098 | 1148 | 2600 | 15600 | 31200 | 46800 |
| 70 | JH12F9767 | HGV | 11/19/2021 | 20.11.21 | 19.08.23 | 7 | 2736 | 2194 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 71 | JH12F9853 | HGV | 8/8/2022 | 09.08.22 | 08.11.23 | 5 | 3214 | 2333 | 5800 | 29000 | 58000 | 87000 |
| 72 | JH12G2598 | HGV | 11/15/2022 | 16.11.22 | 15.11.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 73 | JH12G3471 | HGV | 2/19/2021 | 20.02.21 | 19.08.23 | 10 | 1439 | 1366 | 3200 | 32000 | 64000 | 96000 |
| 74 | JH12G4646 | HGV | 6/30/2021 | 01.07.21 | 30.09.23 | 9 | 4238 | 2943 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 75 | JH12G5612 | MGV | 10/29/2022 | 30.10.22 | 29.10.23 | 4 | 403 | 712 | 1600 | 6400 | 12800 | 19200 |
| 76 | JH12G6475 | HGV | 4/28/2022 | 29.04.22 | 28.10.23 | 6 | 4238 | 3153 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 77 | JH12G7385 | HGV | 9/3/2021 | 04.09.21 | 03.09.23 | 8 | 1542 | 1356 | 3400 | 27200 | 54400 | 81600 |
| 78 | JH12G7431 | HGV | 6/22/2021 | 23.06.21 | 22.09.23 | 9 | 2736 | 2048 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 79 | JH12G8155 | HGV | 10/31/2022 | 01.11.22 | 31.10.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 80 | JH12G9826 | HGV | 3/16/2022 | 17.03.22 | 16.09.23 | 6 | 2736 | 2194 | 5000 | 30000 | 60000 | 90000 |
| 81 | JH12H0499 | HGV | 3/24/2022 | 25.03.22 | 24.09.23 | 6 | 5261 | 3807 | 8800 | 52800 | 105600 | 158400 |
| 82 | JH12H1645 | LGV | 1/28/2021 | 29.01.21 | 28.10.23 | 11 | 178 | 426 | 800 | 8800 | 17600 | 26400 |
| 83 | JH12H4763 | HGV | 5/20/2022 | 21.05.22 | 20.08.23 | 5 | 1542 | 1356 | 3400 | 17000 | 34000 | 51000 |
| 84 | JH12H6107 | HGV | 3/17/2021 | 18.03.21 | 17.09.23 | 10 | 5261 | 5076 | 8800 | 88000 | 176000 | 264000 |
| 85 | JH12H7016 | HGV | 2/24/2022 | 25.02.22 | 24.08.23 | 6 | 4238 | 3153 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 86 | JH12H7452 | HGV | 6/1/2022 | 02.06.22 | 01.09.23 | 5 | 5261 | 3807 | 8800 | 44000 | 88000 | 132000 |
| 87 | JH12H7494 | HGV | 3/29/2021 | 30.03.21 | 29.09.23 | 10 | 5261 | 5076 | 8800 | 88000 | 176000 | 264000 |
| 88 | JH12H8893 | HGV | 1/4/2022 | 05.01.22 | 04.10.23 | 7 | 5261 | 3807 | 8800 | 61600 | 123200 | 184800 |
| 89 | JH12J1033 | HGV | 6/5/2021 | 06.06.21 | 05.09.23 | 9 | 5261 | 5076 | 8800 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 90 | JH12J2559 | HGV | 5/22/2022 | 23.05.22 | 22.08.23 | 5 | 4238 | 4204 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 91 | JH12J3125 | HGV | 2/11/2021 | 12.02.21 | 11.11.23 | 11 | 2736 | 2048 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 92 | JH12J3695 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 93 | JH12J5572 | HGV | 1/2/2021 | 03.01.21 | 02.10.23 | 11 | 3555 | 3623 | 6200 | 68200 | 136400 | 204600 |
| 94 | JH12J5799 | HGV | 9/29/2022 | 30.09.22 | 29.09.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 95 | JH12J5953 | HGV | 1/9/2022 | 10.01.22 | 09.10.23 | 7 | 2736 | 2926 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 96 | JH12J6707 | HGV | 10/26/2021 | 27.10.21 | 26.10.23 | 8 | 2736 | 2926 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 97 | JH12J6892 | HGV | 9/4/2022 | 05.09.22 | 04.09.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 98 | JH12J7721 | HGV | 3/10/2021 | 11.03.21 | 10.09.23 | 10 | 1917 | 2228 | 3800 | 38000 | 76000 | 114000 |
| 99 | JH12J8924 | HGV | 1/22/2022 | 23.01.22 | 22.10.23 | 7 | 2736 | 2926 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 100 | JH12J9044 | LGV | 9/29/2021 | 30.09.21 | 29.09.23 | 8 | 178 | 426 | 800 | 6400 | 12800 | 19200 |
| 101 | JH12J9761 | HGV | 9/29/2022 | 30.09.22 | 29.09.23 | 4 | 5603 | 5367 | 9200 | 36800 | 73600 | 110400 |
| 102 | JH12K1115 | HGV | 5/12/2022 | 13.05.22 | 12.11.23 | 6 | 4238 | 4204 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 103 | JH12K1379 | LGV | 5/6/2022 | 07.05.22 | 06.11.23 | 6 | 189 | 426 | 800 | 4800 | 9600 | 14400 |
| 104 | JH12K1490 | HGV | 7/23/2022 | 24.07.22 | 23.10.23 | 5 | 5261 | 5076 | 8800 | 44000 | 88000 | 132000 |
| 105 | JH12K1623 | HGV | 7/25/2021 | 26.07.21 | 25.10.23 | 9 | 5261 | 5076 | 8800 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 106 | JH12K4078 | HGV | 9/13/2022 | 14.09.22 | 13.09.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 107 | JH12K4401 | HGV | 7/2/2021 | 03.07.21 | 02.10.23 | 9 | 3214 | 3333 | 5800 | 52200 | 104400 | 156600 |
| 108 | JH12K4454 | HGV | 11/10/2021 | 11.11.21 | 10.11.23 | 8 | 2736 | 2926 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 109 | JH12K5329 | LGV | 7/11/2022 | 12.07.22 | 11.10.23 | 5 | 189 | 426 | 800 | 4000 | 8000 | 12000 |
| 110 | JH12K5433 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 3214 | 2333 | 5800 | 23200 | 46400 | 69600 |
| 111 | JH12K6085 | HGV | 4/3/2022 | 04.04.22 | 03.10.23 | 6 | 3214 | 2333 | 5800 | 34800 | 69600 | 104400 |
| 112 | JH12K6296 | HGV | 2/8/2022 | 09.02.22 | 08.11.23 | 7 | 2736 | 2048 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 113 | JH12K7444 | HGV | 6/5/2021 | 06.06.21 | 05.09.23 | 9 | 2736 | 2048 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 114 | JH12K7966 | HGV | 5/19/2022 | 20.05.22 | 19.08.23 | 5 | 5261 | 5076 | 8800 | 44000 | 88000 | 132000 |
| 115 | JH12K8352 | HGV | 4/26/2022 | 27.04.22 | 26.10.23 | 6 | 5261 | 5076 | 8800 | 52800 | 105600 | 158400 |
| 116 | JH12K8655 | HGV | 6/30/2021 | 01.07.21 | 30.09.23 | 9 | 3214 | 3333 | 5800 | 52200 | 104400 | 156600 |
| 117 | JH12K8796 | HGV | 3/13/2022 | 14.03.22 | 13.09.23 | 6 | 5261 | 5076 | 8800 | 52800 | 105600 | 158400 |
| 118 | JH12K9994 | HGV | 9/21/2022 | 22.09.22 | 21.09.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 119 | JH12L1422 | HGV | 10/29/2022 | 30.10.22 | 29.10.23 | 4 | 5807 | 5541 | 9600 | 38400 | 76800 | 115200 |
| 120 | JH12L1806 | HGV | 9/15/2022 | 16.09.22 | 15.09.23 | 4 | 2736 | 2926 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 121 | JH12L2754 | HGV | 6/26/2021 | 27.06.21 | 26.09.23 | 9 | 5261 | 5076 | 8800 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 122 | JH12L4470 | HGV | 6/26/2022 | 27.06.22 | 26.09.23 | 5 | 2736 | 2926 | 5000 | 25000 | 50000 | 75000 |
| 123 | JH12L6850 | HGV | 1/1/2022 | 02.01.22 | 01.10.23 | 7 | 2736 | 2926 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 124 | JH12L8814 | HGV | 11/16/2021 | 17.11.21 | 16.11.23 | 8 | 2736 | 2926 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 125 | JH12L9142 | HGV | 8/14/2022 | 15.08.22 | 14.11.23 | 5 | 5637 | 5425 | 9400 | 47000 | 94000 | 141000 |
| 126 | JH12L9406 | LGV | 5/3/2021 | 04.05.21 | 03.11.23 | 10 | 326 | 775 | 1400 | 14000 | 28000 | 42000 |
| 127 | JH12L9922 | LGV | 12/24/2020 | 25.12.20 | 24.09.23 | 11 | 189 | 426 | 800 | 8800 | 17600 | 26400 |
| 128 | JH12M1593 | HGV | 9/4/2022 | 05.09.22 | 04.09.23 | 4 | 3146 | 3274 | 5600 | 22400 | 44800 | 67200 |
| 129 | JH12M2659 | LGV | 6/16/2021 | 17.06.21 | 16.09.23 | 9 | 390 | 891 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 130 | JH12M5925 | LGV | 7/29/2021 | 30.07.21 | 29.10.23 | 9 | 189 | 426 | 800 | 7200 | 14400 | 21600 |
| 131 | JH12M6836 | LGV | 6/16/2021 | 17.06.21 | 16.09.23 | 9 | 390 | 891 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 132 | JH12N0483 | LGV | 9/10/2022 | 11.09.22 | 10.09.23 | 4 | 189 | 426 | 800 | 3200 | 6400 | 9600 |
| 133 | JH12N4520 | LGV | 6/30/2022 | 01.07.22 | 30.09.23 | 5 | 189 | 426 | 800 | 4000 | 8000 | 12000 |
| 134 | JH13A0525 | LGV | 4/30/2022 | 01.05.22 | 30.10.23 | 6 | 287 | 461 | 1200 | 7200 | 14400 | 21600 |
| 135 | UP869616 | HGV | 12/31/2021 | 01.01.22 | 30.09.23 | 7 | 1542 | 1356 | 3400 | 23800 | 47600 | 71400 |
| 136 | BR274781 | LPV | 5/14/2022 | 15.05.22 | 14.11.23 | 6 | 838 | 2108 | 4263 | 25578 | 51156 | 76734 |
| 137 | JH10K8403 | LPV | 7/13/2022 | 14.07.22 | 13.10.23 | 5 | 818 | 2040 | 4125 | 20625 | 41250 | 61875 |
| 138 | JH12A5046 | LPV | 12/31/2020 | 01.01.21 | 30.09.23 | 11 | 838 | 2108 | 4263 | 46893 | 93786 | 140679 |
| 139 | JH12B0346 | LPV | 7/29/2021 | 30.07.21 | 29.10.23 | 9 | 818 | 2040 | 4125 | 37125 | 74250 | 111375 |
| 140 | JH12B3118 | LPV | 1/2/2022 | 03.01.22 | 02.10.23 | 7 | 838 | 2108 | 4263 | 29841 | 59682 | 89523 |
| 141 | JH12B3212 | LPV | 7/13/2022 | 14.07.22 | 13.10.23 | 5 | 818 | 2040 | 4125 | 20625 | 41250 | 61875 |
| 142 | JH12B4311 | LPV | 1/3/2021 | 04.01.21 | 03.10.23 | 11 | 838 | 2108 | 4263 | 46893 | 93786 | 140679 |
| 143 | JH12C1018 | LPV | 12/14/2021 | 15.12.21 | 14.09.23 | 7 | 1044 | 4066 | 7475 | 52325 | 104650 | 156975 |
| 144 | JH12C3584 | LPV | 3/22/2022 | 23.03.22 | 22.09.23 | 6 | 838 | 2108 | 4263 | 25578 | 51156 | 76734 |
| 145 | JH12D1379 | LPV | 5/14/2021 | 15.05.21 | 14.11.23 | 10 | 898 | 3094 | 5688 | 56880 | 113760 | 170640 |
| 146 | JH12E3660 | LPV | 9/4/2021 | 05.09.21 | 04.09.23 | 8 | 633 | 1584 | 2750 | 22000 | 44000 | 66000 |
| 147 | JH12G4826 | LPV | 7/12/2021 | 13.07.21 | 12.10.23 | 9 | 898 | 3276 | 5688 | 51192 | 102384 | 153576 |
| 148 | JH12K9367 | MPV | 3/14/2021 | 15.03.21 | 14.09.23 | 10 | 1110 | 5304 | 8288 | 82880 | 165760 | 248640 |
| 149 | JH12M1138 | MPV | 2/20/2022 | 21.02.22 | 20.08.23 | 6 | 838 | 2232 | 4263 | 25578 | 51156 | 76734 |

जिला परिवहन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 321034 (Transport) 23-24 (D)

# लोकतंत्र के महापर्व को लेकर पार्टी उम्मीदवारों के चयन को लेकर माथापच्ची का कार्य आरंभ

## भाजपा से सांसद सुदर्शन भगत, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरूण उरांव, मेयर आशा लकड़ा व पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव व सांसद समीर उरांव पर चल रही है चर्चा

दीपक राम काजू



भाजपा से टिकट के दावेदार सांसद सुदर्शन भगत, डॉ. अरूण उरांव, आशा लकड़ा, डॉ. दिनेश उरांव

**गुमला।** लोकतंत्र के महापर्व अर्थात लोकसभा चुनाव की तैयारियों में सभी राजनीति दल जुट गये हैं। चुनाव आयोग भी चुनाव की तैयारियों लगभग पूरी कर ली। चुनाव आयोग के द्वारा इसी माह चुनाव को लेकर अधिसूचना भी जारी करेगी। चुनाव को लेकर एक स्थान पर तीन साल से जमे अधिकारियों का ट्रांसर्फर पोस्टिंग का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। राजनीतिक दलों में उम्मीदवारों को लेकर सर्वे व मथा पच्ची का काम भी किया जा रहा है। कौन उम्मीदवार अपने पार्टी को जीत दिला सकता है। इसको लेकर राजनीतिक पार्टी तीन से चार उम्मीदवारों के नाम पर गहनता से चर्चा कर रही है। क्योंकि उम्मीदवारों का चयन राजनीतिक दलों के लिए हमेशा से टेड़ी खीर रही है। जैसे ही उम्मीदवार की घोषणा होती है कई राजनीतिक दल के वैसे उम्मीदवार जो चुनाव लड़ने की महत्वकांक्षा पाले रहते हैं वे बिदकर दूसरे दलों के पाले में चले जाते हैं। क्योंकि उन्हें जनता से अधिक अपने भविष्य की चिंता सताने लगती है। चाहे चुनाव लोकसभा का हो या विधान सभा का नेता हमेशा अपना पाला बदलते रहे हैं। लेकिन लोकतंत्र में जनता ही सर्वमान्य है और ऐसे बिदकने वाले नेताओं को अपने बलुमूल्य मत से सीधा भी कर देते हैं। बरहाल चर्चा लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की हो रही है। जिसमें लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र से भाजपा पार्टी में सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व आईजी डॉ. अरूण उरांव, रांची की मेयर आशा लकड़ा व पूर्व विधान सभा अध्यक्ष डॉ. दिनेश उरांव के नामों की खूब चर्चा हो रही है। सांसद सुदर्शन भगत पंद्रह साल से लगातार लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में सांसद है और अब तक के चुनावों में लगातार तीन बार सांसद रहने का उनका बेहतरीन रिकार्ड भी है। पार्टी उन्हें टिकट देगी या नहीं देगी ये तो बाद में तय होगा। लेकिन शायद बाजार में चल रहे अटकलों के अनुसार सुदर्शन भगत को पार्टी विधान सभा चुनाव में उतार सकती है। जो मध्य प्रदेश में हुए चुनाव के आधार पर क्षेत्र की जनता अनुमान लगा रही है। क्योंकि मध्य प्रदेश के चुनाव में कई केंद्रीय मंत्रियों को भी विधान सभा का चुनाव लड़ाया गया था। दूसरे सबसे सशक्त उम्मीदवार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व आईजी डॉ. अरूण उरांव हैं। जो लंबे समय से पार्टी में टिकट को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। हर बार पार्टी उन्हें सबजबाग दिखाकर अंतिम समय पर उम्मीदवार नहीं बनाती है। लेकिन इस बार टिकट के सबसे प्रबल दावेदारों में डॉ. अरूण उरांव सबसे आगे चल रहे हैं। स्व. कार्तिक उरांव के वे दमाद भी हैं और इनका राजनीति बैक ग्राउंड भी काफी मजबूत हैं। इनके पिता बंदी उरांव सिसई विधान सभा क्षेत्र से कई बार विधायक भी रहे हैं। अरूण उरांव के रगों में राजनीति कुट-कुट कर भरी है लेकिन उन्हें दिखाने का अब तक अवसर नहीं मिला है। जनता के बीच उनकी पैठ भी फिलहाल अच्छी है। पार्टी अगर उन्हें टिकट प्रदान करती है तो वे तुरूप का एक्का साबित हो सकते हैं। तीसरे प्रत्याशी आशा लकड़ा है जो फिलहाल भाजपा पार्टी के राष्ट्रीय राजनीति में अच्छी साख जमा बैठी हैं। लेकिन शायद उन्हें पार्टी लोकसभा के स्थान पर राज्यसभा भी भेज सकती है। राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में भी आशा लकड़ा के नाम पर चर्चा हो रही है। हालांकि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र उनकी जन्मभूमि है। जिसे वे कर्म भूमि बनाने की तैयारी में जुटी है। लेकिन पार्टी उन पर दांव लगाती है या नहीं या तो पार्टी को ही तय करना है। चौथे उम्मीदवार पूर्व स्पीकर डॉ. दिनेश उरांव को माना जा रहा है। लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए दिनेश उरांव दमदार प्रत्याशी नजर नहीं आते हैं। वे विधानसभा चुनाव के लिए ही मजबूत प्रत्याशी दिखलाई पड़ते हैं। अब इन चार उम्मीदवारों में अगर देखें तो टिकट के दो ही दावेदार सांसद सुदर्शन भगत व डॉ. अरूण उरांव सामने दिखलाई पड़ रहे हैं। इनमें एक उम्मीदवार सांसद समीर उरांव का भी है जो टिकट के दावेदारों में छुपे रूस्तम साबित हो सकते हैं। लेकिन समीक्षा करे तो फिलहाल डॉ. अरूण उरांव टिकट के सबसे मजबूत दावेदारों में भाजपा पार्टी में उभर कर सामने आये हैं।

## एक दिवसीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड के अकाशी पंचायत भवन सभागार में शुक्रवार को नेटवर्क फॉर एंटरप्राइज एनहांसमेंट एंड डेवलपमेंट सपोर्ट (नीड्स) द्वारा झारखंड में प्रवासियों के सम्मान, रोजगार और गौरव के लिये स्वाभिमान परियोजना पर एक दिवसीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन संस्था के जिला समन्वयक रोशन तिग्गा और प्रवासी श्रमिक द्वारा संयूक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में प्रवासी तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखे। साथ ही परियोजना के सफल संचालन में किस प्रकार अपना भागीदारी तथा मार्गदर्शन प्रदान करेंगे इस विषय पर चर्चा की गयी। वहीं नीड्स के कार्यक्रम प्रबंधक ने जानकारी देते हुए कहा कि स्वाभिमान परियोजना द्वारा जिनको काम कि आवशकता है, तथा जिनको काम कराने वालों कि जरूरत है। उनको मिलवाने का कार्य किया जाता है। जिससे झारखंड में पलायन कि समस्या को कम करने में कुछ मदद हो सके।

# केंद्र व राज्य सरकार से संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका अहम: डीसी

## जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते डीसी व उपस्थित अधिकारी

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने बैंकवार हुए कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों से उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दिसंबर तिमाही तक जिले का सीडी रेश्यो 32.04% रहा। जिसमें पिछले तिमाही वित्तीय वर्ष 2022- 23 की तुलना में 1.07% की वृद्धि हुई। बैठक में एलडीएम द्वारा आगे की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष 2023- 24 दिसंबर तिमाही तक एनुअल क्रेडिट प्लान अंतर्गत ऋण वितरण की कुल उपलब्धि 64.84% रही। एसीपी के अंतर्गत कृषि क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कुल उपलब्धि 45.08%, एमएसएमई में 106.44%, प्रायरिटी सेक्टर में उपलब्धि 63.94% रही। केसीसी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्त दिसंबर तिमाही तक 8008 केसीसी ऋण वितरण किया गया है। जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 24.91% प्रतिशत है। जिसमें झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा 3635 एवं बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 2281 केसीसी जारी किया गया है। केसीसी पशुपालन एवं मत्स्य पालन के अंतर्गत दिसंबर तिमाही तक कुल 39 आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस वित्तीय वर्ष दिसंबर तिमाही तक जिले में कुल 871 एसएचजी समूह का बचत खाता खोला गया एवं 1651 समूह का क्रेडिट लिंकेज किया गया है। पीएमईजीप अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल आवंटित 186 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक बैंकों द्वारा 56 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया है एवं पीएमएफएमई अंतर्गत आवंटित कुल लक्ष्य 55 है जिसके विरुद्ध 56 लाभुको को ऋण स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार प्रधान मंत्री मुद्रा लोन के अंतर्गत दिसंबर तिमाही तक कुल 4232 लाभुकों को 5045.09 लाख ऋण वितरण किया गया है। इसी प्रकार पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत अबतक 879 लोगों को ऋण प्रदान दिया गया है। बैठक में उपायुक्त ने जिले के लघु उद्यमियों को बढ़ावा देने हेतु संबंधित अधिकारी एवं बैंकर्स को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए लघु उद्यमियों की सहायता करने की बात कही। बैठक में उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, एलडीएम गुमला, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## भंडरा मुखिया संघ ने नव पदस्थापित थानेदार से की मुलाकात

**भंडरा।** प्रखंड के सभी मुखिया ने शुक्रवार को नव पदस्थापित भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह से औपचारिक मुलाकात किए। इस दौरान प्रखंड थाना क्षेत्र में पुलिस पब्लिक संबंध अच्छा बना रहे इस विषय पर बातचीत की गई। संघ की ओर से कहा गया कि पंचायत क्षेत्र में गाली गलौज छोटी-मोटी मारपीट जैसे मामले को ज्यादा तुल ना देते हुए उसे पंचायत स्तर पर ही छोड़ा जाए। ताकि आम गरीब कानून की गिरफ्त में ना आए और आम जीवन जी सके। मौके पर नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं भंडरा थाना पुलिस के आपसी समन्वय व सहयोग से क्षेत्र में शांति माहौल स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से चोरी, डकैती अपराध जैसे मामलों पर हम नियंत्रण कर सकते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली, प्रखंड सचिव सुमित उरांव, प्रखंड कोषाध्यक्ष धनेश्वरी उरांव, मीडिया प्रभारी ममता कुमारी, जगजीवन उरांव, मोहन उरांव, एतवा उरांव सहित अन्य शामिल थे।

# सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से 454 दिव्यांग जनों को मिला सहायक उपकरण




मंचाशीन अतिथि



उपस्थित दिव्यांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यांगजन को सहायक उपकरण का वितरण समाज के सशक्तिकरण के उद्देश्य से भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को भारत सरकार की एडीपी योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण आर्टिफिशियल लिंब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सदर प्रखंड कार्यालय स्थित नगर भवन में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में उपकरण प्रदान किए गए। जिसमें मुख्य रूप से डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, जिला सांसद प्रतिनिधि चंन्द्रशेखर प्रसाद ,जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं जिला सामाजिक कल्याणकारी पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर डीडीसी श्री शेखावत ने कहा की दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग है। शिक्षित समाज और शिक्षित समाज द्वारा चुने हुए सरकार की जिम्मेवारी है की दिव्यांग लोगो को सम्मान के साथ उनकी जरूरतों का ख्याल रखे। विदित हो कि दिव्यांगजन के सहायक उपकरण के लिए क्षेत्रीय लोकसभा सांसद सुदर्शन लगातार प्रयासरत रहते हैं उन्होंने पिछले दिनों सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को पत्राचार के माध्यम से अपने लोकसभा अंतर्गत लोहरदगा और गुमला जिले के दिव्यांग भाई बहनों को सहायक उपकरण की सहायता की मांग थी ताकि दिव्यांगजन समाज में पीछे न रहे अलग थलग न रहे।अपने को उपेक्षित महसूस न करे। एक समान अवसर प्राप्त हो इस पर भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने निर्देश देते हुए प्रत्येक प्रखंडों में इसका जांच शिविर शिविर लगाकर लाभार्थियों की सूची तैयार की गई। जिसमें गुमला में नौ सौ से अधिक और लोहरदगा में 454 लाभार्थी ने आवेदन किया। जिन्हें शुक्रवार को सहायक उपकरण प्राप्त हो रहे हैं। जिसकी कुल लागत राशि 37.94 लाख रुपए है। कुल 867 सहायक उपकरण का वितरण किया जा रहा है। जिसमें ट्राईसाईकिल 153, बैटरी चलित ट्राईसाईकिल 7, फोल्डिंग व्हीलचेयर 133, बैसाखी 284, रॉलेटर 10 बी .टी. ई(कान का मशीन)66, ब्रेल केन -18 इत्यादि बितरण किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने कहा की इन शिवरों का आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभर के समाजवेशी समाज के लिए एक दृष्टिकोण का निर्माण करना है।

जिसमें दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और गरिमामय में जीवनयापन सुनिश्चित हो साथ ही दिव्यांगजनों के उत्थान और विकास के लिए समान अवसर प्रदान किया जा सके जिससे वह समाज की मुख्य धारा से जुड़कर उत्पादक सुरक्षित और गरिमा पूर्ण जीवन यापन कर सके। वितरण कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसमें विभाग के अधीन कार्यरत उपकरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा किया गया। इस सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभाथीयों को स्वालंबी व सशक्त करने के उद्देश्य को पूरा किया जा सकेगा और उन्हें समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा जा सकेगा। इस मौके पर काफी संख्या में दिव्यांग और उनके परिजन मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर 2 मार्च से विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन



प्रशिक्षण में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों की जानकारी व आवश्यक तैयारियों के लिए शुक्रवार को चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण पाण्डेय गणपत राय भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। इसमें स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी (नोडल) सीता पुष्पा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि मार्च 2024 में स्वीप के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसमें 02 मार्च को बीएस कॉलेज लोहरदगा मे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 04 मार्च को फोल्क आर्ट कंपीटीशन, 6 मार्च को मैराथन दौड़ एवं मानव श्रृंखला, 9 मार्च पतंगबाजी प्रतियोगिता, 12 मार्च को डिबेट प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन, 14 मार्च को रंगोली प्रतियोगिता, 15 मार्च को माता/पिता/अभिभावक को मतदान हेतु आमंत्रण पत्र निर्माण एवं प्रेषण कार्यक्रम, 16 मार्च को क्रिकेट मैच, 19 कबड्डी मैच, 21 मार्च को मटका पेंटिंग, 23 मार्च को स्लोगन लिखो प्रतियोगिता, 27 मार्च को जागरूकता रैली और 30 मार्च को प्रभात रैली का आयोजन किया जाएंगे। इन कार्यक्रमों में यूथ आइकॉन के रूप में क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, क्रिकेट खिलाड़ी व कोच अमित कुमार और कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी भी भाग लेंगी। इन कार्यक्रमों के अतिरिक्त सभी शिक्षकों को बताया गया कि अपने विद्यालय के आसपास अगर मतदाता अन्य किसी दूसरे राज्यों में रहते हैं तो उन्हें भी मतदान हेतू सूचित किया जाए और मतदान देने के लिए प्रेरित किया जाए। कार्यक्रम में सभी नोडल शिक्षक व जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से हेल्प डेस्क मैनेजर उपस्थित थे।

## एक नजर में

### श्री सहस्त्र चंडी 9 कुंडीय कल्याण महायज्ञ के दूसरे दिन देवाताओं का आह्वान कर किया गया स्थापित

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के मुरकुंडा गांव में विश्व शांति और मानव कल्याणार्थ आयोजित श्री सहस्त्र चंडी 9 कुंडीय कल्याण महायज्ञ के दूसरे दिन 33 करोड़ देवी देवताओं का आह्वान यज्ञ मंडप पर स्थापना किया गया। विधिवत पूजा अर्चना के बाद अरनी मंथन द्वारा अग्नि भगवान प्रगट किया गया और माँ शेरावाली का 71 ब्राह्मण द्वारा दुर्गा सप्तसती सम्पुटित पाठ किया गया। ब्राह्मण पूजन श्री श्री 1008 श्री कल्याण बाबा जी के सानिध्य में मुख्य आचार्य प्रदीप मिश्रा ,गंगाधर मिसरा अजय शास्त्री,अमित शास्त्री विकास पाठक ,अंचल पाठक द्वारा हवन पूजन किया गया। वहीं पीताम्बरा जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान भक्तो को कराया गया। उन्होंने महात्म्य की कथा ज्ञान भक्ति बैराग्य ढूढकरी गो कारण का उपखयन भागवत जी की महिमा का वर्णन किये। वही कथा वाचिका रामचरित्र मानस कथा पर भक्तो को मंत्र मुग्ध कर दी। यज्ञ को लेकर मुरकुंडा और आसपास के क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। इस यज्ञ में बनारस, अयोध्या, इलाहाबाद और मैहर सहित कई जगह से ब्राह्मण और विद्वानों का आगमन हुआ है। यज्ञ को सफल बनाने में बिजय चौधरी, जितेंद्र साहू अजय साहू गुप्तेश्वर पांडे अजय साहू उमेश चौधरी, ओमप्रकाश साहू दीपक चौधरी, मुकेश साहू बजरंग भोला जी,शिबदयाल साहू, फकीर चंद भगत राजेन्द्र साहू सहित अन्य लोग अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### किसानों को एकीकृत मछली पालन पर दिया गया प्रशिक्षण

**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला द्वारा किसानों को एकीकृत मछली पालन पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण एस.सी.एस.पी. परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 17 मत्स्य किसानों ने भाग लिया। ये सभी मत्स्य किसान गुमला जिले के घाघरा प्रखंड से थे। इस प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य किसानों को एकीकृत मछली पालन के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। मत्स्य किसानों को एकीकृत मछली पालन के विभिन्न प्रकार और प्रबंधन के साथ-साथ मछली आहार बनाने एवं इसके प्रबंधन के बारे में बताया गया। मिट्टी एवं पानी की गुणवत्ता की जाँच और प्रबंधन के बारे में भी बताया गया। इसके आलावा रंगीन मछलियों के रख-रखाव एवं पिंजरे एवं पेन में मछली पालन के बारे भी जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के समापन में श्री नाजीम मत्स्य विस्तार पदाधिकारी गुमला ने प्रशिक्षण में आये सभी मत्स्य किसानों को प्रोत्साहित किया और उन्हें प्रशिक्षण में बताये गए तकनीकों को मछली पालन गतिविधियों में उपयोग करने के लिए कहा। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया।

### बाइक व बोलेरो के बीच हुई सीधी भिडंत, बाइक सवार इंटर के दो छात्रों की हुई मौत

**गुमल।** गुमला थाना क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित बेहराटोली के समीप रात्रि लगभग 8 बजे बाइक और बोलेरो वाहन के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार शास्त्री नगर निवासी अंकित उरांव की मौके पर मौत हो गई। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद रांची ले जाने के दौरान प्रियांशु उरांव की भी मौत हो गई। दोनों को सिर पर गंभीर चोट लगी थी। दोनों इंटर के छात्र थे। एग्जाम देने के बाद बाइक से कहीं घूमने निकले थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। घटना के बाद तत्काल दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद अंकित उरांव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रियांशु को रांची रेफर किया गया था। घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड अंतर्गत सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी बीएलओ को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के निमित्त आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं उन्होंने सभी छूटे हुए मतदाता को चिन्हित कर मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया तथा वैसे मतदाता जिनकी आयु अधिक हो या वे दिव्यांग हो जो मतदान केंद्र में जाकर अपना वोट देने में असमर्थ हो उनकी सूची प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ताकि उनको होम वोटिंग कराया जा सके मौके पर सभी बी एल ओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार बाईक टकरायी बिजली खंभे से, दो युवक घायल, टूटा पैर

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के खोपाटोली के समीप मोटरसाइकिल से गिर कर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके बाद स्थानीय युवकों ने दोनों घायलों को चैनपुर अस्पताल पंहुचाया गया। घायलों में गुमला खड़ियापाड़ा निवासी कमल एक्का पिता विनोद एक्का एवं अंकित कुजूर पिता संजय कुजूर के नाम शामिल है। इस घटना में एक युवक का हाथ एवं दोनों पैर टूट गया है। वहीं दूसरे युवक का एक पैर टूट गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक चैनपुर की ओर से गुमला जा रहे थे। तभी खोपाटोली के समीप मोटरसाइकिल से अपना नियंत्रण खो दिया और बिजली के खंभे से गाड़ी टकरा गई। जिससे दोनों युवक घायल हो गए। इधर घटना की सूचना पर चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव मौके पर पंहुच कर घायलों का हालचाल जाना। अस्पताल में घायलों को वार्ड तक ले जाने के लिए एक भी स्टाफ नजर नहीं आए। जिसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी ने खुद घायलों को वार्ड में शिफ्ट कराया। इधर डाक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों घायल युवकों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### राज्य में बिना घूस दिये नहीं हो रहा है काम, छाया भ्रष्टाचार: सविंद्र सिंह

**घाघरा।** आगामी 4 मार्च को भाजपा का हरेक मंडलों में राज्य सरकार की विफलताओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिय जिला जिला कमेटी के पदाधिकारियों संग घाघरा एवं आदर मंडल की संयुक्त कार्य समिति बैठक सूर्य मंदिर छठ नगर घाघरा के प्रांगण में हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह ने कहा कि राज्य की स्थिति ठीक नहीं है। प्रशासनिक लापरवाही व भ्रष्टाचार चरम में पहुंच गया है। बिना घूस का कोई काम नहीं हो रहा है। सिर्फ फार्म भरवाकर राज्य सरकार ठगने का काम कर रही है। विकास का काम पूरी तरह चौपट हो गया है। भाजपा विपक्षी पार्टी होने के कारण राज्य सरकार के खिलाफ आगामी 4 मार्च को प्रखंड कार्यालय का घेराव करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह ने आगामी 4 मार्च को झारखंड सरकार के विफलताओं, झारखंड में अबुआ आवास मे गड़बड़ी, युवाओं को 5 लाख नौकरी देने की बात नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात, बिजली बिल में बढ़ोतरी,बालू में भ्रष्टाचार संबंधित ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करने की बात कही।

### सेव योर लाइफ संस्था ने मनाया वर्ल्ड सिविल डिफेंस डे

**गुमला।** सेव योर लाइफ संस्था द्वारा वर्ल्ड सिविल डिफेंस डे शुक्रवार को मनाया गया। यह प्राकृतिक आपदाओं से तत्काल रोकथाम एवं इस संबंध में जन जागरूकता के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन गुमला डॉक्टर राजू कश्यप ने कहा कि यह तिथि उन सभी प्राकृतिक आपदाओं के लिए महत्व रखता है जो प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न होता है। वर्तमान समय मौसम बदलने का है। इस समय मच्छर जनित रोग होने की अधिक संभावना रहती है। लोगों को चाहिए कि बीमारी होने से पहले बीमारी ना हो ऐसे सभी प्रिकॉशन को ध्यान में रखते हुए अपना जीवन शैली अपने आस पड़ोस में सफाई रखें। फलेरिया उन्मूलन कार्यकर्ता सुरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि फलेरिया आदि बीमारी के लिए सरकार समय-समय पर उपचार की अच्छी व्यवस्था करती है लोग इसका लाभ भी लें। सावे योर लाइफ संस्था के सचिव संतोष झा ने कहा कि यह मौसम परिवर्तन का समय है।

स्पीड न्यूज

## चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुलदेव ने दिया सीएचसी मझिआंव में योगदान



डॉ कुलदेव का स्वागत करते लोग

**मझिआंव।** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के आदेशानुसार डॉ कुलदेव चौधरी ने चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझिआंव में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद सेठ के समक्ष योगदान दिया। डॉ कुलदेव का पदस्थापन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका है। लेकिन कुछ कारणों से सीएचसी मझिआंव में प्रतिनियुक्त किया गया है। योगदान देने के बाद डॉ चौधरी ने कहा कि गढ़वा सिविल सर्जन का आदेश था जिसका पालन करते हुए योगदान दे रहा हूं और पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। पिछले कुछ वर्षों में रंका, रमकंडा, चिनियां, धुरकी, मेराल, गढ़वा में कार्य करने का अवसर मिला है और अब मझिआंव, कांडी, बरडीहा क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव प्राप्त होगा। मौके पर डॉ मनीष कुमार सिंह, डॉ वीर प्रताप सिंह, बीपीएम रूबी तबस्सुम, प्रखंड लेखा प्रबंधक आलोक कुमार सिंह, प्रधान लिपिक मिथिलेश कुमार, चेचरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी, चंद्रेश्वर चौधरी, कामेश्वर

## बारिश बिना फसलें बर्बाद व कथा के अभाव में नस्लें बर्बाद हो जाती हैं : शांडिल्य



**कांडी।** सतबहिनी झरना तीर्थ में 24वें मानस महायज्ञ के चौथे दिन के प्रवचन सत्र में देवरिया के क्रांतिकारी कथा वाचक पं.अखिलेश मणि शांडिल्य ने कहा कि अगर बारिश नहीं हो तो फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इसी तरह ऐसे कथा सत्संग के कार्यक्रम नहीं हों तो नस्लें कुसंस्कारी हो जाती हैं। बारिश से एग्रीकल्चर व कथा से कल्चर का विकास होता है। खर पतवार को खुरपी से वे संस्कार में मिलावट को प्रवचन से दूर किया जाता है। मिर्जापुर से पधारे धर्मराज शास्त्री ने नारद मोह प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रशंसा भी एक तरह की मदिरा है। जिसके चक्कर में नारद जैसा महर्षि भी पड़े। वृंदावन की देवी शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान ने जाति नहीं बनाई। जाति पांति हमने बनाया। जाति होती तो राम कोल भीलों को गले नहीं लगाते। शबरी के यहां नहीं जाते। कृष्ण विदूर को गले नहीं लगाते। लोगों ने तो भगवान को भी जाति में बांट दिया। शिखा चतुर्वेदी ने नंदलाला के जन्मोत्सव को अपने गीतों व प्रवचन से साकार कर दिया। आचार्य सौरभ भारद्वाज ने श्रीराम कथा व भजनों के साथ प्रसंगवश कहा कि बिटिया के जन्म पर लोग आज शोक मनाते हैं। जबकि बिटिया दो कुलों को पवित्र करती है। इसलिए पुत्री के जन्म पर खुशी मनाएं। पं.मुन्ना पाठक

## भवनाथपुर सीओ को दी गई विदाई



फोटो 7-सम्मानित करते लोग

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में अंचलाधिकारी रामा शंकर श्रीवास्तव के सेवानिवृत होने पर प्रखंड सह अंचल कर्मियों की ओर से विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने किया। समारोह के दौरान सेवानिवृत्ति अंचलाधिकारी को अंगवस्त्र, फूल माला पहनाकर एवं बुके देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि सीओ एक बेहतरीन अधिकारियों में से एक थे। इन्होंने दी गयी जिम्मेवारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ किया। पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने कहा कि सीओ का सेवाकल सराहनीय रहा। वह अच्छे स्वभाव वाले व मृदुभाषी व्यक्ति है। सेवानिवृत अंचल अधिकारी रामाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे भवनाथपुर की जनता की ओर से ढेर सारा प्यार और स्नेह मिला है। जिसे मैं कभी भुला नहीं पाउगा। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक तहमीद अंसारी ने किया। मौके पर सीआई विभूति नारायण सिंह, अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन ठाकुर, बीपीओ दयानन्द प्रजापति, आफताब आलम, गौरव कुमार, सुमित देव, मानस कुमार, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, सुनील यादव, शमशेर अंसारी, जयराम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवम कक्षा की वार्षिक परीक्षा शुरू

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत दो केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर व सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो में नवम् वार्षिक परीक्षा 2024 शुक्रवार से शुरू हुई। वहीं शुक्रवार को दो पाली में परीक्षा ली गई। प्रथम पाली में हिंदी एवं अंग्रेजी एवं दूसरी पाली में गणित एवं विज्ञान की परीक्षा हुई। बताते चलें कि दोनों परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तथा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। दोनों केंद्रों पर कुल 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रााचार्य सह केंद्राधीक्षक धर्मचंद्र मंडल ने बताया कि परीक्षा केंद्र 26012 में कुल 851 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा था, परीक्षा में कुल 845 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### चतरा को पीएम मोदी की सौगात

# एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा परियोजना व टोरी-शिवपुर रेल लाइन की शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा/चतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने धनबाद दौरे के दौरान चतरा जिला को दो बड़ी सौगात दी है। टंडवा में निर्माणाधीन एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा परियोजना व टोरी-शिवपुर रेल लाइन के तीसरे लाइन का पीएम द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इसको लेकर एनटीपीसी परियोजना के उड़ान स्टेडियम और टोरी-शिवपुर रेल लाइन के शिवपुर रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान पीएम ने सम्बोधन में कहा कि 7500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित इस परियोजना से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा इससे रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य में सामाजिक आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। साथ ही प्रधानमंत्री झारखंड में कोयला क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित किया। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने इस पल को गौरवान्वित महसूस करते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। एवं कहा कि मोदी जी की कार्यकाल में ऐसे पावर प्लांट अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास कर देश को समर्पित करने से हमारा देश पूर्ण रूप से विकास करेगा। करीब 7526 करोड़ की लागत से 1980 मेगावाट वाले एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा का निर्माण किया गया है। इसके पहले यूनिट से उत्पादित बिजली को झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में आपूर्ति की जा रही है। वहीं 894 करोड़ रुपए की लागत से टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन के तिहरीकरण के कार्य को पूर्ण कराया गया है। जिसके अंतर्गत बीराटोली, कुसमाही, बालूमाथ, बुकरू, मनातू और फुलबसिया रेलवे साइडिंग शामिल है। इस लाइन के तिहरीकरण से कोल डिस्पैच में दोगुना इजाफा होगा। आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में इस लाइन का दोहरीकरण किया गया था। अब इस लाइन के तिहरीकरण होने से प्रतिवर्ष 100 मिलियन मिट्रिक टन से भी अधिक कोयले का डिस्पैच किया जाएगा।

उड़ान स्टेडियम में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में चतरा उपायुक्त अबु इमरान सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास एसडीओ एसडीपीओ एचओपी स्वापेन्दू पंडा, अधिकारी में अनिल चावला धीरज गुप्ता अभिषेक आनंद एवं सांसद प्रतिनिधि ईश्वरदयाल पांडेय भाजपा नेता अक्षयवट पांडेय गोविंद तिवारी प्रताप कुमार सुनील चौरसिया मिथलेश गुप्ता समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संसथान के द्वारा बाल संरक्षण समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर संस्थान के सचिव मनोज दांगी एवं प्रशिक्षक मो.इस्लाम अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार पाण्डे ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए श्री दांगी ने कहा की बच्चों का सर्वोतम हित सुनिश्चित करना एवं मुस्कुराता हुआ खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना संस्थान का पहला प्राथमिकता है, इसी कड़ी में मरकच्चो प्रखंड के आदर्श पंचायत चोपनाडीह एवं सिमरिया पंचायत के 10 गावं में बाल संरक्षण समिति का गठन संस्थान के द्वारा किया गया है। इन समितियों का कार्य एवं जवाबदेही, सरकारी प्रावाान एवं योजना से जुड़ाव यादि विषयों पर जागरूक करना एवं गांव के सभी बच्चे सुरक्षित रहे इस लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं इस्लाम अंसारी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से समिति के सदस्यों को कार्य एवं जवाबदेही के बारे में सशक्त करने का प्रयास करेगे। जिससे कार्यक्षेत्र के बच्चों को सुरक्षा, संरक्षण एवं विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्षेत्र में बच्चों का शैक्षणिक, सांस्कृतिक, मानसिक, शारीरिक विकास के साथ आिकार के प्रति जागरूक और सशक्त करना है। मौके पर सुनीता कुमारी, निशा कुमारी, काजल कुमारी, सरिता देवी, गायत्री देवी, क्रान्ति कुमारी, राजेन्द्र राम आदि मौजूद थे।

## मजदूर संगठन सीटू का जिला सम्मेलन तीन को

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का प्रथम जिला सम्मेलन रविवार को साहु भवन झुमरीतिलैया में होगा, जिसकी तैयारी पुरी कर ली गयी है। वहीं सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन सीटू झारखंड के महासचिव विश्वजीत देव करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य कोषाध्यक्ष सह जिला प्रभारी अनिर्वान बोस और राज्य सचिव संजय पासवान भाग लेंगे। सम्मेलन में आंगनबाड़ी यूनियन, रसोईया यूनियन, निर्माण यूनियन, माइका वर्कर्स यूनियन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, डीवीसी श्रमिक यूनियन, परिवहन यूनियन के अलावा सहिया, सफाई कर्मी सहित करीब एक दर्जन यूनियन के चूने हुए 200 प्रतिनिाि भाग लेंगे। सम्मेलन में राजनीतिक और सांगठनिक स्थिति पर रिपोर्ट पेश किया जाएगा, जिसमें प्रतिनिधि अपनी राय देंगे। जिसके बाद जिले में मजदूर आंदोलन को तेज करने और नए क्षेत्र में सीटू का विस्तार करने का भी प्रस्ताव पास किया जाएगा। इस अवसर पर सीटू की नई जिला कमिटी और पदाािकारियों का भी चुनाव किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गजुरे में देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं चालक की पहचान कारू रजक पिता स्व राजकुमार रजक बंदाचक जयनगर निवासी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार कारू बाइक से अपने घर जयनगर जा रहा था, इस दौरान गजुरे में एक ट्रैक्टर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें वह घायल हो गया। वहीं घटना के बाद घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## चोरी का लोहा लदा पिकअप जब्त, चालक को भेजा गया जेल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के अड्डी बंगला स्थित गीता क्लिनिक के समीप एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने चोरी का लोहा लदा एक पिकअप वैन जब्त किया, साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया।

## मरकच्चो में मोरम का अवैध उत्खनन कर मालामाल हो रहे माफिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में मोरम उत्खनन का धंधा कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। क्षेत्र में इन दिनों मोरम का अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है। इस धंधे में शामिल खनन माफिया प्रतिदिन अवैध खनन कर मालामाल हो रहे हैं। वहीं सरकार को लाखों रुपये राजस्व का चूना लग रहे है। मोरम का अवैध उत्खनन प्रखंड क्षेत्र के तेलोडीह पंचायत अंतर्गत तिलैया गांव के समीप व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। इस धंधे में शामिल माफिया द्वारा जेसीबी मशीन का उपयोग कर पहले उत्खनन का कार्य किया जाता है और बाद में मजदूरों द्वारा चालने में चाल कर मिट्टी को अलग कर मोरम को जमा किया जाता है और शाम होते ही इकट्ठा किया गया मोरम ट्रकों में लोड कर माफिया बेखौफ होकर मरकच्चो, नवलशाही, जयनगर, डोमचांच व कोडरमा थाना के रास्ते बिहार के लिए भेजा जाता है। बिहार में प्रति ट्रक चालीस से पचास हजार रुपए की कीमत पर मोरम को बेचा जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह का मोरम के अवैध उत्खनन का खेल कई वर्षों से किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में सीओ परमेश्वर कुशवाह से पूछे जाने पर बताया कि जानकारी नहीं है, अगर ऐसा हो रहा है तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# अफीम की खेती करने वाले व तस्कर सावधान, चतरा को पंजाब नहीं बनने दूंगा : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** पुलिस पब्लिक रिलेशन को और बेहतर बनाना है। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाना है।अपराध पर अंकुश लगाना है। नक्सली हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों और सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठायें। ये बातें चतरा जिले के एसपी विकास कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहीं। एसपी कुमार ने कहा कि थाने में आने वाले सभी लोगों के साथ अधिकारी सम्मानजनक व्यवहार करें। महिलाओं और बुजुर्गों की समस्याओं पर विशेष ध्यान दें। पुलिस और पब्लिक रिलेशन को मजबूत करें। किसी भी तरह के अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जायेगा। अफीम किसानों और तस्वीरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

युवा पीढ़ी को इस नशे से दूर रखने के लिए शिक्षण संस्थानों से लेकर थाने व अन्य जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है। मैं चतरा को पंजाब नहीं बनने दूंगा। इसके लिए पुलिस के साथ-साथ अभिभावकों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की भी अहम भूमिका है। मैं चतरा में पदस्थापित हूं। चतरा को अपराध मुक्त बनाने की जिम्मेवारी जितनी मेरी है, उतनी ही यहां की जनता की भी है। कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। पुलिस कप्तान कुमार ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है. यह अपने आप में एक बड़ी समस्या है। वे हथियार उठाते हैं और अपने ही क्षेत्र के लोगों को आतंकित करते हैं। वे अपने परिवारों को भी कलंकित करते हैं। अंततः उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है या मुठभेड़ में मार दिया जाता है। इसके लिए मैं प्रतिबंधित नक्सली संगठनों से हथियार फेंकने की अपील करता हूं। और मुख्य धारा से जुड़कर सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठायें। सकारात्मक पहल के लिए पुलिस पूरा सहयोग करेगी। अपराध मुक्त जिला बनाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

एक नजर में

## श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत जामु राणा मुहल्ला में आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। इस निमित आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राणा व यज्ञाचार्य श्री कृष्ण देव कन्हैया जी महाराज ने संयुक्त रूप से दी। वहीं उन्होंने बताया कि यज्ञ 2 मार्च से 8 मार्च तक चलेगी। इस दौरान प्रतिदिन याज्ञिक पूजन किया जाएगा। वहीं संध्या में प्रतिदिन भागलपुर से पाारी कथा वाचिका संगीता सुमन का संगीत में प्रवचन किया जाएगा। महायज्ञ को सफल बनाने में वीरेंद्र राणा, नीता कुमारी, कैलाश प्रसाद यादव, चंद्रिका प्रसाद, रविंद्र कुमार गुप्ता, विवेक साव, सुनील कुमार गुप्ता, बैजनाथ राणा, श्यामसुंदर राणा, विकास राणा, नेहरू राणा, मुकेश राणा, विजय राणा, अजय राणा, विवेक कुमार, शिवशंकर कुमार, यमुना राम, मुरारी राम, शंभू गोस्वामी, प्रकाश राम, शिवाशंकर राणा समेत सभी ग्रामीण लगे हुए हैं।

## भारतीय नौसेना में एसएसआर बनने पर ग्रामीणों ने दी भीम को बधायी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मन में लग्न और कुछ करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो इंसान के लिए कोई भी कार्य नामुमकिन नहीं है। इसी को चरितार्थ करते हुए मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के पपलो पंचायत अंतर्गत खण्डहराडीह निवासी के साधारण किसान बाबूलाल यादव के पुत्र भीम यादव ने कर दिखाया है। भारतीय नौसेना में एसएसआर बनकर भीम यादव ने गांव के साथ-साथ अपने प्रखंड व जिले का भी नाम रौशन किया है। नौकरी पाकर भीम यादव के खण्डहराडीह गांव पहुंचने पर पपलो पंचायत की मुखिया चिंता कुमारी व अन्य ग्रामीणों के द्वारा उन्हें फूल माला पहनकर, पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। साथ ही लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रेलवे ई टिकट की कालाबाजारी के आरोप में एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** आरपीएफ ने रेलवे ई टिकट की कालाबाजारी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी की पहचान 30 वर्षीय मो.महफूज आलम भलुवाही थाना राजानवार जिला गिरिडीह निवासी के रूप में हुई है। वहीं इंस्पेक्टर जवाहर लाल ने बताया कि राजानवार थाना अंतर्गत भलुवाही गांव स्थित अजहरी स्टोर किराना दुकान में छापामारी की गयी, इस दौरान दुकान के संचालक मो.महफूज आलम को रेल ई टिकट का अवैा कारोबार करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के मोबाइल से व्यक्तिगत यूजर आईडी पर काटा गया पूर्व का 20 ई टिकट बरामद हुआ है।

## आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुईं उपायुक्त

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। वहीं उपायुक्त ने सभी लोगों की समस्याएं एक-एक कर सुनी। जनता दरबार में इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने, रोजगार दिलाने, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बच्ची का नामांकन, जमीन का रसीद काटने व ऑनलाइन करने, सहायता राशि दिलाने समेत कई मामलों में आवेदन दिया गया। वहीं सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर जल्द से जल्द समाधान का निर्देश दिया।

## दान पत्र या पावर न दिए जाने कि मांग

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के मडुवाटांड़ निवासी सुरेन्द्र पाण्डेय उर्फ सुाीर राय पिता स्व. जगदीश पाण्डेय ने शुक्रवार को अवर निबंान पदाािकारी को आवेदन सौंप कर कहा है कि जब तक न्यायलय का फैसला ना आ जाए तब तक किसी को किसी तरह का केवाला, दान पत्र या पावर न दिया जाए। उन्होंने आवेदन में बताया है कि मैं सुरेन्द्र पाण्डेय बनाम सत्यदेव राय पिता नान्हुं राय व मनद राय व भूषन राय दोनों के पिता डेगलाल उर्फ डेगो राय है, जिस पर उक्त खाता प्लॉट रकवा पर साथ में ऑब्जक्शन भी फाईल किया है कि जब तक दोनों पक्षों का उचीत फैसला ना हो जाए तब भूमि पर खरीद बिक्री एवं बॉंड्रीवाल, मकान निर्माण पर प्रतिबंद रहेगा।

## मतदाताओं को नैतिक मतदान का दिलाया गया शपथ

**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले के सभी मतदान केन्द्रों में आयोजित किया जा रहा है। मतदाता शपथ और नुक्कड़ नाटक के मायम से मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताया जा रहा है। मतदाताओं को नैतिक मतदान का शपथ भी दिलाया गया। वहीं मतदाताओं ने हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताािकार का प्रयोग करेंगे की शपथ ली।

## रविदास जयंती के पर दोगोला कार्यक्रम का आयोजन

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत भंडार पंचायत में रविदास जयंती के अवसर पर दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राजन मेहता, विशिष्ट अतिथि रघुराई राम, अजय वर्मा, सुनील गौतम, मेरल प्रमुख दीपमाला कुमारी, रानी बाला, धुरकी प्रमुख पति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश से आये गायक राजकुमार यादव एवं कंचन काजल ने कार्यक्रम प्रस्तुत की। मौके पर अजय वर्मा ने संत शिरोमणि रविदास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत शिरोमणि रविदास का जन्म निम्न परिवार में हुआ था। संत रविदास कृष्ण भक्त मीराबाई के गुरु थे और उनके द्वारा दी गई शिक्षा से ही मीरा ने कृष्ण भक्ति का मार्ग अपनाया था। संत रविदास की भक्ति भावना और प्रतीभा को देखकर स्वामी रानानंद ने उन्हें अपने शिष्य के रूप में स्वीकार किया था।

वहीं रघुराई राम ने कहा कि संत रविदास जी ने कई दोहे और भजन की रचना की थी, जिनमें उन्होंने ईश्वर का गुणगान किया था। उस समय राजे रजवाड़े का शासन था छुआछूत चरम पर था उन्होंने गुरु दीक्षा के बाद समाज में छुआछूत के विरोध समाज में जागरूकता के लिए संघर्षरत थे। मेराल प्रमुख ने कहा कि किसी भी महापुरुष की जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने की संकल्प लेना चाहिए। मौके पर रामाधार राम, सीता राम देहाती, रामप्रवेश राम, मुखिया राुनाथ सिंह, विसुन देव राम, ई.सतेन्द्र भारती, चंद्रशेखर राम, मुन्ना भारती, धर्मेन्द्र कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात वाहन के धक्के से व्यवसायिक गंभीर रूप से घायल


दुर्घटना में घायल शिव शम्भू प्रसाद।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के जाने-माने व्यवसायिक हीरो शोरूम के मालिक शिव शंभू प्रसाद उम्र 44 वर्ष पिता स्व. बंसीधर प्रसाद को गुरुवार की रात्री लगभग 8:45 बजे मनिका लैंपस के पास राष्टीय मार्ग-39 पर अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। जिसमें शिव शम्भू प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आस-पास के ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी मनिका प्रदीप कुमार साव को दिया गया। जिसके तुरंत बाद ही मनिका थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घायल शिव शंभू प्रसाद को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया। जहां चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शिव शंभू प्रसाद अपने दुकान शोरूम बंद करके स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच लैंपस के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह घटना घटी है।

### जिप सदस्या ने मुरपा उच्च विद्यालय को प्लस टू में बदलने की मांग की


आवेदन सौंपते जिप सदस्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ के पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने बालूमाथ प्रखंड के मुरपा पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय को प्लस टू में बदलने का मांग लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह से किया है। उन्होंने लातेहार उपायुक्त को आवेदन सौप कर कहा की मुरपा उच्च विद्यालय के प्लस टू बन जाने से मुरपा, भगिया भगिया एवं गणेशपुर पंचायत के छात्र-छात्राओं को लाभ होगा। दूर-दराज से बालूमाथ जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं। जिसमें कई क्षात्र-छात्राएं गरीबी के अभाव में प्लस टू नहीं होने कारण बालूमाथ में जाकर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं और पढ़ाई छोड़ देते हैं। वही एक अन्य आवदेन में मुरपा पंचायत में ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का मांग किया है। साथ ही बताया है कि बालूमाथ से मुरपा पंचायत की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। आसपास में किसी अन्य बैंक की शाखा नहीं होने के कारण सुदूरवर्ती ग्रामीणों को बालूमाथ जाकर पैसे का लेनदेन करना पड़ता है। पूर्व में वर्ष 1982 में ग्रामीण बैंक मुरपा में स्थापित था। परंतु उग्रवाद की वजह से बैंक बालूमाथ में स्थापित हो गया। उन्होंने दोनों मामले में लातेहार उपायुक्त से संज्ञान लेते हुए क्षेत्र वासियों को लाभ दिलाने का अपील किया।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई


जयंती मनाते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शांति बिहार में शुक्रवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की ओर से परमपिता परमात्मा शिव की 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बालूमाथ थाना एसआई अजय कुमार सिंह व प्रखंड कार्यालय प्रधान सहायक राजीव रंजन, सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी,बी.के मनोरमा ने संयुक्त रूप से शिव ध्वज फहराकर किया। मौके पर बोलते हुए किरण दीदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिव बाबा का ज्ञान सभी लोगो तक पहुंचाना है। जिससे पूरे विश्व मे शांति हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शिव जयंती के अवसर पर संकल्प लिया कि अपने-अपने मन के विकारों को त्याग कर अपने आप मे परिवर्तन करेंगे। वही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने शिव बाबा के प्रतीक चिन्ह व गुलदस्ता देकर समानित किया। इस मौके पर मनोरमा दीदी,अंजू कुमारी, मनी देवी, पुष्पा अग्रवाल, शोभा देवी, इंदु देवी, मीना देवी, सीमा देवी, अनुराधा देवी, नीतू देवी, गौरा देवी, प्रियंका देवी समेत दर्जनो दीदी बहने उपस्थित रही।

### गड्ढे की वजह से कोलियरी परिसर में फंस रही है कई गाड़ियां

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में एक नंबर बैरियर के पास गड्ढा हो जाने के कारण कई गाड़ियां फंस जा रही हैं। जिस कारण कोलियरी परिसर में घंटों जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। ट्रक मालिकों ने बताया कि सीसीएल द्वारा पानी के लिए लगाए गए पाइप से पानी का रिसाव होते रहता है। जिस कारण बैरियर के पास एक बड़ा गड्ढा हो गया है। गड्ढे की वजह से कई गाड़ियां फंसकर उसका चक्का राउंड करने लगता है। जिसे निकालने में जेसीबी लोडर के माध्यम का सहारा लेना पड़ता है। जिससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ट्रक मालिकों ने सीसीएल प्रबंधन से उपरोक्त मामले में पहल करते हुए गड्ढे को दुरुस्त करने की मांग की है। ताकि कोलियरी निर्बाध रूप से चल सके।

विधायक ने सदन में रखी सहायक अध्यापकों के समायोजन की मांग, अध्यापकों ने दी बधाई

# बीस वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहें है सहायक अध्यापक : रामचंद्र सिंह

### सरकार जल्द से जल्द सफल सहायक अध्यापकों का करें समायोजन : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। विधानसभा सत्र के दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शुक्रवार को शून्यकाल में सरकार के समक्ष सहायक अध्यापकों के समायोजन की मांग सदन में उठाई है। विधायक रामचंद्र सिंह ने सदन में विधानसभा अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि झारखंड राज्य बनने के बाद सहायक अध्यापक अपनी कड़ी मेहनत से पूरे राज्य में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। जहां वर्तमान में 12 हजार से अधिक सहायक अध्यापक पात्रता की परीक्षा सफल हो चुके हैं, पर अब तक उन सभी का समायोजन नहीं हो पाया है। जिससे सभी सफल सहायक अध्यापक खुद को छला हुआ महसूस कर रहे हैं। जिसे देखते हुए सरकार जल्द से जल्द सफल सहायक अध्यापकों का समायोजन करें ताकि सभी सहायक अध्यापक बेहतर सेवा देते हुए अपना जीवन यापन बेहतर तरीके से कर सके। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा सहायक अध्यापक का मामला सदन में उठाए जाने के बाद प्रखंड सहायक अध्यापक संघ ने विधायक का आभार व्यक्त किया गया हैं। आभार व्यक्त करने वालो में अध्यक्ष शकील खान, सचिव बबलू कुमार, बलराम सिंह, मनोज सहाय, अमित कुमार, गुलाम अनवर, कुमार सौरव, राकेश कुमार, राजकुमार सिंह और मदन सिंह समेत कई सहायक अध्यापक शामिल हैं।


रामचंद्र सिंह (मनिका विधायक।

### भाजयुमो का युवा जन चौपाल कार्यक्रम हुआ आयोजित


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल इकाई बालूमाथ द्वारा शेरेगड़ा पंचायत के बुकरू ग्राम में युवा जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक निर्मल यादव की अध्यक्षता में किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला के भाजयुमो महामंत्री सूरज शाह, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय जानता पार्टी के मंडल महामंत्री विजय यादव, भाजपा के पंचायत अध्यक्ष मोहन पाण्डेय समेत कई लोग उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए जिला महामंत्री सूरज शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से युवाओं के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं। जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं। देश आज तरक्की की के राह पर है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हम सब को संकल्प लेना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए नारे अब की बार 400 पार को पूरा करना है। आज देश मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रहा है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज यादव, बूथ अध्यक्ष(90) सह पंचायत प्रभारी विजय राम, भाजपा नेता उदय गंझुविजय गंझु, केशो गंझु, शिवनारायण यादव, बीरेंद्र यादव, तालकेश्वर यादव, बबलू यादव, भुनेश्वर यादव, बबलू यादव पुंडुरलावा, रबिन्द्र यादव, तुलेश्वर यादव, सरस्वती देवी, देवंती देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

कल जिला स्तरीय मुखिया संघ की बैठक में शमिल होने का लिया गया निर्णय

## बरवाडीह मुखिया संघ ने की बैठक, कहा अधिकार में कटौती नहीं की जाएगी बर्दाश्त

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित प्रखण्ड मुखिया संघ।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह पूर्व सैनिक आशीष सिंह के आवास पर शुक्रवार को बरवाडीह मुखिया संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखण्ड के लगभग सभी पंचायत के मुखियागणों की उपस्थित रही। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि रविवार को लातेहार जिला मुख्यालय अंतर्गत टाउन हॉल में पंचायती राज की एक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के मुखिया जी लोग शामिल होंगे। उक्त बैठक में हम सभी की उपस्थिति भी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज को 29 अधिकारों में सिर्फ 14 अधिकार ही दिया गया हैं। जिसे लेकर जिला मुख्यालय में आहूत बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा और अधिकारों की प्राप्ति के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। इसके अलावा बैठक में निर्णय लिया गया कि मुखिया संघ बरवाडीह थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार से भी मुलाकात करेगी। जिससे आपसी तालमेल और समन्वय स्थापित कर विकास के कार्यों के साथ- साथ पंचायत में होने वाली अन्य समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी। बैठक में मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष के साथ-साथ चुंगरू मुखिया बलदेव परहिया, कुचिला मुखिया सतरोहन सिंह, उकामाड़ मुखिया पूनम देवी, लात मुखिया ईश्वरी देवी, खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह, केड मुखिया अनिता देवी, छिपादोहर मुखिया वेरोनिका कुजूर और हरातु मुखिया सावित्री देवी समेत अन्य पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

## मनिका प्रखंड में ग्राम स्वराज मजदूर संघ के द्वारा निकाला गया एकदिवसीय जागरूकता रैली

● राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 को सख्ती से लागु करने का किया मांग

खबर मन्त्र संवाददाता


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में ग्राम स्वराज मजदूर संघ के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 को सख्ती से लागु करने की मांग को लेकर हाई स्कूल खेल मैदान से प्रखंड कर्यालय तक सैकड़ों राशन कार्डधारियों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं कार्यक्रम में कार्डधारियों ने कहा कि जनवितरण प्रणाली के राशन कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 से आच्छादित हैं। लेकिन लातेहार जिला के मनिका प्रखंड में राशन डीलरों द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी, राशन की कटौती, अधिकारियों को शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं करना जैसी समस्याओं से परेशान हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर विभिन्न गांव से शुक्रवार को विशाल जागरूकता रैली निकाली गई और कार्डधारियों की मांगे जिसमें प्रत्येक माह हर राशन कार्डधारक को पूरा राशन वितरण, कार्डधारकों के राशन की कटौती करने वाले राशन डीलरों के लाईसेंस सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार निलंबन नहीं पूर्णतः रद्द कर दिए जाए समेत कई मांगों को अभिलंब लागू करने को लेकर जिला प्रशासन एवं झारखंड सरकार के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका मनोज कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर झारखण्ड राज्य मनरेगा वॉच सदस्य जेम्स हेरेंज, जितेन्द्र सिंह, बिनेश्वर सिंह, पानपती देवी, कविता देवी, महेंद्र सिंह, धनपतिय देवी, श्रवन सिंह, मुनेश्वर सिंह, महेश्वर उराँव, निलम देवी, लालदेव उराँव, झाबर सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना संस्था की मुख्य उद्देश्य : राजू सिंह

**लातेहार।** सामाजिक संस्था संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निदेर्शानुसार शुक्रवार को लातेहार जिले के विभिन्न पंचायत अंतर्गत पोचरा पंचायत के जेराम गांव में फुलमानिया देवी की बेटी रूबी कुमारी के शादी में सहयोग हेतु पांच हजार रुपए को चेक, भुसूर गांव में सुनीता देवी की बेटी रीना कुमारी के शादी में सहयोग हेतु पांच हजार रुपए का चेक एवं गारू प्रखण्ड के चिपरु गांव में राजदेव सिंह के बेटी संपतिया कुमारी की शादी में सहयोग हेतु भी पांच हजार रुपए का चेक लड़की के माता के हाथों ग्रामीणों की उपस्थित में दिया गया। ये तीनो लड़कियों के पिता जी नही है। संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगों का मदद करना है। मौके पर पोचारा पंचायत प्रभारी रूपा देवी, और भुसुर पंचायत प्रभारी यशोदा कुमारी के अलावा दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

### खेलते-खेलते रेलवे ट्रैक पर पहुंची बच्ची का ट्रेन की चपेट में आने से मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** टोरी-रांची भाया लोहरदगा रेलखंड अंतर्गत टोरी-बोदा के बीच चिरो गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक तीन साल की बच्ची रेलवे ट्रेन के चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद बच्ची के परिजन उसे लेकर अनान-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे जहां डॉक्टरों ने बच्चो को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची की पहचान चिरो सरना टोली निवासी शंकर गंझू की तीन वर्षीय पुत्री रुबीना कुमारी के रूप में हुई। बताया जाता है कि रुबीना शुक्रवार की सुबह बच्चो के घर के बाहर खेल रही थी, खेलते-खेलते वह रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई, इसी बीच गुजर रही रेलवे ट्रेन के चपेट में वह आ गयी। हालांकि खबर किस ट्रेन के चपेट में आने से उक्त हादसा हुआ था यह पता नही चल पाया था। इधर बच्ची की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### साईं नर्सिंग होम में लाइंस क्लब के सौजन्य से निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर कल

**चंदवा।** लायंस क्लब चंदवा के तत्वाधान में तीन मार्च रविवार को चंदवा के रांची रोड स्थित साईं नर्सिंग होम परिसर में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के सचिव निर्मल भारती ने बताया कि निरामया अस्पताल रांची की कुशल मेडिकल टीम की देखरेख मोतियाबिंद की जांच की जाएगी, जांच में जो मोतियाबिंद के मरीज मिलेंगे, उनका निःशुल्क ऑपरेशन निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा। जांच के लिए मरीजों को सिर्फ आधार कार्ड साथ में लेकर आना है।

बरवाडीह और छिपादोहर मण्डल में लाभार्थी जनसम्पर्क अभियान की हुई शुरूआत

# केंद्र सरकार की योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है लाभ : हरिकृष्ण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह व अन्य।

**बरवाडीह।** बरवाडीह और छिपादोहर मण्डल में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह तथा अभियान के संयोजक उपेंद्र प्रसाद ओपी ने शिरकत की। लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के दौरान जहां पूर्व विधायक के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता और नेताओं ने केंद्र सरकार के माध्यम से संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया और उनके अनुभव को जानने के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति उनके विचारों को भी जानने का काम किया गया। इस दौरान पार्टी नेता और कार्यकताओं के द्वारा एक बार फिर से मोदी सरकार और 400 पार के नारे लगाकर भी लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में वोट करने की अपील की। वहीं दूसरी ओर छिपादोहर मंडल में लाभार्थी जन संपर्क अभियान की शुरूवात बुथ संख्या 71 से की गई। जिसमें मुख्य रूप से वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि सह कार्यक्रम के संयोजक अजय सोनी के साथ-साथ मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका, भाजयुमो मंडल महामंत्री चंद्रदीप सिंह शामिल हुए। जहां कार्यकताओं के द्वारा लाभार्थियों के घर पर जाकर स्टीकर एवं पत्र का वितरण किया और एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प दिलाया गया। बरवाडीह में आहूत कार्यक्रम के दौरान उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, महामंत्री हेमंत कश्यप, दिलीप पासवान, सतीश यादव, मनोज सिंह चेरो, कमलेश यादव, मनोज यादव, विकास कुमार गुप्ता, लोकनाथ राम और सुधीर सिंह समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### भव्य कलश यात्रा के साथ सिद्धिविनायक संकट मोचन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शुरू


कलश यात्रा में शामिल लोग।

**चंदवा।** शहर से सटे कानोडिया पेट्रोल पंप की गली में नव निर्मित सिद्धि विनायक संकट मोचन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हो गयी। गाजे बाजे के साथ नव निर्मित मंदिर प्रांगण से शुरू हुई कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए देवनद दमोदर तट पहुंची जहां आचार्य पंडित अभिषेक द्विवेदी, पंडित आशीष मिश्रा, नीलम तिवारी व नीरज कुमार के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य यजमान जगन्नाथ जायसवाल, बंशी जायसवाल, राजकुमार जायसवाल सपत्नीक व माताओं-बहनों ने कलश में जल ग्रहण किया, जिसके बाद कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां विधिवत पूजन के साथ कलश को मंदिर में स्थापित किया गया। इसके उपरांत 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू हो गया। आयोजको ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को प्रतिमा का नगर भ्रमण व महाप्रसाद वितरण होगा वहीं रविवार को तीसरे दिन प्राण प्रतिष्ठा, हवन के उपरांत संध्या 4:00 बजे से भंडारा कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनाथ गुप्ता उर्फ रामबाबू, जगन्नाथ जायसवाल, अमोद कुमार/विक्की शर्मा, राहुल कुमार, रामकुमार साहू, अमरदीप साहू, प्रमोद साहू, मनोज कुमार, बबलू कुमार, मोहनीश कुमार बिक्की, विकास मित्तल समेत कई लोग लगे हुए हैं।

### जेएसएलपीएस में नवपदस्थापित बीपीएम से पत्रकार की हुई वार्तालाप

● महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना जेएसएलपीस का मुख्य उद्देश्य है : अरुण कुमार


अरुण कुमार (बीपीएम, बरवाडीह)।

**बरवाडीह।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के द्वारा महिला सशक्तीकरण को लेकर किए गए प्रयासों का सार्थक परिणाम प्रखंड क्षेत्र के हर पंचायतों और गांवों में देखने को मिल रहा है। इसे और तेज गति प्रदान करने को लेकर काम किया जाएगा। आज ग्रामीण महिलाएं सखी मंडल से जुड़कर अपना भविष्य सवार रही है। उक्त बाते जेएसएलपीएस के नए प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी अरुण कुमार ने कही। बता दें कि पूर्व बीपीएम अभय कुमार के स्थानांतरण के बाद अरुण कुमार ने जेएसएलपीएस के नए बीपीएम के रूप में बरवाडीह में योगदान दिया हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह गोड्डा में पदस्थापित थे। जहां से उनका तबादला लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय में हुआ है। वह मूल रूप से गढ़वा जिले के रहने वाले है। अरुण कुमार ने आगे बताया कि वैसी महिलाएं जो हड़िया दारू के कारोबार से जुड़ी है। उन्हें इससे हटकर एक सम्मानजनक रोजगार करने के लिए ब्याज मुक्त लोन दिया जाता हैं। वही नुक्कड़ नाटक और विभिन्न माध्यमों से उन्हें जागरूक करने का काम भी समय- समय पर किया जाता है। इसके अलावा दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला तस्करी, डायन प्रथा और सामाजिक कुरीतियां में रोकथाम का प्रयास भी जेएसएलपीएस के द्वारा किया जाता है। वहीं अलग-अलग आजीविका जैसे खेती, पशुपालन, फल उत्पादन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन, वनोपज इत्यादि को लेकर स्कील ट्रेनिंग दी जाती है। बताया कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही जेएसएलपीस का मुख्य उद्देश्य हैं।

### बारियातू बस स्टैंड के पास कई दुकानो का ताला और एलवेस्टर तोड़कर चोरों ने किया चोरी


टूटा हुआ एलबेस्टर।

**बारियातू।** मुख्यालय स्थित बस स्टेण्ड के पास आठ दुकानों से नकद नौ हजार आठ सौ रुपये सहित चालीस हजार का समान का आज्ञात चोरों ने बिते रात चोरी कर लिया। बारियातू मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के पांच दुकान व बस स्टैंड के तीन दुकानों मे बिते रात अज्ञात चोरों ने एलवेस्टर व ताला तोड़कर चोरी कर लिया। चोरी के संबंध में दुकानदार श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक के संचालक अरविंद कुमार, रामवृक्ष गोसाईं,व नरेश जेनरल स्टोर के संचालक ने बताया कि हम सभी गुरुवार शाम को प्रति दिन की तरह दुकान बंदकर पतरातू बारात चले गए थे। शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार होने के कारण सुबह दुकान खोले तो देखा कि दुकान का समान बिखरा पड़ा हुआ है और अल्वेस्डस टूटा हुआ है। तब मै अपने काउंटर में रखे 3200 रुपये देखने लगे तो गायब था। वही रामवृक्ष गोसाईं के दुकान से 3500, व नरेश जेनरल स्टोर से 3100 रुपए सहित टोर्च, टोफी, चस्मा, घड़ी सहित कई समान को चोरों ने चोरी कर लिया। तीनों दुकान मिलाकर नगद नौ हजार आठ सौ सहित लगभग चालीस हजार की समान का नुकसान हुआ है। इसके अलावा चोरों ने भाजपा कार्यालय, देवनन्दन प्रसाद, हाड्वेयर दुकान, संतोष प्रसाद के बर्तन दुकान बस स्टैंड के समीप वीके लोणड्री, प्रेम सैलून दुकान का एलवेस्टर एंव रतन होटल का ताला तोडकर चोरी करने का प्रयास किया। सभी पांच दुकानों का एलवेस्टर चोरों द्वारा तोड़ दिए जाने से काफी नुकसान हुआ है। हालाकी अरविंद कुमार के दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे किया गया चोरी का सभी वारदात कैद हो गया है। आवेदन के माध्यम से चोरी की जानकारी दुकानदारों ने थाना को दे दिया है। बारियातू के दुकादारों ने लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजान से टॉन एरिया मे पुलिस रखने की मांग किया है।

### टोरी शिवपुर रेलखंड पर लॉन्ग हाल माल गाड़ी प्रेषण का हुआ शुभारंभ

**चंदवा।** पूर्व मध्य रेलवे के टोरी-शिवपुर रेल परियोजना के अंतर्गत लॉन्ग हाल माल गाड़ी के प्रेषण का शुभारंभ व टोरी शिवपुर रेलखंड की तीसरी लाइन को शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन उद्घाटन किया। उक्त रेलखंड बरकाकाना गढ़वा मुख्य रेल लाइन से टोरी स्टेशन जुड़ता है, यहां से शिवपुर तक 41.5 किलोमीटर रेल लाइन अगस्त 2018 में यातायात के लिए खोला गया था, 2019 में इस लाइन का दोहरीकरण का कार्य संपन्न हुआ एवं वीराटोली से शिवपुरी तक 38 किलोमीटर तीहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस रेल लाइन का उपयोग बिजली उत्पादन में कोयले की आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। बिजली घरों को कोयला उपलब्ध कराने में इस लाइन की महत्वपूर्ण भूमिकाहै। प्रतिदिन इस लाइन से लगभग 30 रैक कोयले की धुलाई की जाती है, जो भारत के विभिन्न बिजली घरों को पहुंचाया जाता है। इस खंड से 50 प्रतिशत कोयल का प्रेषण लॉन्गहाल माल गाड़ियों के द्वारा किया जाता है।शिवपुरी साइडिंग से प्रतिदिन न्यूनतम 10 रैक कोयले की खेप जाती है, जिसे बढ़ाकर 20 रैक करना है। इस रेल खंड में 11 साइडिंग है जिन्हें बढ़ाकर 18 कॉल साइडिंग किया जाना है । 11 में से 6 साइडिंग लॉन्ग हाल में हैं। इस रेल खंड से प्रतिदिन लगभग 23 करोड रुपए की राजस्व की प्राप्ति हो रही है। लॉन्गहाल प्रेषण के बाद 7 से 8 करोड़ रूपया अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। धनबाद मंडल के द्वारा अगस्त 2019 से शिवपुर एवं फुलबसिया में लॉन्ग हाल लोडिंग सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसे देखते हुए इस मॉडल के रूप में अपनाया गया है। टोरी शिवपुरी रेलखंड से 2018-19 में 366 रैक कोयले की आपूर्ति की गई। जिससे 224.89 करोड रुपए की प्राप्ति हुई। 2019-20 में 2453 रैक कोयला का लादान किया गया जिससे लगभग 1507.28 करोड रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। वर्ष 2021-22 में 5974 रैक कोयले की आपूर्ति की गई। जिससे लगभग 3670.12 करोड़ रूपए राजसव की प्राप्ति हुई। 2022-23 में 6403 रन कोयले की आपूर्ति की गई।

# उरीमारी नॉर्थ में कोल हैंडलिंग प्लांट का पीएम ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के बिरसा परियोजना स्थित नॉर्थ उरीमारी में शुक्रवार को सीएचपी सायलो कोल हैंडलिंग प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, डायरेक्टर पीएंडपी बी. साईंराम, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार उपस्थित थे। सीसीएल बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने दोनों को बुके देकर स्वागत किया। सीएमडी बी. वीरा रेड्डी ने उत्पादन मस्ट बट सेफ्टी फर्स्ट का नारा बुलंद करते हुए कहा की नार्थ उरीमारी में सीएचपी सायलो के खुल जाने से डिस्पैच में तेजी आयेगी। यह बरका-सयाल के लिए हर्ष की बात है। उन्होंने बताया

**सीएचपी सायलो के चालू होने से डिस्पैच में आयेगी तेजी : डॉ. रेड्डी**

की इसकी लागत 292 करोड़ है। जबकि इसकी क्षमता 7.5 लाख मीलियन टन है। उन्होंने बताया की 20 हजार टन कोयला भंडारण और 4000 टन सायलो बंकर की क्षमता है। सीएमडी श्री रेड्डी ने कहा की कोयला संप्रेषण की गति बढ़ाने के लिए तैयार किया गया कोल हैंडलिंग प्लांट ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति को भी मजबुत करेगी। समारोह में शांति निकेतन विद्यालय उरीमारी के बच्चों ने पर्यावरण की सुरक्षा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर एसओपी अजय कुमार, अमरेंद्र कुमार, एसओसी आर प्रधान, बिरसा पीओ डी शिवा दास, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, सयाल पीओ सुबोध कुमार, हेन्देगिर पीओ रामेश्वर मुंडा, साईडिंग जयंत कुमार, एनके सिंह, प्रोजेक्ट अभियंता सिकंदर कुमार, पर्सनल ऑफिसर विवेक कुमार, संजीव बेदिया, सतीश सिन्हा, चिंध्याचल बेदिया, सुखदेव प्रसाद, शशि भूषण, दसई मांझी, सोनाराम मांझी, नरेश मंडल, बृजकिशोर पासवान, श्रीकांत गुप्ता, बच्चन पांडेय, रामनरेश सिंह, शंभु प्रसाद सिंह, देवेंद्र सिंह, संजय करमाली, अशोक शर्मा, दशरथ कुर्मी, संजय यादव, अशोक गुप्ता, चमन मुंडा, जगतार सिंह, राजेश सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, महेंद्र सिंह, गणेश गंझू सहित दर्जनों अधिकारी मौजूद थे।



उद्घाटन के दौरान सीएमडी, डायरेक्टर पीएंडपी टेक्निकल, जीएम व अन्य।

# आइएआरआइ में हॉस्टल का अर्जुन मुंडा ने किया उद्घाटन

## कहा-कृषि में अनुसंधान और विज्ञान की मदद से उत्पादन बढ़ायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आइएआरआइ), गौरियाकरमा में कृषक गोष्ठी सह उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को महानिदेशक व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग डॉ हिमांशु पाठक व विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ विशलनाथ ने बुके देकर स्वागत किया। मुंडा ने भाकृअनु केंद्र आईएआरआई गौरियाकरमा की विभिन्न सुविधाओं का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ गर्ल्स व बॉयज हॉस्टल का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री ने करीब 24 करोड की प्राक्कलित राशि से निर्माण हुए 175 छात्र की क्षमता वाले बॉयज होस्टल, 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण हुए 156 छात्राओं की क्षमता वाले गर्ल्स हॉस्टल व 11 करोड़ की लागत से 25 क्वार्टर का उद्घाटन किया। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ पौधरोपण किया। कृषक गोष्ठी में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद जयंत सिन्हा, विधायक अमित यादव, महानिदेशक व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग डॉ हिमांशु पाठक को बुके देकर पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर व स्मृतिचिन्ह भेंट कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

कृषक गोष्ठी में अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिकाल से मनुष्य विभिन्न तरह के संसाधनों का उपयोग करके अपने पेट भरने का काम किया है, लेकिन आज चीजें बदल चुकी है। हमारे पास आज जमीन कम है, जनसंख्या लगातार बढ़ रही है और ऐसे में कृषि में अनुसंधान और विज्ञान की मदद से ही हम उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं। विज्ञान और तकनीक को जोड़ते हुए परंपरागत तरीके से गुणवत्तापूर्ण खेती की आवश्यकता है।

कृषि मंत्रालय नवाचार के साथ उन्नत कृषि के विकास के लिए काम कर रहा है। बीज के गुणवत्ता और बाजार को ध्यान में रखते हुए उत्पादन की आवश्यकता है। आत्मनिर्भरता के साथ कैसे काम कर सकते हैं, उसे भी ध्यान रखना होगा। श्री मुंडा ने कहा कि उन्नत किसान बनने के लिए कृषि के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों को जानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों को बहु-फसली और जैविक खेती के बारे में अवश्य सोचना चाहिए। देश की प्रगति किसानों की प्रगति में निहित है। बदलते समय में खेती के नए तरीके सीखना किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच के चलते आज किसानों का उद्धार हो रहा है। 2014 से पहले किसानों के विषय में कोई भी बात नहीं करता था। ना ही उनके बारे में कोई सोचता था। पहले कृषि का बजट 25000 करोड़ हुआ करता था, लेकिन अब देश के प्रधानमंत्री ने इसे बढ़ाकर 5 गुना कर दिया है। पहले किसान फसल खराब होने के कारण आत्महत्या कर लेते थे लेकिन आज किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं।





## कई योजनाओं को अंबा प्रसाद ने दी मंजूरी

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के कांडतरी पंचायत के कई सार्वजनिक विकास कार्यों की विधायक अंबा प्रसाद ने दी मंजूरी। विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से अनुशंसित योजनाओं का अनुशंसा पत्र प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने पंचायत कोर कमिटी के पदाधिकारियों को प्रदान किया। जिसमें ग्राम खैरातरी पैक्स के सामने चबूतरा सुंदरीकरण,ग्राम महुदी हरिजन टोला में अंबेडकर भवन का निर्माण वही सोनपुरा हरिजन टोला के शमशान घाट में शेड निर्माण,सोनपुरा ठाकुर मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण, मिर्जापुर में स्थित कब्रिस्तान में पीसीसी पथ निर्माण,वासुदेव महतो के खेत से श्मशान तक पीसीसी पथ निर्माण होगा। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि विधायक का मेहनत क्षेत्र में विकास के रूप में लगातार उतर रहा है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर,सचिव गणेश कुमार, भीम देव कुमार,अरुण कुमार,चित्र दयाल महतो,संजीत राम,अनुराग बसु,सूरज महतो,विकास राम,विजय राम,मोहम्मद सद्दाम,अकबर, सुकूल सहित कई लोग मौजूद थे।

## बलकुदरा माइंस में चक्का जाम स्थगित

भुरकुंडा (रामगढ़)। लोकल सेल संचालन को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय में विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति और भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी के बीच वार्ता हुई। वार्ता में भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने समिति के छह सूत्री मांगों पर साकारात्मक पहल करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए जल्द ही बैठक होगी। वार्ता में राणाप्रताप सिंह, झरी मुंडा, विजय साहू, राजेंद्र मुंडा, पुलेश्वर राम, संतोष मांझी, वीरेंद्र मांझी, खुशबू देवी, अमर यादव, योगेंद्र यादव, संजय यादव, कैलाश साहू, सन्नी बेसरा, अनिल एक्का, राजू मुंडा, राजेश मुर्मू, देवनंदन प्रसाद आदि शामिल थे।

# हजारीबाग : सात सूत्री मांग को लेकर मुखिया संघ ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** जिला मुखिया संघ ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता के अध्यक्षता में सात सूत्री मांग को लेकर धरना दिया। मांग पत्र में मांग की गई कि निलंबित किए गए मुखियागणों के वित्तीय सभी पावर अविलंब वापस किया जाए। ग्राम सभा के माध्यम से चयनित लाभुकों को अबुआ आवास की प्राथमिकता दी जाए। मुखिया पर न्यायिक रूप से आरोप गठित होने के बाद ही वित्तीय शक्ति जब्त की जाए। पंचायत कर्मियों को पंचायत सचिवालय में बैठना सुनिश्चित हो ।राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को अभिलंब उपलब्ध हो। मनरेगा के सभी कार्य का क्रियान्वयन पंचायत सचिवालय में किया जाए तथा जिओ टैग एवं एक्सेप्ट का अधिकार मुखियागण को दिया जाए। 15वीं वित्त आयोग के तहत पंचायत में हो रहे कार्यों का मापी पुस्तिका मुखिया द्वारा निर्गत करने का आदेश दिया जाए।



# एक किलो अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

▶▶ चौपारण पुलिस ने तीन मोबाइल और एक बोलेरो किया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चौपारण पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी नौशाद आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापामारी कर प्रखण्ड के ग्राम बहेरा में स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास बोलेरो वाहन सं जेएच 02 एएल - 2526 में बैठकर आपस में अफीम तस्करी का लेन-देन कर रहे तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीन व्यक्तियों की पहचान संजय यादव पिता शीतल यादव ग्राम हुलगडा खुर्द थाना सदर, जिला- चतरा , विजय साव पिता स्व डेगलाल साव ग्राम रसोईया धमना थाना बरही जिला हजारीबाग , मिथुन दांगी पिता स्व मुंशी दांगी ग्राम जोरी थाना राजपुर जिला चतरा के रूप में हुई है। वहीं जब्त बोलेरो वाहन सं०- जेएच 02 ए एल 2526 को विधिवत तलाशी लेने पर बोलेरो गाडी के अंदर एक प्लास्टिक में रखा 01 (एक) किलोग्राम अफीम एवं 20000/- (बीस हजार) रुपया नगद पाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 55/24 दिनांक- 29/02/24 धारा 414/34 भादवि एवं 17 (सी)/18 (बी)/22(सी) एनडीपीएस एक्ट अंकित कर पकड़ाये तीनो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दी गई।

छापामारी दल में पुलिस पदाधिकारी, बरही नौशाद आलम अनुमंडल , पुअनि दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण थाना, सअनि भाजु एक्का चौपारण थाना और चौपारण थाना के जैप सशस्त्र बल शामिल थे।



## रामगढ़ में दिनदहाड़े बाइक सवार से 3.5 लाख ले उड़े उचक्के

**रामगढ़।** शुक्रवार को दामोदर नदी के पास बाइक पर सवार दो उचक्कों ने एक बाइक सवार से रुपयों से भरा थैला उड़ा लिया। बैग में 3.50 लाख रुपए थे। इस मामले की सूचना पीड़ित युवक फिरोज खान ने रामगढ़ थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अजय साहू ने बताया कि गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलीगढ़ा एमपीआई के रहने वाले फिरोज खान रामगढ़ के एचडीएफसी बैंक से पैसे निकालने आए थे। उन्होंने 3.50 लाख रुपए नगद निकाला और एक झोले में डालकर अकेले ही बाइक से अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान दामोदर पुल के पासबाइक पर सवार दो उचक्कों ने उनका थैला काट लिया और फरार हो गए।

## स्पीड न्यूज

### ओपी जिंदल कॉलेज में लगा कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतरातु में शुक्रवार को रिजर्व बैंक ने वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। खाते, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और उससे बचने के उपाय, सुकन्या समृद्धी योजना, शिक्षा ऋण योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान आरबीआई प्रबंधक हर्षिता सभलोक द्वारा बैंक सम्बन्धित वैकल्पिक प्रश्न भी पूछे गए। साथ ही सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। शिविर में आरबीआई की प्रबंधक हर्षिता सभलोक, सीएफएल संचालक पम्मी कुमारी, विकास कुमार, औद्योगिक संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू सहित शिक्षक और 105 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### डीसी ने किया कॉलेज का निरीक्षण



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव में डिस्पैच सेंटर स्थापित करने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों एवं की जाने वाली विभिन्न तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एसडीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुजू में मना नीतीश का जन्मदिन



**कुजू।** जदयू कार्यालय में शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का जन्म दिन मना। जदयू जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व प्रदेश महासचिव जगदीश महतो ने केक काटा। साथ ही उनके दीर्घायु होने का कामना की। कार्यकर्ताओ के बीच मिठाई बांटा। कहा कि नीतीश ने बिहार के विकास के लिए पूरी जिंदगी लगा दी। आज उन्हीं के बदौलत बिहार में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। आने वाले समय में झारखंड में भी जदयू का दबदबा रहेगा। मौके पर जिला सचिव सफीक अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो, रामाकांत पटेल, प्रखंड सचिव बालेश्वर तुरी, सचिव उमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

### कराटे प्रशिक्षक आस्था सिंह सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कराटे कोच सेंसाई कंचन दास से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेनी वाली ए ला एगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के 9वीं की छात्रा सह कराटे प्रशिक्षिका आस्था सिंह को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। बासल थाना के एएसआई विनोद कुमार ने कुरसे निवासी पंकज सिंह व रेखा देवी की पुत्री आस्था सिंह को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री कुमार ने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। यह आत्मरक्षा क बेहतर साधन है। उन्होने बताया कि आस्था सिंह ने रांची के खेलगांव में आयोजित झारखड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### संघर्ष मोर्चा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने उपायुक्त रामगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है की छाई डैम के लिए अधिगृहित जमीन मुआवजा भुगतान करवाने के लिए प्रशासन की ओर से पहल की जाए। ज्ञापन में रैयतों ने कहा की उक्त भूखंड उनकी जीविकोपार्जन का माध्यम था, जिससे वे अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं।

### कुजू में जमसं की बैठक चार को

**कुजू।** महाप्रबंधक कार्यालय स्थित परिजात गेस्ट हाउस में जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्रीय कमिटि की बैठक शुक्रवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। बैठक में 4 मार्च को नयामोड़ यूनियन कार्यालय में जनता मजदूर संघ के नव मनोनीत केंद्रीय उपाध्यक्ष निशी पांडेय का जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया गया। महतो ने कहा कि निशी पांडेय के संघ जुड़ने से संगठन को मजबूती मिली है। बैठक में उमेश प्रसाद साव, धनेश्वर महतो, राजकुमार महतो, कंचन सिंह, नरेश महतो, ललन यादव, राजेश यादव, अख्तर हुसैन, रौशनलाल महतो, राजेंद्र महतो राजू, बिगन राम, रामाकांत पटेल, पवन महतो, मेघलाल मंडल आदि मौजूद थे।

### कुशवाहा समाज का होली मिलन 20 को

बड़कागांव। केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र अपने स्वजातीय को संगठित करने के उद्देश्य से होली मिलन समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष करती आ रही है। अध्यक्ष सोहनलाल मेहता के अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 मार्च को बृहद पैमाने पर भव्य होली मिलन कुशवाहा धर्मशाला गुरुचट्टी होगा, जिसमें कई गणमान्य स्वजातीय प्रबुद्ध लोग एवं ग्रामीण शामिल होंगे।

### रैयतों को मिले मुआवजा : इंद्रदेव

**बरकट्ठा ।** एनएच दो से तेतरोन पथ निर्माण के क्रम में अधिग्रहित भूमि व मकान संरचना के मुआवजा भुगतान को लेकर मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद ने संबंधित विभाग को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा कि पथ निर्माण कार्य में रैयतों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नही मिला है। मुआवजा मूल्यांकन कृषि दर लगाकर नोटिस दिया गया है। जबकि पथ किनारे अवस्थित भूमि आवासीय भूखंड है। कुछ रैयतों का मकान, दुकान व अन्य कंस्ट्रक्शन बने है। इस पर विभाग संज्ञान लेते हुए आवासीय भूखंड के साथ-साथ आवास, दुकान एवं संरचनाओं का मूल्यांकन करते हुए उचित मुआवजा भुगतान करने की गुहार लगाई है।

## एक नजर में

### नये एसपी डॉ विमल ने दिया योगदान



**रामगढ़।** रामगढ़ के नये एसपी डॉ विमल कुमार ने शुक्रवार को निवर्ममान एसपी पीयूष पांडे ने संभाला कामकाज।निवर्तमान एसपी पीयूष पांडे ने उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं एसपी डॉ विमल कुमार ने कहा की जिला वासियों को भयमुक्त माहौल उपलब्ध करना उनकी प्राथमिकता होगी।

### आंदोलनकारी चिह्नितीकरण में शामिल हुए कोलेश्वर



**बड़कागांव।** गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड आंदोलनकारी चिंहितिकरण आयोग के सूची में बड़कागांव प्रखंड के पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी कोलेश्वर गंझू का नाम शामिल किया गया है। गंझू ने कहा कि मैं सरकार एवं विभाग को धन्यवाद देता हूं कि आंदोलनकारी चिंहितिकरण सूची में मेरा नाम आया है। बधाई देने वालों में आंगों पसस संगीता कुमारी,प्रतिनिधि मुनेश्वर गंझू , रमन गंझू,जागेश्वर गंझू,बलदेव गंझू, महेश गंझू ,सुखदेव गंझु सहित समस्त खरवार भोक्ता समाज के लोग शामिल है।

### दारू में लाभार्थी जन संपर्क अभियान आज

**दारू।** भारतीय जनता पार्टी दारू मंडल में केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को तिलैया शिवमंदिर में लाभार्थियों के डोर टू डोर संपर्क को लेकर कार्य समिति व बूथ अध्यक्ष की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रो बसंत नारायण ने किया । बैठक के मुख्य अतिथि दारू मंडल के प्रभारी हरीश श्रीवास्तव थे। श्रीवास्तव न`कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी कार्यकर्ताओं को 100 दिन का समय अपने अपने क्षेत्र में केंद्र सरकार के द्वारा आमजन के हित मे किया गया कार्य को जाकर बताना है एवं उन्हें सरकार के द्वारा क्या क्या लाभ मिला है इसकी जानकारी लेनी है। शनिवार से लाभार्थी जन-संपर्क अभियान चलाया जाएगा। मौके पर उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, शत्रुंजय प्रसाद, मंत्री विकाश यादव, धनपत प्रसाद, नागेश्वर महतो, मोहन प्रसाद कुशवाहा, नरेश प्रसाद, इंद्र कुमार पासवान, राजेन्द्र राम, संजय कुशवाहा,लखन यादव, प्रेमचंद यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि को ले शांति समिति की बैठक

**बड़कागांव।** थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में 8 मार्च को होने वाले महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति अहम बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अंचला अधिकारी बालेश्वर राम व संचालन जिप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम के द्वारा किया गया। बुढ़वा महादेव में महाशिवरात्रि एवं शिव बारात को लेकर चर्चा की गई। जिसमें मिलजुल कर महाशिवरात्रि मनाने का निर्णय लिया गया।लोकनाथ महतो ने कहा कि महाशिवरात्रि श्रद्धा के साथ करें। प्रशासन ने कहा कि बुढ़वा महादेव में छोटी-मोटी जो भी समस्याएं हैं आपस में लोग मिलजुल कर दूर कर व शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन करें। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें। मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल,जिप सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख वचन देव कुमार,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह,अध्यक्ष बिंदु दांगी, डॉक्टर बालेश्वर महतो ,भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, आनंद मेहता,पसस प्रभु राम, बड़कागांव सदर खुर्शीद आलम ,रंजीत चौबे, समाजसेवी सोनू इराकी,शशि मेहता,जानेशर आलम,इंद्र भूषण,झमन महतो, दामोदर महतोजयशंकर महतो,सुरेश महतो,सतीश राम के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

### बरकट्ठा में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 10 मार्च को

**बरकट्ठा।** प्रखंड कपका स्थित पाचु महतो सेवा संघ के तत्वावधान में मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 10 मार्च को होगा। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से दसवीं के विद्यार्थी शामिल हो होंगे। यह जानकारी स्कूल निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने दी। समूह ए में कक्षा प्रथम से तृतीय तथा समूह में कक्षा चौथा से छठवीं, समूह सी में कक्षा सातवीं एवं आठवीं तथा समूह डी में कक्षा नवमी एवं दसवीं की विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में 100 अंक निर्धारित है। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय और ओएमआर शीट पर लिया जाएगा। बरकट्ठा, पचफेड़ी, गयपहाड़ी, कपका एवं बेड़ोकला में बनाया जाएगा। परीक्षाफल 17 मार्च को जारी किया जाएगा। ट्रस्टी सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को कंप्यूटर, द्वितीय साइकिल, तृतीय को हाथ की घड़ी और टॉप 20 को स्कूल बैग पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। वहीं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### जिसने भी पैसा लूटा है उसे ही लौटाना होगा

**पीएम मोदी ने कहा झारखंड कई गारंटियों का गवाह:** पीएम ने कहा कि झारखंड ऐसे कई गारंटियों का गवाह है, जो पिछले वर्षों में पूरी हुई है, देवघर में एयरपोर्ट का शिलान्यास मैंने 2018 में किया था, साल 2022 में इसके लोकार्पण का अवसर भी आपने मुझे दिया। साल 2018 में मैंने झारखंड के पहले एम्स के आधारशिला रखी थी और 2022 में इसका लोकार्पण भी आपके सेवक मोदी ने किया। आज झारखंड देश के उन राज्यों में है, जहां रेलवे का शत प्रतिशत बिजलीकरण हो चुका है। झारखंड को अब तक तीन आधुनिक मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल चुकी है। मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज का कल्याण और आदिवासी समाज का विकास भाजपा की प्राथमिकता है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण झारखंड राज्य का बनना है। आदिवासियों के लिए 24000 करोड़ की प्रधानमंत्री जन मन योजना की शुरूआत की गई है। इसके अलावा हमारे झारखंड की बिरहोर, पहाड़िया जैसी छोटी-छोटी जनजातियों को हमारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। यह भाजपा सरकार ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा का संग्रहालय बनाया। उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज से संपन्न राज्य है। अब लोग इसे किसानों का राज्य भी मानेंगे। क्योंकि, यहां के किसान भी जल्द आत्मनिर्भर होंगे। अपनी जमीन से बेहतर पैदावार लेंगे। केंद्र सरकार हर तरफ से झारखंड को भी सहयोग कर रही है।

### सिंदरी खाद कारखाना रोजगार के द्वार खुलेंगे

**कृषि पर अधिक निर्भरता :** सीएम ने कहा कि झारखंड का भौगोलिक परिवेश देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में कई मायनों में अलग है। एक तरफ यहां लोहा, कोयला, बॉक्साइट और यूरेनियम जैसे कई खनिज प्रचूर मात्रा में पाये जाते हैं तो खेत- खलिहान पर भी ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी निर्भर है। ऐसे में राज्य के सम्यक विकास के लिए दोनों के बीच संतुलन जरूरी है। यहां के आदिवासियों- मूलवासियों और किसानों- मजदूरों को उनके पैरों पर खड़ा कर हम इस राज्य को मजबूती दे सकते हैं। इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ राज्य सरकार निरंतर काम करते आ रही है।

**झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन :** उद्घाटन समारोह में सीएम ने कहा कि झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। किसान जब आधुनिक तकनीक और पद्धतियों से कृषि करेंगे तो उपज बढ़ेगी। खाद्यान्न उत्पादन जब बढ़ेगा तो इसका सीधा फायदा किसानों को होगा। उनकी आय बढ़ेगी और वे सशक्त होंगे। यहां के युवाओं को इस खाद कारखाने के शुरू होने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा।

स्पीड न्यूज

## सारा ने किलर लुक में मचाया धमाल



**मुंबई ।** बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सारा अली खान ने हाल ही में एक लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है, जिसमें वह लाइम ग्रीन कलर की गाउन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सारा ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग की कुछ क्लिप के साथ कई फोटोज भी शेयर की। फोटोज में 28 वर्षीय एक्ट्रेस को लाइम ग्रीन कलर का गाउन पहने देखा जा सकता है। हाई सिल?ट कट और ऑफ शोल्डर वाले इस गाउन में एक्ट्रेस बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने इसके लिए मिनिमम मेकअप को चुना और फूल के आकार के ड्रॉप इयररिंग्स और जूड़े के साथ अपने लुक को पूरा किया।

## पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश समेत तीन राज्यों के राज्यपाल रहे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने 83 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। यह जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से उनके भतीजे सूफियाना अली ने दी। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक है। मुख्यमंत्री मोहन यादप ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

## राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंत्रिपरिषद विस्तार की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को भगवान राम पर आधारित रोम रोम में राम नाम की पुस्तक भी भेंट की।

## पंजाब के किसानों ने दिल्ली कूच को टाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सीमा पर आंदोलन कर रहे पंजाब के किसानों ने तीन मार्च तक दिल्ली कूच को टाल दिया है। अब किसान शुभकरण के लिए 3 मार्च को अंतिम अरदास होने के बाद ही इस बारे में कोई फैसला लिया जाएगा।किसान नेता सरवन पंधेर और जगजीत डल्लेवाल ने शुक्रवार को कहा कि शुभकरण की आध्यात्मिक शांति के लिए 3 मार्च को अंतिम अरदास की जाएगी, जिसके बाद ही अब आगे बढ़ने का फैसला लिया जाएगा। शुभकरण का 29 फरवरी को ही अंतिम संस्कार किया गया है।

फरवरी में जीएसटी राजस्व 1.68 लाख करोड़ के पार

## फरवरी में जीएसटी 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह फरवरी 2024 में 168337 करोड़ रुपये रहा है जो फरवरी 2023 में संग्रहित 149577 करोड़ रुपये की तुलना में 12.50 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जनवरी में जीएसटी संग्रह 172129 करोड़ रुपये रहा था। फरवरी 2024 में संग्रहित जीएसटी चालू वित्त वर्ष में 11 महीने में से नौ ऐसा महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। मई 2023 और अगस्त 2023 में जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से कुछ कम रहा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल महीने में यह सबसे अधिक 187035 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष में औसम मासिक जीएसटी संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

# इजरायल की गोलीबारी में 100 से अधिक की मौत

**गाजा में नरसंहार**

**मदद लेकर पहुंचे ट्रकों के पास हुई भीड़ पर इजरायली सुरक्षा बलों ने की गोलियों की बौछार 700 से अधिक लोग घायल**

एजेंसी

**गाजा।** इजराइली सुरक्षा बलों ने गुरुवार को गाजा शहर में मदद लेकर पहुंचे ट्रकों के पास अचानक एकत्र हुई भीड़ पर गोलियों की बौछार कर दी। इस गोलीबारी में कम से कम 100 से लोग मारे गए और लगभग 700 घायल हो गए। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी फिलिस्तीनी प्राधिकरण समाचार एजेंसी और एक इजरायली अधिकारी के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह सब अचानक हुआ। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इस नरसंहार में 100 से अधिक लोग मारे गए और 700 से अधिक घायल हो गए। इजराइली टैंकों ने हजारों मशीनगनों से गोलीबारी की। यह भीड़ सहायता आने की प्रतीक्षा कर रही थी। एक इजराइली अधिकारी ने स्वीकार किया कि सैनिकों ने गोलीबारी की और अधिकांश लोग भगदड़ में मारे गए या घायल हुए। इजराइली सेना ने कहा है कि गाजावासी सहायता ट्रकों को घेरकर आपूर्ति लूट रहे थे। इस घटनाक्रम पर हमास के एक कमांडर ने चेतावनी दी कि इससे संघर्ष विराम वार्ता पटरी से उतर सकती है। उल्लेखनीय है कि इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के बीच गाजा में सात अक्टूबर से युद्ध छिड़ा हुआ है। गाजा में मरने वालों की संख्या 30,000 हो चुकी है।



## नागरिकों में कर्तव्य का बोध देश के समुचित विकास का आधार : भागवत

**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार कहा कि नागरिकों में कर्तव्य का बोध और उन कर्तव्यों के पालन के प्रति कठोरता ही देश के समुचित विकास का आधार है। डॉ. भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में अपना उदाहरण प्रस्तुत करें। डॉ. भागवत पटना के विजय निकेतन में संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के निमित्त आयोजित प्रांत स्तर के कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। संघ प्रमुख ने स्वयंसेवकों से पांच तत्वों- सामाजिक समरसता, कुटुंब भाव, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, स्वदेशी का आग्रह और नागरिक कर्तव्य बोध का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देव स्थल, सार्वजनिक पानी का स्थल और श्मशान भूमि पर सबका बराबर अधिकार होता है। अपना समाज एक परिवार के समान है।



**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की मां विंध्यवासिनी की पूजा**
**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में स्थित विंध्य दरबार में मां विंध्यवासिनी की चौखट पर शीश नवाया। उन्होंने दर्शन-पूजन कर देश के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट निमार्णाधीन विंध्य कॉरिडोर का जायजा लिया।**

# हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

**महादेव एप मामला**

**▸▸ इडी ने दुबई में शंकर टिबरेवाल का 3.64 करोड़ रुपये कैश और कीमती सामान कब्जे में लिया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे। ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने इस मामले में एक हवाला कारोबारी हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है। उन्होंने बताया कि ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। ईडी का आरोप है कि टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप स्काईएक्सचेंज का मालिक और संचालक भी है। ईडी का आरोप है, वह (टिबरेवाल), दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिये, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था। उसने अपने कई सहयोगियों को कई कंपनियों में निदेशक भी नियुक्त कर रखा था, जो शेयर बाजार में सट्टेबाजी में सहायता कर रहे थे। टिबरेवाल सट्टेबाजी की रकम को बड़े पैमाने पर हवाला के जरिये दूसरी जगह भेजने में भी लिप्त था।




# बिहार में राजद के एक और विधायक ने बदला पाला

**भरत बिंद ने थामा भाजपा का दामन**

**कांग्रेस विधायक नीतू सिंह बोलीं- लोकसभा टिकट मिला तो बीजेपी में जाऊंगी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना ।** राजद के एक और विधायक ने शुक्रवार को पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया। 12 फरवरी से अब तक राजद के पांच और कांग्रेस के दो यानी महागठबंधन के कुल सात विधायकों ने पाला बदल लिया है। राजद के भभुआ से विधायक भरत बिंद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की गाड़ी में बैठ कर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद वे विपक्षी पार्टियों की बेंच के बजाय सत्ता पक्ष की बेंच पर भाजपा विधायकों के साथ जाकर बैठ गये। सदन में मौजदू भाजपा और जदयू के विधायकों ने उका स्वागत किया। भरत बिंद राजद के पांचवे विधायक हैं, जिन्होंने पिछले 18 दिनों में पाला बदल लिया है। इससे पहले 12 फरवरी को राजद के विधायक प्रहलाद यादव, नीलम देवी और चेतन आनंद ने पाला बदल लिया था। उस दिन विधानसभा में तत्कालीन अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश हुआ था और नीतीश कुमार की भाजपा के साथ बनी नयी सरकार को विश्वास मत हासिल करना था।

इधर कांग्रेस की एक और विधायक ने पाला बदलने के संकेत दिए हैं। नवादा जिले के हिसुआ से कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह ने कहा कि अगर उन्हें बीजेपी से लोकसभा चुनाव का टिकट मिल गया तो वह उस पार्टी में चली जाएंगी। विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन कांग्रेस विधायक नीतू सिंह सदन में पहुंचीं। वह बीते कुछ दिनों से सदन में नहीं आ रही थीं। उन्होंने कहा कि वह नवादा से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहती हैं। वह कांग्रेस से टिकट मांग रही हैं। नीतू ने कहा कि नवादा से हर बार बाहरी उम्मीदवार सांसद बन जाते हैं। मगर जनता अब स्थानीय सांसद चाहती है। अगर बीजेपी उन्हें लोकसभा का टिकट देती है, तो वह भाजपा में चली जाएंगी। हालांकि, उनकी कांग्रेस से कोई नाराजगी नहीं है।



## प्रधानमंत्री आज बिहार को देंगे 50 हजार करोड़ की सौगात

**बेगूसराय और औरंगाबाद में जनसभा को करेंगे संबोधित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड के दौरे के बाद शनिवार को दो बजे के करीब बिहार के बेगूसराय आएंगे। यहां वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही 50 हजार करोड़ रुपये की राशि से योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। औरंगाबाद में भी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम की यात्रा को देखते हुए केंद्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह के साथ पुलिस पदाधिकारियों और एसपीजी के पदाधिकारियों ने हेलीपैड, मंच स्थल, आम लोगों के आने जाने वाले मार्ग, सभा स्थल सहित अन्य मूलभूत बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री मनसुख मांडविया, राज्यमंत्री भगवंत सुबा, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के अलावा कई अन्य नेता मंच पर मौजूद रहेंगे।



## अमेरिका के साथ रूस वार्ता को तैयार : पुतिन

एजेंसी

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिका के प्रति स्वर नरम और बदले-बदले नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ रूस हथियार-नियंत्रण वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने यह घोषणा अपने वार्षिक राष्ट्र के नाम संदेश में की। पुतिन के राष्ट्र के नाम संदेश का देश में सीधा प्रसारण किया गया। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पुतिन ने कहा कि पश्चिम आज परमाणु संघर्ष का जोखिम उठा रहा है। पुतिन ने कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन युद्ध में अधिक सीधा हस्तक्षेप किया तो उसे परमाणु प्रतिक्रिया की संभावना का सामना करना पड़ेगा। रूसी नेता ने इस सप्ताह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो की टिप्पणियों की ओर इशारा किया, जिसमें यूक्रेन में नाटो सेना भेजने की संभावना जताई गई थी। पुतिन ने कहा कि नाटो देश जो इस तरह के कदम पर विचार कर रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि इस संघर्ष से सभ्यता के विनाश का खतरा पैदा हो सकता है।



## किशनगंज की चाय को मिली नयी पहचान

**किशनगंज।** व्यापार चिन्ह रजिस्ट्री द्वारा बिहार की चाय "बिहार टी" के व्यापार चिन्ह को स्वीकृति मिल गई है। बिहार में 5600 हेक्टेयर में चाय की खेती की जाती है जिसमें किशनगंज जिला प्रमुख है। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बिहार टी का व्यापार चिन्ह स्वीकृत हो जाने से बिहार की चाय को एक विशिष्ट पहचान मिली है और इसका लाभ किशनगंज जिला की चाय उत्पादकों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में किशनगंज जिला अंतर्गत अपार संभावनाएं हैं और वो कृषि एवम उद्योग विभाग के साथ मिलकर उसको साकार करने हेतु प्रयासरत है। व्यापार चिन्ह रजिस्ट्री अधिनियम 1999 के अंतर्गत व्यापार चिन्ह रजिस्ट्रार भारत सरकार द्वारा जारी किया जाता है। व्यापार चिन्ह रजिस्ट्रार का कार्यालय मुंबई महाराष्ट्र में स्थित है।

# लक्षद्वीप में नया बेस बनायेगी नौसेना

**हिंद महासागर में बढ़ेगी ताकत**

**▸▸ अमेरिकी हंटर एमएच 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को बेड़े में शामिल करेगी नौसेना**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नौसेना लक्षद्वीप में नया बेस आईएनएस जटायु शुरू करेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह बेस अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्रों में तैनात आईएनएस बाज की तरह ही क्षमता प्रदान करेगा। इसी के साथ नौसेना अमेरिकी हंटर एमएच 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को कोच्चि के नौसेना वायु स्टेशन पर अपने बेड़े में शामिल करने की भी योजना बना रही है। नौसेना में विमानवाहक पोतों आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पहली बार 50 मेहमान देशों के साथ बहुपक्षीय अभ्यास 'मिलन' में हिस्सा लेकर पश्चिमी समुद्र तट के लिए रवाना हो चुके हैं। कारवार कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में स्थित है और भारत के पश्चिमी तट पर गोवा के साथ अपनी सीमा साझा करता है। कारवार में ही दोनों विमानवाहकों पर अगले सप्ताह कमांडर कॉन्फ्रेंस होनी है, जिसमें नौसेना के टॉप कमांडर्स एक साथ देश की साझा रणनीति और तैयारियों पर चर्चा करेंगे। भारतीय नौसेना अपने दोनों विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत का संचालन लक्षद्वीप के पास करेगी, जो कई वर्षों में नौसेना के लिए अपनी तरह का पहला अनुभव होगा।

नौसेना इसी दौरान नए बेस आईएनएस जटायु को चालू करने की योजना बना रही है, जो हिंद महासागर में दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखेगा। अगले सप्ताह कमांडरों के सम्मेलन के दौरान यह बेस चालू होने की संभावना है। नौसेना वहां विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप में आईएनएस जटायु को तैनात करेगी। यह कुछ अधिकारियों और जवानों के साथ शुरू होगा और फिर एक बड़े नौसैनिक अड्डे तक विस्तारित किया जाएगा। यह बेस अरब सागर में पूर्व में अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्रों में तैनात आईएनएस बाज की तरह ही क्षमता प्रदान करेगा। यह पहली बार होगा कि आईएनएस विक्रांत आईएनएस विक्रमादित्य के साथ जुड़वां वाहक संचालन में भाग लेगा। इसी के साथ नौसेना अगले सप्ताह कोच्चि के नौसेना वायु स्टेशन पर एक समारोह में अपने नवीनतम पनडुब्बी रोधी एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को बेड़े में शामिल करने की भी योजना बना रही है। पहली खेप में कुल 4 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर नौसेना में शामिल होंगे। भारत ने 2020 में इन 24 हेलीकॉप्टरों के लिए अमेरिका के साथ 2.2 बिलियन डॉलर से अधिक का सौदा किया था। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्ध क्षमता और मजबूत होगी।



## ढाका में आग लगने से 44 लोगों की मौत

**ढाका ।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देररात आग लगने से कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई और इससे ज्यादा व्यक्ति झुलस गए। इनमें से कई की हालत नाजुक है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। झुलसे लोगों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। स्वास्थ्यमंत्री सामंत लाल सेन ने अस्पताल का दौरा किया है। ढाका के बेली रोड स्थित सात मंजिला व्यावसायिक इमारत में लगी। इस आग में छह रेस्तरां, गैजेट, गियर और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग का आउटलेट, एलीन नामक कपड़े का शोरूम आदि राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग पहली मंजिल से शुरू हुई और लपटों ने तेजी से सभी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। स्वास्थ्यमंत्री डॉ. सामंत लाल सेन, सांसद एएफएम बहाउद्दीन नसीम और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# घटना को अंजाम देने से पूर्व चार कुख्यात अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** गुप्त सूचना के आधार पर पाकुड़ पुलिस ने चार कुख्यात सातिर अपराधियों को पिस्टन व कारतूस के साथ पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। चारों के खिलाफ पाकुड़ नगर थाना में कांड संख्या 39 / 2024 दिनांक 29/2/2024 भारत भारतीय दंड विधान की धारा 25 (एक-बी) अ/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है एवं आगे का अनुसंधान जारी है। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की कुछ अपराधी पाकुड़ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कोयला एवं पत्थर करबारियों से हथियार का भय दिखाकर रंगदारी वसूलने के फिराक में है।

सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक पाकुड के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप उरांव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर सूझबूझ के साथ बेहतर तरीके से तलवाडंगा के नंदीपड़ा बस्ती के एक घर का घेराव कर छापामारी की गई । मकान से देवराज सरकार उर्फ निमुआ उर्फ निमाई (नंदी पाड़ा),



विमान राजवंशी उर्फ बिट्टू राजवंशी (करणपुर पाकुड़), कन्हाई कुमार शाह (तालझारी लिट्टी पाड़ा ) गौरी शंकर शाह उर्फ गौरव (तालझारी थाना लिट्टीपाड़ा) जिला पाकुड़ को एक देसी पिस्टन नौ जिंदा कारतूस एवं चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। सभी को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इससे पहले की यह क्राइम को अंजाम देते पुलिस को उनकी करतूत की सूचना प्राप्त हो गई और यह सभी रंगे हाथ पकड़े गए। यह सभी पत्थर एवं कोयले कार्यबारियों को हथियार एवं फायरिंग कर भय का माहौल बनाकर रंगदारी वसूलने के फिराक में थे।

यह सभी मुंगेर से देसी पिस्टन खरीदा था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनके साथ दो और सातीर अपराधी जो मुख्य मास्टरमाइंड है पंकज लाला एवं रोशन कुमार यादव जिनका पहले से आपराधिक छवि रहा है। इस घटना को अंजाम देने में उनकी अहम भूमिका रही है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनके मोबाइल को खंगाला जा रहा है और उनकी अन्य पृष्ठभूमि की जांच की जा रही हैं। अन्य मामले उद्बोधन होने की आशा है। छापामारी दल में प्रदीप उरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़, अजय आर्यन पुलिस उपाधीक्षक सह नगर थाना प्रभारी पाकुड़, संजीव कुमार झा, अनंत कुमार शाह, मिथुन रजक, चंदन कुमार सिंह, योगेश यादव, सुशील हसदा एवं रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल अहम योगदान रहा रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका व झारखंड आवासीय बालिका विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ

### कुल 1040 सीटों पर होगा नामांकन, पोषक क्षेत्र में बांटे जा रहे हैं नामांकन फार्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर वास्तविक रूप से जरूरतमंद छात्राओं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा की पहुँच के उद्देश्य से गुमला जिला में 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं 02 झारखंड आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में योग्य बालिकाओं के नामांकन की प्रक्रिया आरंभ है एवं विद्यालयों द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर नामांकन का फार्म संबंधित विद्यालय के पोषक क्षेत्र में जाकर भरवाया जा रहा है। इस विद्यालय में अनाथ, एकल अभिभावक, आदिम जनजाति समूह की बालिकाओं, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, मानव तस्करी से प्रभावित सहित वैसी बालिकाओं का नामांकन लिया जायेगा जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा



बच्चियों के नामांकन को लेकर पोषण क्षेत्र में जानकारी व नामांकन फार्म वितरण करते लोग

वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिका होंगी। जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसके साथ ही इन विद्यालयों में सुदूरवर्ती विद्यालय से बाहर रहने वाली छीजित बालिकाओं एवं जरूरतमंद बालिकाओं का नामांकन किया जाना है।

जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील द्वारा बताया गया कि गुमला जिला में इस वर्ष कुल 1040 सीटों पर नामांकन लिया जाना है। जिसमें कक्षा 6 में 825, कक्षा 7 में 57, कक्षा 8 में 55 एवं कक्षा 9 में 103 छात्राओं का नामांकन हेतु सीट रिक्त है। नामांकन के लिए दिनांक 15 मार्च 2024 तक आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है एवं दिनांक 16 मार्च से दिनांक 20 मार्च 2024 तक प्राप्त आवेदन की स्क्रुटनी कर 22 मार्च 2024 को प्रथम सूची का प्रकाशन कर दावा -आपत्ति प्राप्त करते हुए 31 मार्च 2024 तक उनका निराकरण कराया जायेगा। अप्रैल 2024 के प्रथम सप्ताह में प्रखंड स्तरीय नामांकन समिति की बैठक कर नामांकन हेतु अनुमोदित सूची जिला कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

## मेला से चोरी गया कैमरा बरामद, तीनों अभियुक्त गिरफ्तार

**कांडी।** सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 24वें मानस महायज्ञ के दौरान चोरी गया कैमरा पुलिस ने बरामद कर लिया। इस घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। मालूम हो कि महायज्ञ के मेला के दौरान झरना घाटी में अवस्थित स्टूडियो से बुावार को कुछ लोगों ने 50 हजार का एक फोटो कैमरा चोरी कर लिया था। भुक्तभोगी ने कहा कि तीन लोगों ने आकर फोटो खिंचाया। लेकिन पैसा देने में आनाकानी करने लगा। बहुत कहासुनी होने पर फोन पे से पेमेंट किया। दुकानदार पेमेंट लेने में व्यस्त हो गया। तबतक उसके साथियों ने कैमरा पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार जब तक समझता तब तक वे लोग जा चुके थे। लेकिन फोन पे पेमेंट किए जाने के कारण उसका फोन नंबर व डीपी में फोटो मिल गया। नाम, नंबर व फोटो के साथ चोरी की इस घटना को लेकर कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिसमें आफताब अंसारी व उसका मोबाइल नंबर 9265401767 दर्ज कराया गया था।

## विकास योजना कार्य में हो रही परेशानी को लेकर विचार विमर्श



बैठक करते मुखिया संघ के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत भंडरा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मुखिया संघ भंडरा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास कार्य संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा किया गया।

खासकर अबूआ आवास, सिंचाई कूप निर्माण, आम बागवानी, जीपीडीपी में लिए जाने वाले योजना सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। कहा की प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन पर रोक लगाए जाने के बाद विकास योजनाओं पर पूरा असर पड़ रहा है। इससे भंडरा प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं को गति देने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई योजनाएं तो ऐसी है, जिसे रिकॉर्ड खोलने के बाद भी बालू व पत्थर की कमी के कारण योजनाओं को पूरा करने में लाभुक समिति को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि सरकार विकास योजनाओं के लिए बालू पर छूट नहीं दे रही इसलिए विकास योजनाओं को गति देने में मुखिया संघ असमर्थ है। ऐसी स्थिति में प्रखंड प्रशासन भी मुखिया को विकास योजना को गति देने पर दबाव नहीं बनाएं।

## एक नजर में

### कसपुर प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़ कर गैस सिलेंडर की चोरी, सनहा दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**भंडरा।** प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कसपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ गैस सिलेंडर की चोरी कर ली है इस चोरी की घटना की जानकारी अहले सुबह ग्रामीणों द्वारा विद्यालय के रसोई घर का ताला टूटा देख हुई जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्राथमिक विद्यालय कसपुर के प्रधानाध्यापक मनीष उरांव को दिया इधर विद्यालय में लगातार चोरी होने से विद्यालय प्रबंधन समिति काफी परेशान है विगत 1 वर्ष पहले भी इस विद्यालय में चावल की चोरी हुई थी इस संदर्भ में प्रधानाध्यापक मनीष उरांव ने कहा कि सिलेंडर चोरी की घटना का लिखित सूचना भंडरा थाना को दी गई है इधर थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह मामले की जांच पड़ताल में जुट गए है ।

### 40 बच्चो के बीच स्कूल बैग का हुआ वितरण

**लोहरदगा।** विहंगम योग संत समाज के तरफ से अक्षर फाउंडेशन द्वारा लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड अंतर्गत बेटहठ ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 40 छात्रों के बीच स्कूल बैग एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित किस्को प्रखंड के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कहा की विहंगम योग के तरफ से इस तरह का आयोजन समाज के लिए बेहतर संदेश है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चो को इस तरह से मदद करना बच्चो को पढ़ाई में काफी सहूलियत होगी। साथ ही बच्चे स्कूल जाने के लिए प्रेरित होंगे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल अरविंद नाथ शाहदेव, शिक्षिका किरण मिंज, रिझरेंज मिंस, लोहरदगा से विहंगम योग के प्रदीप सोनी, बैजू साहू,रंथी कुमारी, कांति देवी, कौशल्या देवी, बालो उरांव, जगरानी उरांव, उषा देवी सहित काफी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

### विद्यालय से ताला तोड़कर कई सामग्री की हुई चोरी

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी राजकीय मध्य विद्यालय में गुरुवार रात्रि ताला तोड़कर चोरों ने कई समान चुरा लिए। प्रधानाध्यापक विजय कुमार झा ने बताया कि शुक्रवार को जब सुबह विद्यालय पहुंचा तो देखा कि कमरे का ताला कटर ब्लेड से काटकर इन्वर्टर, बैटरी, गैस सिलेंडर, चावल 50 किलो, दाल 30 किलो, अंडा एक पेटी, मशाले आदि की चोरी हो गई।प्रधानाध्यापक विजय कुमार झा के द्वारा कैरो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत चतरा विधान सभा क्षेत्र व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय व मतदान केन्द्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं जिले के मेन ब्रांच बैंक ऑफ इंडिया चतरा में जिला अग्रणी प्रबंधक देवब्रत शर्मा द्वारा बैंक शाखा में उपस्थित खाताधारक व कर्मियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया। इसी प्रकार चतरा, लावालौंग, प्रतापपुर प्रखण्ड समेत अन्य प्रखण्डों में अलग अलग तरह के मतदाता जागरूकता गतिविधि की गई। जिसमें मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। मतदान की महत्ता की जानकारी दी गई और वैसे मतदाता जिनका मतदाता सूचि में नाम शामिल नहीं है उनसे मतदाता सूचि में नाम शामिल कराने का अपील किया गया। साथ ही सभी से अपील करते हुए कहा गया कि जो भी मतदाता मतदाता सूचि में शामिल हो चुके है वो 04 मार्च 2024 से चलने वाले सोशल मीडिया अभियान मैं सत्यापित मतदाता हूं में शामिल हो सकते हैं।

### नाबालिग की शादी रोकने को राजी हुए परिजन

**रमना।** प्रखंड में बाल विवाह पर रोक नहीं लग पा रही है। शादी के मौसम में इस वर्ष प्रशासन नें एक नाबालिगों का विवाह रुकवाया। परन्तु अाकिांश परिजन अपनी नाबालिग बेटियों की शादी करा ही दे रहे हैं। गम्हरिया पंचायत में गुरुवार शाम प्रशासन ने एक नाबालिग को विवाह की भेट चढ़ने से बचाया। गम्हरिया ग्राम की रहने वाली नाबालिग प्रिया का विवाह गम्हरिया निवासी शिव से तय हुआ था, शादी की सभी तैयारी भी हो गयी थी। लड़की पक्ष के द्वारा तिलक का रस्म और मंडप भी हो चुका था, इसी बीच बाल कल्याण समिति को सूचना मिली कि लड़की की आयु 18 साल से कम है। सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति के अयक्ष अन्य सहयोगियों के साथ गांव पहुंचकर ग्रामीणों एवं लड़की के परिवारवालों को बताया कि बाल विवाह दंडनीय अपराध है। बाल कल्याण समिति के सदस्यों के समझाने बुझाने का असर घर वालों पर हुआ और वे लड़की की आयु 18 साल पूरी होने के बाद ही उसकी शादी करने पर सहमत हो गए। बता दें कि बाल विवाह में बाल विवाह प्रतिषो अाानियम के तहत सजा के कड़े प्रावाान हैं।

### नो एंट्री का उलंघन करने वालों पर होगी सख्त करवाई: थाना प्रभारी

**सिमरिया।** नवपदस्थापित थानेदार चंदन कुमार नो एंट्री के उलंघन पर सख्त है। उन्होंने वाहन मालिकों व चालकों से नो एंट्री का उलंघन नही करने का अपील किया है।उन्होंने कहा को नो एंट्री के उलंघन पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।दिन में बाजार में चलने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा। कहा कि डाड़ी चौक से पहले नो इंट्री के पहले खड़े वाहनों को भी चेतावनी दी गई है। नो एंट्री से पहले खड़े वाहन चालकों से एक पंक्ति में वाहन लगाने को कहा है। कहा कि कभी कभी वाहन चालक दो से तीन पंक्ति में वाहन लगा देते हैं जिससे जाम लग जाता है और आम लोगो को परेशानी होती है। नियम तोड़ने वाले वाहनों को उन्होंने परिवहन कानून के तहत करवाई करने की चेतावनी दी है।उन्होंने बताया कि इसी क्रम में एसडीओ सिमरिया के निदेर्शानुसार तीन हाइवा को नो एंट्री के उलंघन में जब्त किया गया है। जिसपर करवाई की गई है।

### एसपी के सूचना पर सिमरिया पुलिस ने साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**सिमरिया।** चतरा पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया पुलिस ने एक साइबर ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक दीपक सिंह सिमरिया थाना क्षेत्र के जिरवाखुर्द पंचायत अंतर्गत कुरूमडाड़ी गांव का रहने वाला। पुलिस ने गिरफ्तार साइबर ठगी करने वाले युवक के पास से दो मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड, एक बैंक पासबुक, एक डायरी जिसमें गूगल एकाउंट का आईडी पासवर्ड और भागने के लिए प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। साथ ही दीपक के पास से बरामद मोबाइल में दो पुड़िया ब्राउन शुगर भी जब्त किया गया है। ब्राउन शूगर की तस्करी और खरीद बिक्री करने वाले चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसमें सलगी गांव निवासी अंकित कुमार उर्फ गोलू, आजाद नगर सदर के दो भाई सद्दाम, जस्सीम और गिद्धौर निवासी सुनील कुमार का नाम शामिल है। उक्त आशय की जानकारी सिमरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक सूचना मिली थी कि कुरूमडाड़ी एक युवक ऑनलाइन साइबर ठगी घटना को अंजाम दे रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई और एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

### रामलला के दर्शन करने बस से अयोध्या रवाना हुआ जत्था

**चतरा।** भव्य राममंदिर में विराजमान श्री रामलला के दर्शन के लिए ऊँटा से एक जत्था शुक्रवार को बस से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी और गंधरिया मुखिया अनिता यादव ने विदा किया। इस मौके पर बिरजू तिवारी ने कहा कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन करना लोगों के जीवन का एक अविस्मरणीय पल है। वे लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं प्रभु के दर्शन का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। अयोध्या धाम जा रहे प्रत्येक श्रद्धालुओं में खुशी है कि वह अयोध्या जाकर वहां 500 सालों के बाद बने राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे।

## सहायक शिक्षक के निधन पर जताया शोक

**भंडरा।** प्रखंड के सहायक अध्यापकों की बैठक शुक्रवार को बीआरसी भवन के समक्ष बैठक हुआ। जिसमें मध्य विद्यालय पलमी का सहायक अध्यापक स्वर्गीय बुद्धदेव भगत की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया एवं उनके परिवार को सहयोग हेतु विचार विमर्श किया गया। सहायक शिक्षक संग ने कहा कि स्वर्गीय बुद्धदेव भगत की पुत्री जो टेट उत्तीर्ण है उसे हर हाल में सरकार को सहायक शिक्षक के पद में नियुक्ति देनी होगी।

## आंगनबाड़ी सेविका का हुआ चयन

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के जैरागी पंचायत के जैरागी आंवराटोली में आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया। सेविका के चयन हेतु चार महिलाओं का नाम ग्राम सभा में आया। जिनका नाम गांगी तिग्गा, वीना देवी, इस्मिता देवी और रफिला थी। उच्च शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इस्मिता देवी का चयन ग्राम सभा में सर्वसम्मति से किया गया। ग्राम सभा में ग्राम प्रधान सिखु मुंडा, मुखिया रेखा देवी, शिक्षक गण और सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## कर्मयोगी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ समापन



कार्यशाला में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय के जुरिया पंचायत भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों को सीएससी के माध्यम से आम जनता तक दी जाने वाली सेवा, सर्विस के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के रूप में सोनेलाल द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा वैसे सभी सेवा जो आम जनता को पहुँचाया जाना है उसके लिए किस तरह काम करना है उसका शुल्क कितना लेना है, काम के लिए आने वाले ग्रामीणों से किस तरह का बात करना है, इसके अलावे समय समय पर आने वाली योजनाओं की किस तरह प्रचार प्रसार करते हुए काम को करना है ताकि कोई भी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक बड़ी ही आसानी व सहजता के साथ पहुँच सके। क्योंकि सरकार की अधिकांश महत्वाकांक्षी योजनाओं का पहली कड़ी सीएससी होता है ऐसे में पीएम किसान सम्मान निधि, जात्ति, आय, आवसीय प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, ई श्रम कार्ड, रेलवे टिकट सहित अनगिनत ऐसी योजना है जिसे सीएससी संचालक द्वारा एआम जनता के हित में काम किया जाता है और इसके लिए सीएससी संचालक को एक कर्मयोगी कार्यकर्ता बनने की जरूरत है।

## एसपी के नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ चला अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान सेरेंगदाग थाना के ग्राम मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, हुंडी, जुरनी, पीरतोल, हेनहे, चपरोंग, मनहेपात तथा गमहरिया के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया।

अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ग्रामीणों से मिले। मौके पर ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से एसपी को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई की बात कही गई।

अभियान के क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु पोलिंग बूथ का निरीक्षण भी किया गया ' इसी क्रम में ग्राम जूरनी के ग्रामिणों एवम बच्चों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बैग, कोपी, स्टूमेंट बॉक्स, ग्रामीणों के बीच



स्कूली बच्चों के साथ एसपी



फोटो2 बच्चो से बात करते एसपी

कंबल एवम आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया, साथ ही मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील किया है।

इस अभियान में पुलिस अधीक्षक के अलावा सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 158/सी , थाना प्रभारी, सेरेंगदाग,एव सैट 76 के जवान शामिल थे।

## मजदूर किसान विरोधी मोदी सरकार को 2024 में बड़े आंदोलन से उखाड़ फेंके: सरिता

### झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन जिला इकाई गुमला की बैठक संपन्न, संगठन का हुआ पुर्नगठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन जिला इकाई गुमला की बैठक कामरेड महिंद्रा जंक्शन उरांव की अध्यक्षता में पालकोट रोड स्थित केदार बागान शुक्रवार को हुई। जिसमें एक्टू के राज्य कमेटी सदस्य सरिता तिग्गा एवं भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह शामिल हुए। बैठक में झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन का जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें महेंद्र जंक्शन उरांव ,बिष्णु मांझी, सुखदेव उरांव,किशोर एक्का, फूलचंद लोहार ,अनीता तिर्की ,सुशीला उरांव,अनीता तिर्की, सुशीला उरांव, मंजरी देवी, संतोषी लकड़ा,चांगड़े उरांव को जिला कमेटी सदस्य चुना गया। सर्वसम्मति से कामरेड महिंद्रा जंक्शन उरांव को जिला संयोजक और विष्णु मांझी को सहसंयोजक चुना गया। मौके पर उपस्थित राज कमेटी सदस्य (एक्टू) के सरिता तिग्गा ने कहा कि केंद्र की सरकार मजदूर हित में बने 44 श्रम कानून को रद कर 4 श्रम कोड ला कर गरीब मजदूरों को गुलाम बनाने का काम की है। महंगाई और भ्रष्टाचार ऊपर से लादी गई है। उन्होंने कहा कि मजदूर किसान विरोधी मोदी सरकार को 2024 में बड़े आंदोलन के जरिए उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने किसान, बेरोजगारों व छात्रों के देश के अंदर चल रहे आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की है। अंबानी



बैठक में शामिल सदस्य

अडानी जैसे जैसे लोगों की सेवा में समर्पित है। जनता की आवाज उठाने वाले और सरकार के खिलाफ बोलने वालों को ईडी और सीबीआई के जरिए जेल भेजना की कार्रवाई कर रही है। यह सरकार मुद्दा विहीन हो गई है। जाति धर्म उनके मुद्दे हो गए हैं। 2024 में जाति धर्म को लेकर सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। आज की बैठक में तय किया गया की एक्टू कार्यकताओं के नेतृत्व में आंदोलन संगठित कर भाजपा सरकार की विदाई किया जाएगा। बैठक को माला नेता गजेंद्र सिंह ने संबोधित कर कहा की तानाशाही सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर ही देश लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को सुरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर राम बड़ाइक, सुनीता तिर्की, जरा उड़ान, सुमित्रा बड़ा, रुक्मिणी देवी, लाल देवी, अनिमा टीका, रुक्मिणी देवी, लाल देवी, मीना पन्ना, जॉनी उराव, जीवन कक्षा, कांति देवी, चिमनी उरांव, सुमति उरांव, लाल लोहार, दर्शन राव, विश्वनाथ राव, जगन्नाथ उरांव, वीरेंद्र कुमार, भगत, तिलक देव, पितृ सोरेन, बसंत लोहार राखी देवी सुनीता उरांव, अलीशा कुजूर, फूलमानी सुरंग, जितने उरांव, अजय लोहार, सोमारी देवी मंजरी देवी संतोषी लकड़ा ,बिरसाउराव , श्याम बिहारी उरांव नंदलाल रतिया, इतवारी देवी, सुमति देवी, जमुना देवी, विष्णु माझी, किशोर, का फूलचंद लोहार, सुखदेव राव, जांगड़े उराव सहित 100 की संख्या में नेता का उपस्थित थे।

# एक बड़ें बदलाव की आहटः एआई का तूफान दुनिया में घमासान

**डॉ. संजय वर्मा**

**इस** साल 28 मई को जब देश की राजधानी में नई संसद का उद्घाटन हो रहा था, तो उससे थोड़ी ही दूरी पर दिल्ली पुलिस यौन शोषण के आरोपों को लेकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को हटा रही थी। उसी दौरान सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल होने लगी। इस फोटो में प्रदर्शन में शामिल महिला पहलवान विनेश फोगाट और उनकी बहन संगीता फोगाट एक बस में मुस्कुराते दिख रही थीं। ट्विटर से लेकर फेसबुक पर लोग इस फोटो को देखने के बाद प्रदर्शनकारी पहलवानों को टूलकिट बनाने और तरह-तरह की साजिशों की बातें करने लगे। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर देख लो एजेंडा लिखते हुए एक अलग ही नैरेटिव खड़ा करने की कोशिश की। बाद में पता चला कि वह तस्वीर फर्जी (फेक) थी। उसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीक से बदला (मार्फ्ड) गया था। फेक फोटो का भंडाफोड़ करते हुए कुछ लोगों ने एक वीडियो के जरिये दिखाया कि किसी गंभीर, गमगीन या खामोश चेहरे को एआई की मदद से मुस्कुराता हुआ कैसे दिखाया जा सकता है। झूठ को सच, नकली को असली और इसी तरह अंधेरे को उजाले के रूप में दिखाने वाली एआई की तकनीक के तमाम खतरे और भी हैं, जिनमें सबसे बड़ी चुनौती दुनिया इस समय रोजगारों को लेकर महसूस कर रही है। तकरीबन पूरी दुनिया को लग रहा है कि यह तकनीकी तूफान उनकी अच्छी-भली नौकरी खा जाएगा।

**दूसरा पहलू सुविधा का**

हॉलीवुड में हड़ताल करने वाले कथा-लेखकों, तकनीशियनों को ही नहीं, बल्कि दुनिया की आईटी कंपनियों के कर्मचारियों और मीडियाकर्मियों को भी अपनी नौकरी एआई के कारण संकट में पड़ी नजर आ रही है। पर यह एआई का एक पहलू है। इस तकनीक का दूसरा पहलू वह है, जिसमें कई कामकाज इसकी वजह से बेहद आसान हो गए हैं। इसके फायदों को देखते हुए कहा जा रहा है कि एआई एक क्रांतिकारी तकनीक है जिसमें मानवता की उन्नति और विकास के लिए बेहतरीन मौके उपलब्ध कराने की क्षमता है लेकिन इन मौकों का लाभ उठाने के लिए इसके खतरे कम करने होंगे। इस मकसद से दुनिया के कई मुल्कों में एआई संबंधी कानून बनाने पर विचार-विमर्श शुरू हो गया है।

**कंप्यूटर की मिसाल भी**

किसी नई तकनीक का आना और उसे लेकर मानव सभ्यता का भयभीत होना नया नहीं है। बीते कुछ दशकों में ही देखें, तो कंप्यूटर का आगमन हमारे देश और दुनिया में इस आशंका के साथ हुआ था कि यह उपकरण लोगों की नौकरियां खा जाएगा। पर हुआ दरअसल उल्टा। कंप्यूटर और इंटरनेट की बदौलत इतने रोजगार और इतनी संपदा का निर्माण हुआ- जिसकी कल्पना तक नहीं की गई थी। गौर से देखें तो कुछ वैसी ही आशंकाएं एआई को लेकर इस वर्ष यानी 2023 की शुरूआत से बनी हुई हैं। लेकिन एआई के सकारात्मक पक्ष को लेकर वैसी आश्वस्ति नहीं दिख रही है, जैसी बाद में कंप्यूटर और इंटरनेट के संबंध में बन गई थी। इसकी वजह संभवतः यह है कि बीते दो से तीन दशकों में दुनिया को तकनीकी प्रबंधों के फायदे-नुकसान के आकलन की समझ बन गई है। लोग किसी नई तकनीक के आगमन के साथ ही बता देते हैं कि वह अपने मौजूदा स्वरूप में मानव समाज की बेहतरी का रास्ता खोलेगी या बबार्दी का।

**अंकुश के साथ कैसे हो इस्तेमाल**

नौबत ये है कि एक्स (पूर्व में ट्विटर) के



मालिक ईलॉन मस्क से लेकर गूगल के सीईओ तक ये चेतावनी दे रहे हैं कि एआई पर अंकुश लगाना जरूरी है, अन्यथा यह तकनीक इंसान के हाथ से बाहर निकल जाएगी। कई सरकारें इस पर विचार कर रही हैं कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुष्प्रभावों से लोगों को बचाया जाए, जबकि इसके तकनीकी विकास का लाभ भी मिलता रहे। ऐसे देशों में ऑस्ट्रेलिया सबसे आगे है जहां एआई पर अंकुश लगाने के कानूनी मसौदे तैयार किए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में 2018 में एआई पर अंकुश लगाने के लिए एक स्वैच्छिक व्यवहार निर्देशिका अपना ली गई थी। इसमें कॉपीराइट, निजता और उपभोक्ता सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सोच-विचार किया गया था और यह राय बनाई गई थी कि फिलहाल बनाए गए कानून एआई से जुड़े मुद्दों के लिए नाकाफी हैं। इसलिए सरकारों को ऐसे कानूनी ढांचे बनाने होंगे जो इस तकनीक के तमाम पहलुओं पर विचार कर सकें। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, बल्कि यूरोपीय सांसद भी एक ऐसा विस्तृत कानूनी मसौदा तैयार कर रहे हैं, जो एआई से जुड़ी कानूनी चुनौतियों को समझते हुए उसके उपयोग और उससे बचाव के रास्ते सुझा सके। यूरोपीय संघ और अमेरिका में एक ऐसी स्वैच्छिक एआई व्यवहार निर्देशिका तैयार कर ली गई है, जिसे एआई से जुड़े उद्योगों द्वारा अपनाए जाने की उम्मीद है। असल में यूरोपीय आयोग ने एआई पर एक कोड ऑफ कंडक्ट का मसौदा बनाया है जिसका उद्देश्य यह दशार्ना है कि लोकतांत्रिक सरकारें एआई की चुनौतियों से निपटने की क्या तैयारी कर रही हैं। दिलचस्प यह है कि यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच कानूनी प्रावधान बनाने की इस प्रक्रिया में चैटजीपीटी नामक एआई टूल बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के सैम आल्टमन की हिस्सेदारी भी रही है। एआई संबंधी कानून पर विचार करने वाले देशों में चीन भी शामिल है, जो खुद काफी तेजी से एआई के विकास को लेकर शोध कर रहा है।

**कहां तक जाएगी कृत्रिम बुद्धि**

इंसानी सभ्यता के हजारों वर्षों में इतिहास में एक क्रांतिकारी बदलाव तब आया, जब 18वीं सदी से औद्योगिकीकरण की शुरूआत हुई और हमारे बीच मशीनें आईं। मशीनें बिना थके, बिना कोई शिकायत किए दर्जनों या सैकड़ों इंसानों के बराबर काम तुरत-फुरत कर सकती हैं- यह हमने बीते ढाई सौ साल में देख ही लिया है। लेकिन इसमें भी एक बड़ा बदलाव मशीनों के कृत्रिम बुद्धि या कहें कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) से लैस हो जाने पर हुआ है। संक्षेप में एआई कही जा रही तकनीक के क्या-क्या करिश्मे हैं, यह अब आम घरों में उंगली के इशारे पर काम करने वाली वॉशिंग मशीनों, गूगल के एलेक्सा, एप्पल के सीरी से लेकर स्मार्टफोन पर आपके द्वारा की जा रही खोज को पढ़ और समझकर उसी के अनुरूप सामग्री (कंटेंट) आपको गूगल-फेसबुक आदि पर मुहैया कराने की शक्ल में दिख रहे हैं। पर एआई क्या इससे भी आगे जा सकती है। क्या यह कथित तौर पर मशीनों द्वारा इंसानों के कामकाज यानी रोजगार को हड़पने का सबब भी बन सकती है। चैटजीपीटी नामक चैटबॉट (एक तरह का सॉफ्टवेयर) की शक्ल में एआई का जो तूफान दुनिया में उठ खड़ा हुआ है, उसने कुछ ऐसे ही सवाल पैदा कर दिए।

चैटजीपीटी की सनसनी क्या है, इसे लेकर टेस्ला और सोशल मीडिया मंच- ट्विटर के मालिक ईलॉन मस्क ने कुछ वक्त पहले एक टिप्पणी की थी। उन्होंने अपने एक ट्वीट में लिखा था कि चैटजीपीटी की इस ह्यनई दुनियाह्ल में, कोई भी जल्द ही होमवर्क को ह्यअलविदाह्ल कह सकता है। मालूम नहीं है कि मस्क की यह टिप्पणी एक तंज है या वास्तविक खतरे का ऐलान, लेकिन कुछ जगहों पर इसे सहज मानवीय बुद्धि के विकास के लिए घातक माना जाने लगा है। दुनिया भर के विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में यह व्यवस्था बना दी गई है कि छात्र अपने असाइनमेंट और होमवर्क पूरा करने के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल नहीं कर पाएं। स्कूल-कॉलेजों के सर्वर से जुड़े कंप्यूटरों पर चैटजीपीटी को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यदि यह पूछा जाए कि क्या चैटजीपीटी स्कूल-कॉलेज के गृहकार्य या किसी शोध प्रस्ताव आदि का मसौदा व परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाली सामग्री तैयार कर सकता है और उसे अकादमिक या साहित्यिक चोरी के अंश के रूप में पकड़ा नहीं जा सकता है। तो इसका एक जवाब तब मिला था, जब दिसंबर 2022 में अंग्रेजी अखबार- वॉल स्ट्रीट जर्नल ने स्कूल में दाखिले की प्रवेश प्रक्रिया संबंधी साहित्यिक परियोजना अपने पत्रकार के जरिये चैटजीपीटी की मदद से पूरी करवाई। यूं तो चैटजीपीटी ने उस प्रोजेक्ट के लिए दिए गए विषय पर बहुत ही साधारण सामग्री तैयार की थी, लेकिन पाया गया कि एक ऐसे छात्र- जिसे शोध का कोई पूर्व अनुभव नहीं है, को दाखिला देने लायक बी+ ग्रेड उस सामग्री पर मिल सकता था। यानी चैटजीपीटी से कोई असाधारण सामग्री या उत्तर भले न मिले, लेकिन कामचलाऊ से बेहतर नतीजा इससे मिल सकता है। सिर्फ लेखन सामग्री (टेक्स्ट) ही नहीं, बल्कि ऊं'-ए जैसे एआई प्लेटफॉर्म साधारण फोटो को करिश्माई तस्वीरों में बदल सकते हैं, उन्हें पेंटिंग्स में भी ढाल सकते हैं। इसे लेकर दुनिया भर के कलाकारों-चित्रकारों ने भी चिंता जताई है क्योंकि इससे मौलिकता नष्ट हो रही है।

# दुनिया पहली बार तकनीक से डर रही है

**प्रशांत झा**

**जब आया तकनीक का डर**

एआई आज की देन नहीं है। पिछले छह-सात दशकों में इस क्षेत्र में काफी काम हुआ है और बताते हैं कि वर्ष 1952 में जब कंप्यूटर ने ह्यनॉट्स एंड क्रॉसेजह्ल नाम के एक खेल में इंसान को पराजित किया था, तो उसे एआई की करामात माना गया था। वर्ष 1955 में एमेरिट्स स्टैनफोर्ड के प्रोफेसर जॉन मैक्कार्थी ने जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ह्यबुद्धिमान मशीनें बनाने के विज्ञान और इंजीनियरिंगह्ल के रूप में पारिभाषित किया था, तब इसे लेकर ज्यादा जिज्ञासाएं नहीं थीं। इसके बाद के प्रसंग नब्बे के दशक और आगे के वक्त से जुड़े हैं। वर्ष 1994 में खेल चेकर्स में भी एआई से लैस मशीन यानी कंप्यूटर ने ही जीत दर्ज की थी और सबसे दिलचस्प किस्सा वर्ष 1996 और 1997 का है। वर्ष 1996 में आईबीएम का सुपर कंप्यूटर डीप ब्लू विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पारोव से फिलाडेल्फिया में हार गया था। लेकिन अगले ही साल यानी 1997 में सुपर कंप्यूटर ह्यडीप ब्लूह्ल ने शतरंज के विश्व चैंपियन गैरी कास्पारोव को हराकर पूरी दुनिया में सनसनी फैला दी थी। तभी से कहा जाने लगा कि एक दिन इंसान मशीनों से हार जाएगा। इस वाकये पर एक वृत्तचित्र- ह्यगेम ओवर : कास्पारोव एंड द मशीनह्ल भी बनाया गया। यहां से सुपर कंप्यूटरों और एआई का हौवा खड़ा होने लगा। अब से करीब 12 साल पहले इस 2011 में आईबीएम के ही एक अन्य सुपर कंप्यूटर वॉटसन ने एक क्विज शो ह्यजियोपार्डीह्ल में इस क्विज के दो महान चैंपियनों क्रमशः ब्रैड रट्टर और केन जेनिंग्स को भारी अंतर से हराया तो कहा जाने लगा कि आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस अब इंसानों को पछाड़ने की भूमिका में आ गई है।

**खेल से आगे की आशंका**

एक अहम बदलाव 2014 में गूगल के डीपमाइंड की कंप्यूटरीकृत मशीन के साथ हुआ। वीडियो गेम्स खेलने में महारत रखने वाली और खुद-ब-खुद सीखने वाली इस मशीन को इंसानी दिमाग से टक्कर लेने वाला माना जाता रहा है। इस मशीन ने अपने कंप्यूटर प्रोग्राम की मदद से वीडियो गेम्स खेलना सीख लिया और 50 खेलों में उसका प्रदर्शन किसी पेशेवर खिलाड़ी जैसा या उससे बेहतर रहा। इस आधार पर गूगल डीप माइंड के शोधकताओं ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ, जब एक मशीनी सिस्टम ने कई किस्मों के जटिल काम सीखकर उनमें इंसानों पर अपनी श्रेष्ठता साबित की। पर किसी कंप्यूटरीकृत खेल में मशीन का आगे निकलना इतना खतरनाक नहीं समझा गया, जिससे कि इंसान मशीन के सामने बौना साबित हुआ हो।

**महामारी के बाद की स्मार्ट देन**

हालांकि इक्कीसवीं सदी के आरंभिक दो दशकों तक भी एआई को खतरे की बजाय सहयोगी की भूमिका में ज्यादा देखा गया। लेकिन कोरोना वायरस से पैदा महामारी कोविड-19 का दौर थमा और 2022 के मध्य से दुनिया का कामकाज पटरी पर लौटा, तो एआई की एक स्मार्ट देन- चैटजीपीटी का आगमन एक धमाके की तरह हो गया।

चैटजीपीटी को आए तकरीबन एक साल होने को है और हालात ये हैं कि हाल में अमेरिका के ऑथर्स गिल्ड ने दस हजार लेखकों के समर्थन वाला एक खुला खत लिखा है, जिसमें एआई कंपनियों से आग्रह किया गया है कि वे कॉपीराइट के तहत सुरक्षित सामग्री का बिना इजाजत और बिना भुगतान इस्तेमाल नहीं करें। यही नहीं, कई देशों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सख्त और कड़े कानून बनाए जाने की तैयारी भी चल रही है। ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित कानून के अंतर्गत डीप फेक और दिखने

# पाकिस्तान को हैवानों ने बना दिया 'ना'पाकिस्तान

**मुकुंद**

**पाकिस्तान** में कम उम्र के लड़के और लड़कियां न तो अपने घरों के भीतर महफूज हैं और न ही बाहर। इस मुल्क के प्रतिष्ठित 'जिओ न्यूज' चैनल की वेबसाइट पर उपलब्ध यह रिपोर्ट सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है। यह रिपोर्ट बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन "साहिल" ने गुरुवार को जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में कम से कम 4,213 बच्चों को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इस वर्ष औसतन प्रतिदिन 11 बच्चों को इस पीड़ा का सामना करना पड़ा। इस रिपोर्ट को 'क्रूएल नंबर्स 2023' शीर्षक से पाकिस्तान के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से जारी किया गया है। आयोग ने रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि पिछले साल इस्लामाबाद, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान समेत सभी चार प्रांतों से कुल 4,213 बाल दुर्व्यवहार के मामले सामने आए। रिपोर्ट से साफ है कि इन बच्चों का यौन शोषण ही नहीं किया गया, बल्कि उन्हें अपहरण कर बाल विवाह के दोजख के दावानल में झोंक दिया गया।

साल 2023 में इस नरक से 2,251 लड़कियों और 1962 लड़कों को गुजरना पड़ा। इनमें से अधिक संख्या 6-15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की है। हद तो यह है कि हैवानों ने पांच वर्ष तक के बच्चों की आबरू पर डाका डाला। ऐसा करने में रिश्तेदार और परिवार के सदस्य भी पीछे नहीं रहे। आयोग की चेयरपर्सन राबिया जावेरी आगा का कहना है कि आंकड़े डरावने हैं। कुल 4,213 रिपोर्ट किए गए मामलों में से 75 फीसद पंजाब से, 13 फीसद सिंध से, सात प्रतिशत इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र से, तीन प्रतिशत खैबर पख्तूनख्वा और दो प्रतिशत बलूचिस्तान से हैं। आगा ने कहा, "हमें बाल शोषण के मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा। "साहिल" के आंकड़े वास्तव में क्रूर हैं, लेकिन एक वास्तविकता है जिसका हमें सामना करना होगा। इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए, यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार के पास अभी भी बाल शोषण पर कोई अधिसूचित राष्ट्रीय कार्ययोजना नहीं है।"

बच्चों के साथ जुल्म-ओ-सितम की। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक भी महफूज नहीं हैं। पिछले साल जस्ट अर्थ न्यूज इस मसले पर एक रिपोर्ट छापी थी। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यक समूह के खिलाफ बढ़ते अपराधों का विश्लेषण किया गया।

# ये बैंक दे रहे सबसे कम ब्याज दरों पर लोन

कई बैंक आकर्षक एटक और आसान रीपेमेंट विकल्पों के साथ कार लोन दे रहे हैं। इससे लोन लेना कई खरीदारों के लिए एक किफायती विकल्प बन गया है।

नई कार खरीदने की सोच रहे हैं? होली का त्योहार नया वाहन खरीदने का एक अच्छा मौका हो सकता है। कई बैंक आकर्षक एटक और आसान रीपेमेंट विकल्पों के साथ कार लोन दे रहे हैं। इससे लोन लेना कई खरीदारों के लिए एक किफायती विकल्प बन गया है। आप अपनी पसंद के अनुसार बैंक का चुनाव कर सकते हैं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इस संबंध में सबसे आगे है, जो 8.70 प्रतिशत से लेकर 10.45 प्रतिशत तक की आकर्षक ब्याज दर ऑफर कर रहा है, जिसके साथ 1,000 रुपये की प्रोसेसिंग फीस भी शामिल है। लोन पर प्रोसेसिंग फीस एक बार की फीस है जो बैंक लोन आवेदन के प्रोसेसिंग और अप्रूवल से जुड़ी लागतों को कवर करने के लिए लगाते हैं।

पंजाब नेशनल बैंक दूसरे स्थान पर है, जिसकी ब्याज दरें 8.75 प्रतिशत से 10.60 प्रतिशत के बीच हैं। उनकी प्रोसेसिंग फीस लोन राशि की 0.25 प्रतिशत निर्धारित है। इस तरह से आपको प्रोसेसिंग फीस के तौर पर 1000 रुपये से 1500 रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को कैबिनेट की मंजूरी, 75 हजार करोड़ रुपये के खर्च से रोशन होंगे 1 करोड़ घर

बैंक ऑफ बड़ौदा कार लोन के लिए विभिन्न ब्याज दरों और प्रोसेसिंग फीस के साथ अलग-अलग स्कीम ऑफर करता है। यह खरीदारों को अपनी वित्तीय स्थिति के अनुसार सबसे उपयुक्त योजना चुनने की अनुमति देता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा कार लोन के कुछ मुख्य फीचर्सः

ब्याज दरः 8.75% से 12.10% तक

प्रोसेसिंग फीसः अधिकतम 2,000 रुपये

प्राइवेट बैंकों में, [illegible] बैंक 8.75 प्रतिशत से ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है, जिसमें 5 साल की अवधि के लिए 5 लाख रुपये की लोन राशि पर 10,319 रुपये की शुरूआती एटक और 0.50 प्रतिशत (3,500 रुपये-8,000 रुपये) की प्रोसेसिंग फीस है।

यहां 18 बैंकों द्वारा लोन दरों, एटक और प्रोसेसिंग फीस के साथ ऑफर किए गए कार लोन पर तैयार की गई एक लिस्ट हैः

पॉलिसी बाजार द्वारा बनाई गई टेबल में अलग-अलग बैंकों द्वारा कार लोन पर दिए जाने वाले लोन के बारे में बताया गया है, जो यूको बैंक से 8.45 प्रतिशत से शुरू होती है और सिटी यूनियन बैंक में 14.85 प्रतिशत तक जाती है। एटक में भी काफी भिन्नता है, केनरा बैंक 5 लाख रुपये के लोन के लिए सबसे कम एटक ऑफर कर रहा है, यह एटक 10,307 रुपये की है।जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सबसे अधिक 11,377 रुपये की पेशकश की। प्रोसेसिंग फीस को लेकर भी अलग-अलग बैंक की पॉलिसी अलग-अलग है। केनरा बैंक एक सीमित अवधि के लोन के लिए कोई भी प्रोसेसिंग फीस नहीं लेता है। 10 हजार रुपये तक की प्रोसेसिंग फीस चार्ज करता है।

# शबरी सामाजिक समरसता और नारी भावना के उच्चतम सम्मान का अद्भुत प्रसंग

**– रमेश शर्मा**

भक्त शिरोमणि शबरी वनवासी भील समाज से थीं। फिर भी मातंग ऋषि के गुरु आश्रम की उत्तराधिकारी बनी। रामजी ने उनके जूठे बेर खाये। यह कथा भारतीय समाज की उस आदर्श परंपरा का उदाहरण है कि व्यक्ति को पद, स्थान और सम्मान उसके गुण और योग्यता से मिलता है जन्म या जाति से नहीं।

भक्त शिरोमणि शबरी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी को हुआ था। इस वर्ष यह तिथि दो मार्च को है। उनका जन्म त्रेतायुग अर्थात रामायण काल में हुआ था। इस काल खंड की अवधि पर भारतीय वाड्मय के आकलन और पश्चिम जगत की गणना में जमीन आसमान का अंतर है, इसलिये यह नहीं कहा जा सकता कि माता शबरी का जन्म किस सन् संवत में हुआ था। यह कथा बाल्मीकि रामायण और तुलसीकृत रामचरित मानस के अरण्य काण्ड में है। इसके अतिरिक्त पद्म पुराण सहित कुछ अन्य ग्रंथों में है। इसलिये माता शबरी की कथा के यथार्थ पर संदेह करने का प्रश्न नहीं उठता। यह कथानक केवल किसी घटना या रामायण काल के पात्र का विवरण भर नहीं है। यह प्रसंग सफलता प्राप्त करने के लिये समर्पण और एकाग्रता का संदेश देता है।

देवि शबरी का समर्पण गुरु सेवा में भी है और राम भक्ति में भी है। इसके साथ शबरी कथा में भारतीय समाज जीवन की व्यवस्था का यह दर्शन भी मिलता है कि भारतीय समाज जीवन में किसी को सम्मान या स्थान जन्म और जाति के आधार पर नहीं मिलता अपितु उसके लिये गुण, कर्म और योग्यता आवश्यक है। योग्यता के आधार पर ही देवि शबरी ऋषि आश्रम की प्रमुख बनीं। उनका जन्म वनवासी भील समाज में हुआ था। जीवन की कुछ घटनाओं से उनके मन में संसार के प्रति विरक्ति का भाव जागा और योग्य गुरु की खोज में निकल पड़ीं। गुरु की खोज करते-करते वे मातंग ऋषि के आश्रम पहुँची। उन्हें आश्रम के भीतर जाने में संकोच हुआ तो उन्होंने आश्रम से बाहर रहकर ही गुरु सेवा का संकल्प लिया। वे उस मार्ग की सफाई करने लगीं जिस मार्ग से ऋषि प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के लिये जाते थे। इसके साथ वे जंगल से लकड़ियाँ लाकर आश्रम में पहुंचाने लगीं।

मातंग ऋषि को यह जानने की जिज्ञासा हुई कि कौन से जो यह सेवा कर रहा है। शिष्यों ने खोजा और देवि शबरी को ऋषि के सामने लाये। प्रसन्न होकर



मातंग ऋषि ने देवी शबरी को अपने आश्रम में स्थान दिया। देवी शबरी ने अपना जीवन गुरु सेवा में अर्पित कर दिया। ऋषि सेवा करतीं और उनके प्रवचन सुनकर प्रभु भक्ति में लीन हो जातीं। उनकी लगन और समर्पित सेवा ने उन्हें पूरे आश्रम में विशिष्ठ बना दिया। महर्षि मातंग इतने प्रभावित हुये कि वे जब अपना शरीर त्यागने लगे तो उन्होंने देवि शबरी को ही अपने आश्रम का उत्तराधिकारी बनाया। अर्थात वनवासी समाज में जन्मी स्त्री महर्षि मातंग आश्रम की उत्तराधिकारी बनीं। देवी शबरी ने ऋषि आश्रम में अपना महत्व अपनी सेवा और समर्पण से बनाया था न कि अपने जन्म जाति के आधार पर।

यह कथा भारतीय समाज के बारे में किये जाने वाले उन सभी दुष्प्रचारों का खंडन करती है जिनमें कहा जाता है कि भारत में जन्म और जाति के आधार पर भेदभाव होता था और स्त्री को पढ़ने लिखने का अधिकार नहीं था। हो सकता है कुछ अपवाद स्वरूप कुछ घटनाएँ हुईं हों, पर पूरा समाज ऐसा नहीं था। जैसे किसी गाँव में दो-चार चोर रहते हों किंतु उन दो-चार की कहानी को प्रचारित कर पूरे गाँव को बदनाम किया जाए। विदेशी विचारकों ने अपनी सत्ता को मजबूत बनाने के लिये ऐसी कूटरचित घटनाओं का उल्लेख किया और समाज को बांटने का षड्यंत्र किया। वह जन मानस में कुछ इस प्रकार बैठा कि बड़ी संख्या में भारतीय जन जन्म और जाति आधार को ही मुख्य मानने लगे। ऐसी तमाम साहित्य रचना मध्यकाल में ही हुई। यदि भारत में वनवासी समाज को हेय समझा जाता या स्त्री को शिक्षा से वंचित रखा जाता तो न देवी शबरी को ऋषि आश्रम में रहने का स्थान मिलता और न ऋषि आश्रम की उत्तराधिकारी बनतीं। वेदों की ऋषिकाएँ, ऋषि आश्रम की गुरु माताएँ ही नहीं, भारत में शिक्षा प्रमुख कोई देवता नहीं देवी सरस्वती हैं।

मातंग ऋषि त्रिकाल दर्शी थे। वे जानते थे कि अयोध्या में भगवान नारायण का अवतार होने वाला है और वे इसी मार्ग से निकलेंगे। महर्षि मातंग ने यह रहस्य भी केवल देवी शबरी को ही बताया था और देवी शबरी भक्ति में डूबकर रामजी की बाट जोहने लगीं। वर्षों तक राह देखी। तब उनकी साध पूरी हुई और जब रामजी आये तो वे विहल हो उठीं। इतनी विहल कि अतिथि सम्मान की सभी औपचारिकता ही भूल गईं। दौड़ कर ताजा बेर तोड़ कर लाईं। कोई खट्टा बेर प्रभु के मुँह का स्वाद न बिगाड़ दे, यह सोचकर एक एक बेर चखकर खिलाने लगीं। रामजी भी भक्ति विभोर होकर जूठे बेर भी स्वाद से खाने लगे।

रामजी देवी शबरी के आश्रम में जाने से पहले महर्षि अत्रि के आश्रम भी गये थे, जहाँ देवी अनुसुइया ने माता सीता को उपदेश किया था। माता अनुसूइया उपदेश करती हैं और देवी शबरी ऋषि आश्रम की प्रमुख हैं। रामायण काल के इन दोनों प्रसंगों में यह स्पष्ट संदेश है कि भारतीय समाज में नारी आश्रम प्रमुख भी रही हैं और उपदेशकर्ता भी हैं।

रामायण काल में भील वनवासी समाज में जन्मी देवी शबरी को ही आश्रम और भक्ति में उच्च स्थान नहीं मिला। रामजी ने निषात, किरात, केवट आदि समाज से संबंधित व्यक्तियों को मित्रता का सम्मान दिया था। यह सभी प्रसंग भारतीय समाज के समरस स्वरूप को ही सामने लाते हैं।

शबरी प्रसंग में संकल्प की सार्थकता के लिये एकाग्रता और समर्पण से कार्य करने का संदेश भी मिलता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिये एकाग्रता, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है। देवी शबरी ने एकाग्रता और समर्पण से गुरु सेवा भी की और रामजी की प्रतीक्षा भी एकाग्रता और समर्पण से की। मातंग ऋषि के आश्रम में जाने के लिये देवी शबरी ने सेवा का मार्ग चुना और उसपर आजन्म पालन किया। गुरु या शिक्षक के प्रवचन या व्याख्यान से तो ज्ञान मिलता ही है। साथ ही समर्पित शिष्य की आत्मशक्ति गुरु या शिक्षक के आत्मिक अनुराग से भी जाग्रत होती है जो उसे अन्य सहपाठियों से विशिष्ट बनाती है।

जीवन को सफल और सार्थक बनाने के लिये समर्पण युक्त कर्म कर्तव्य चाहिये और प्रभु के मन में विशिष्ठ स्थान बनाने के लिये भी भक्ति का समर्पण चाहिये। देवी शबरी ने एकाग्र और समर्पण भाव गुरु सेवा भी की थी और रामजी की राह भी देखी। दिनरात उन्हीं का स्मरण किया। भक्ति के समर्पण की यह पराकाष्ठा किसी अन्य भक्त में नहीं मिलती। यह उनके समर्पण का सम्मोहन ही था कि प्रभु राम उनके जूठे बेरों का भी आनंद लेते रहे। देवी शबरी की यह कथा रामजी के भक्त वत्सल स्वरूप को तो सामने लाती ही है। साथ ही यह संदेश भी देती है कि व्यक्ति को अपने वांछित उद्देश्य की पूर्ति एकाग्रता और समर्पण से कार्य करने से ही होती है। वह सफलता पद प्रतिष्ठा प्राप्त करने की हो या प्रभु को प्राप्त करने की हो।